

जबलपुर मंगलवार 22 सितंबर 2026 > शक संवत 1948, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, डोल ग्यारस
वर्ष 32 अंक 85 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

अब हर रोज दर्पण ▸▸ 3

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.9°C
न्यूनतम तापमान 23.0 °C
सूर्योदय - 5.59 | सूर्यास्त - 6.07


स्वतंत्रमत समाचार पत्र खबरों का बादशाह,... ▸▸ 4


आवाज दे कहाँ है, दुनिया मेरी जवां है... ▸▸ 7


हर्ष राइस इंडस्ट्रीज संचालक ... ▸▸ 8

# गिरफ्तारी की वजह नहीं बताई तो गैरकानूनी कहलाएगा एक्शन

## सुप्रीम कोर्ट ने तय किए नियमः दोबारा पकड़ने से पहले मजिस्ट्रेट की मंजूरी जरूरी

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे गिरफ्तारी की वजह लिखित में बताना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी गैरकानूनी मानी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसी गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति को रिहा कर दिया जाता है और जांच एजेंसी उसे दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है, तो पुलिस सीधे उसे नहीं पकड़ सकती। इसके लिए पहले मजिस्ट्रेट से मंजूरी लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली गिरफ्तारी में नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच होगी। दोबारा गिरफ्तारी की स्थिति में मामले की आगे की जांच किसी दूसरे अधिकारी को सौंपी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिस अधिकारी ने पहली गिरफ्तारी में संवैधानिक नियम का उल्लंघन किया, उसे दोबारा गिरफ्तारी का फैसला लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। दोबारा गिरफ्तारी की अर्जी पर उसके सीनियर अधिकारी की सहमति भी जरूरी होगी। कोर्ट ने ये टिप्पणियां शिरोमणि अकाली दल से जुड़े मुल्लांपुर दाखा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जसरकरनजीत सिंह की अपील पर कीं। नाबालिग से यौन अपराध के आरोपों से जुड़े मामले में उनकी गिरफ्तारी की वजह लिखित में नहीं बताई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी माना। सिंह ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें स्थानीय अदालत के उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताने और तत्काल रिहाई के आदेश पर रोक लगा दी गई थी।



### समझ आने वाली हो भाषा

जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस अतुल चंद्रकुर की बेंच ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत आरोपी को गिरफ्तारी की वजह लिखित में और ऐसी भाषा में बतानी होगी, जिसे वह समझ सके। इसकी कॉपी भी उसे जल्द से जल्द देनी होगी। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि व्यक्ति का मौलिक और वैधानिक अधिकार है। इसका उल्लंघन होने पर गिरफ्तारी असंवैधानिक हो जाएगी और आरोपी को तत्काल रिहाई का अधिकार होगा।

### मजिस्ट्रेट को अर्जी देना जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर अनुच्छेद 22(1) के उल्लंघन के कारण व्यक्ति को रिहा किया जाता है और जांच एजेंसी को उसकी हिरासत जरूरी लगती है, तो दोबारा गिरफ्तारी के लिए मजिस्ट्रेट के सामने अर्जी देनी होगी। अर्जी में ये 3 बातें बतानी होंगी –

▸▸ 1. दोबारा गिरफ्तारी की वजह और उसकी जरूरत।
▸▸ 2. पहली बार गिरफ्तारी के समय कारण क्यों नहीं बताए गए।
▸▸ 3. आरोपी को गिरफ्तारी की वजह लिखित में देने के बाद ही अर्जी दाखिल की जाएगी।

### दोबारा गिरफ्तारी को लेकर निर्देश

**जांच दूसरे अधिकारी को सौंपी जाएगी :-** सीनियर अधिकारी मामले की आगे की जांच किसी दूसरे पुलिस अधिकारी को सौंपेगा। पहली गिरफ्तारी में गलती करने वाले अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच होगी। गलती साबित होने पर कार्रवाई होगी और सर्विस बुक में रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा।

**चार्जशीट से गिरफ्तारी वैध नहीं होगी :-** बाद में चार्जशीट दाखिल करने या कोर्ट के संज्ञान लेने से गैरकानूनी गिरफ्तारी सही नहीं हो जाएगी। आरोपी को नुकसान साबित करने की जरूरत भी नहीं होगी।

**अनुच्छेद 22(1) सभी गिरफ्तारियों पर लागू :-** अनुच्छेद 22(1) सामान्य और विशेष, दोनों तरह के मामलों में हुई गिरफ्तारियों पर लागू होता है। कोर्ट ने इसे मौलिक संवैधानिक सुरक्षा बताया।

**रिहाई को जमानत नहीं माना जाएगा :-** अनुच्छेद 22(1) के उल्लंघन पर रिहाई को जमानत नहीं माना जाएगा। इसे गैरकानूनी हिरासत से रिहाई माना जाएगा। अनुच्छेद 22(2) के उल्लंघन पर भी दोबारा हिरासत मांगने के लिए यही प्रक्रिया अपनानी होगी। जरूरत पड़ने पर हाईकोर्ट मुआवजा भी दे सकता है।

## कूनो में नामीबियाई चीता गौरव की मौत

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क में सोमवार को नामीबिया से लाए गए चीते गौरव की इलाज के दौरान मौत हो गई। पार्क प्रबंधन के मुताबिक, गौरव की उम्र 10 साल से ज्यादा थी। उसे 12 सितंबर को जंगल में कमजोर और सुस्त हालत में पाया गया था। इलाज के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और शाम करीब 4 बजे उसने दम तोड़ दिया। कूनो प्रबंधन के अनुसार, 12 सितंबर को गौरव को जंगल में कमजोर और सुस्त हालत में पाया गया था। जांच में उसकी मांसपेशियां कमजोर मिलीं और वह गंभीर डिहाइड्रेशन से जूझ रहा था।

## जेल में तंबाकू के लिए कैदी की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी जेल के अंदर एक अंडरट्रायल कैदी की हत्या का मामला सामने आया है। आर्म्स एक्ट के मामले में जेल में बंद प्रमोद नामक कैदी की आपसी रंजिश के चलते हत्या कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, मृतक प्रमोद जेल के अंदर तंबाकू बेचने का काम करता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी बात को लेकर कैदियों के बीच कहासुनी और विवाद हुआ था, जिसके बाद यह खौफनाक कदम उठाया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जेल के अंदर साथी कैदियों भोला और मुकेश पर प्रमोद पर धारदार हथियार से हमला करने का गंभीर आरोप लगा है।



## बिहार की सड़कों पर सुरक्षित क्यों नहीं हैं लड़कियांः राहुल

### जमुई छेड़खानी मामले में सरकार से मांगा जवाब

**पटना।** बिहार के जमुई में लड़की से छेड़खानी और बदसलूकी का वीडियो की चर्चा पूरे देश में हो रही है। राष्ट्रीय जनता दल के बाद अब कांग्रेस ने भी इस मामले पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला बोला है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर इस मामले पर सीएम सम्राट चौधरी सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिहार के जमुई का एक वीडियो बेहद बेचैन करने वाला है। दसवीं कक्षा के एक छात्र और छात्रा को रास्ते में जबरन रोक लिया गया। उन्हें प्रताड़ित किया गया, अपमानित किया गया और छात्रा के साथ कथित तौर पर उत्पीड़न किया गया। बच्ची हाथ जोड़कर उसे जाने देने की विनती करती रही, लेकिन आरोप है कि वहां मौजूद लोग उसे गलत तरीके से छूते और उसके साथ खींचतान करते रहे। राहुल गांधी ने पूछा कि इन लोगों को ऐसी बदतमीजी करने का अधिकार किसने दिया? यह 'संस्कृति' नहीं है, यह पितृसत्तात्मक सोच है। एक ऐसी सोच, जिसमें यह मान लिया जाता है कि किसी भी पुरुष का किसी लड़की के शरीर, उसके आने-जाने और उसकी पसंद-नापसंद पर नियंत्रण है। जब नियंत्रण को ही संस्कृति मानकर 'अंधभक्त' ऐसी सोच को सामान्य ठहराने लगते हैं, तो भीड़ को लगने लगता है कि वही कानून है। राहुल ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मांग की है कि वीडियो में दिखाई दे रहे हर व्यक्ति की पहचान होनी चाहिए और आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो के तहत मुकदमा चलाकर जल्द से जल्द सजा दिलाई जानी चाहिए। अगर यह घटना 19 सितंबर की है, तो सवाल है कि आरोपी अब तक सलाखों के पीछे क्यों नहीं हैं? उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार को जवाब देना चाहिए कि शाम सात बजे कोई लड़की राज्य की सड़कों पर सुरक्षित क्यों नहीं है?

## भारतीय सेना के टैंकों की ताकत बढ़ाएगा स्वदेशी एपीयू



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के टी-72 और टी-90 टैंकों की ऑपरेशनल क्षमता को मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 586 करोड़ रुपये का बड़ा करार किया है। इस करार के तहत इन दोनों टैंकों के लिए स्वदेशी ऑक्जिलरी पावर यूनिट यानी एपीयू खरीदे जाएंगे। एपीयू टैंक की कई अहम प्रणालियों को बिजली उपलब्ध कराने का काम करता है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, स्वदेशी एपीयू को शामिल करने से सेना की मैकेनाइज्ड फॉर्मेशन की तैयारियों, विश्वसनीयता और लंबे समय तक संचालन की क्षमता को मजबूती मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने 21 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में एक्यूरेट इंडस्ट्रियल कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ यह अनुबंध किया। करार पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए। इसके तहत टी-72 और टी-90 टैंकों में स्वदेशी रूप से विकसित एपीयू लगाए जाएंगे। मंत्रालय के अनुसार, यह खरीद बख्तरबंद प्लेटफॉर्म से जुड़े महत्वपूर्ण सिस्टम के स्वदेशीकरण की दिशा में एक अहम कदम है। इसके साथ ही यह मेक-।। के तहत उद्योग के नेतृत्व में किए गए शोध और विकास को उत्पादन और सेना में शामिल करने की प्रक्रिया की सफलता को भी दिखाता है। एपीयू टैंक में बिजली पैदा करने का एक वैकल्पिक स्रोत है। इसका इस्तेमाल फायर कंट्रोल सिस्टम, फायरिंग सर्किट और गन स्टेबलाइजेशन सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण प्रणालियों के लिए किया जाता है। इसके अलावा टैंक की दूसरी सहायक प्रणालियों को भी एपीयू से बिजली मिल सकती है।

### सेना को क्या होगा फायदा?

मंत्रालय के मुताबिक, स्वदेशी एपीयू को टैंकों में शामिल करने से भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड फॉर्मेशन की ऑपरेशनल रेडिनेस मजबूत होगी। साथ ही टैंकों की विश्वसनीयता और सस्टेनेबिलिटी यानी लंबे समय तक प्रभावी तरीके से काम करने की क्षमता में सुधार होगा। एपीयू का स्वदेशी विकास होने से महत्वपूर्ण सिस्टम के लिए घरेलू तकनीक और उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। यह करार सेना की जरूरतों को देश में विकसित तकनीक के जरिए पूरा करने की दिशा में भी अहम कदम है।

# राम मंदिर में 70 नहीं, 105 बार चढ़ावा चोरी

## सुप्रीम कोर्ट में एसआईटी बोली- सभी घटनाएं सीसीटीवी में रिकॉर्ड

नई दिल्ली/अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी केस में बड़ा खुलासा हुआ है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में चढ़ावा चोरी की 70 नहीं, 105 घटनाएं कैद हुई हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट को जांच की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य सबूतों की जांच कर आरोपियों की पहचान की है। चढ़ावे और कीमती सामान की रसीदें सॉफ्टवेयर के जरिए तैयार होती हैं और सामान एसआईटी के लॉकर में रखा जाता है। कोर्ट ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट



को रिकॉर्ड पर ले लिया है। इससे पहले 23 जून को पहली एसआईटी ने अपनी प्राइमरी जांच रिपोर्ट प्रदेश सरकार को सौंपी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 27 अप्रैल से 5 जून के बीच सीसीटीवी में लगभग 70 संदिग्ध घटनाएं कैद हुईं थीं। फुटेज में पुलिस की गिरफ्त में आए 8 आरोपी नोटों की गड्डियां जेब और जूतों में छिपाते हुए दिखे थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दूसरी एसआईटी बनाई गई है, जो जांच कर रही है।

### 25 सितंबर तक चार्जशीट दाखिल होगी

सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि एसआईटी 25 सितंबर तक चार्जशीट दाखिल कर देगी। सुप्रीम कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को कानून के मुताबिक चार्जशीट पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ताओं ने एसआईटी रिपोर्ट की कॉपी मांगी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे देने से इनकार कर दिया। सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि वह मामले को सेशन जज के अधिकार क्षेत्र से बाहर नहीं करना चाहती। जरूरत पड़ने पर कोर्ट आगे की जांच के संबंध में आदेश जारी कर सकता है।

## मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द, नए सिरे से होगी सुनवाई

### सोनिया गांधी की नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम पर कोर्ट का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** भारतीय नागरिकता मिलने से तीन साल पहले 1980 में मतदाता सूची में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम जुड़वाने के मामले में राउज एवेन्यू की विशेष अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश से इनकार करने वाले मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को रद कर दिया है। सत्र अदालत ने 2025 में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश को रद्द कर दिया है। मामले को नए सिरे से सुनवाई और कारण स्पष्ट करने वाला आदेश पारित करने के लिए वापस भेज दिया गया है। मजिस्ट्रेट अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली शिकायत को खारिज कर दिया था। सत्र अदालत ने कहा कि शिकायत को एक अप्रमाणित रिकॉर्ड की फोटोकॉपी के आधार पर महज एक तथ्यात्मक दावा मानकर खारिज किया गया था। अदालत ने कहा कि यह आदेश रद्द किए जाने योग्य है। मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए 29 सितंबर को सूचीबद्ध किया गया है।

## स्लीमनाबाद टनल का काम पूर्णता की ओर

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खेती-किसानी विशेषकर उद्यानिकी और प्राकृतिक खेती में रीवा का जवाब नहीं। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत और लगन से यहां धान, गेहूं, चना, मसूर, अलसी और सोयाबीन का भरपूर उत्पादन हुआ है। इससे रीवा जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रीवा जिले में हुए बलराम कृषि महोत्सव में किसानों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से कहा कि स्लीमनाबाद टनल का काम तेजी से पूरा होने की ओर है। इस टनल के पूरा होते ही रीवा जिले के खेतों तक नर्मदाजी का पावन जल पहुंचेगा। इससे क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल की सुविधा बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि रीवावासियों को त्योंथर, लोंही, सिरमौर और सेमरिया की सिंचाई परियोजनाएं पूरी होने पर करीब एक लाख 32 हजार हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को बताया कि जिनके पास भूमि के पट्टे हैं परंतु रजिस्ट्री नहीं है, ऐसे सभी पट्टेधारकों को राज्य सरकार रजिस्ट्री कराकर निःशुल्क प्रदाय करेगी। ऐसे 50 लाख पट्टों की रजिस्ट्री का शुल्क (करीब 4 हजार करोड़ रुपए) राज्य सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले भर से आए किसानों से प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी, श्रीअन्न, पशुपालन और फसल विविधीकरण अपनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए रीवा जिले में एक हजार हैक्टेयर क्षेत्र को नैचुरल फार्मिंग क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है। बसामन मामा गो-अभयारण्य हमारे गौ-संवर्धन और ग्रामीण स्वावलंबन का एक बड़ा केन्द्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौशाला में संचालित प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र से यहां के सभी किसान भाइयों को जीवामृत, घन जीवामृत और प्राकृतिक खेती की आधुनिक तकनीकें सीखने और अपनाने में बड़ी मदद मिल रही है।


### शीघ्र ही रीवा जिले के खेतों को मिलेगा नर्मदा जलः मुख्यमंत्री



## 'क्या हुआ तेरा वादा'

### कांग्रेस ने महंगाई को लेकर मोदी सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने खाने-पीने की चीजों की आसमान छूती कीमतों को लेकर सोमवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने 1977 के मशहूर बॉलीवुड गाने 'क्या हुआ तेरा वादा' का जिक्र करते हुए महंगाई पर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। जयराम रमेश ने एक मीडिया रिपोर्ट शेयर की। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दाल और खाना पकाने के तेल समेत खाने-पीने की कई चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी ने घरों के बजट को पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा, 'देश में खाने-पीने की चीजों की आसमान छूती कीमतों ने मध्यम और गरीब वर्गों की कमर तोड़ दी है।' उन्होंने दावा किया कि रोजमर्रा की जरूरी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे आम आदमी का जीवन मुश्किल हो गया है। कांग्रेस नेता ने कहा, 'लेकिन प्रधानमंत्री महंगाई पर चुप हैं। देश पूछ रहा है- प्रधानमंत्री जी, अच्छे दिन कहां गए? क्या वे सिर्फ भाषणों तक ही सीमित रह गए हैं? उन्होंने कहा कि लोग भूखे मर रहे हैं और सरकार चुप है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यही नया भारत है। रमेश ने 1977 की फिल्म 'हम किसी से कम नहीं' के मशहूर बॉलीवुड गाने के बोल का जिक्र करते हुए कहा, 'क्या हुआ तेरा वादा...वो कसम, वो इरादा? कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मोदी सरकार को बेकाबू महंगाई के खिलाफ तुरंत सख्त कदम उठाने चाहिए और आम लोगों को राहत देनी चाहिए। कांग्रेस लगातार बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठा रही है। सरकार पर जन-विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगा रही है।



# राजधानी की खून से सनी प्रेम कहानी

## महिला आरटीओ इंस्पेक्टर की हत्या कर प्रेमी ने भी जान दी

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सोमवार सुबह खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में महिला आरटीओ इंस्पेक्टर की हत्या का मामला सामने आया। 45 वर्षीय मीनाक्षी गोखले का शव उनके घर में खून से लथपथ हालत में मिला। पुलिस के मुताबिक, उनके प्रेमी पवन कुमार द्विवेदी ने कथित तौर पर हथौड़े से सिर पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद पवन ने घर से कुछ दूरी पर पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना भंवरी जोड़ स्थित लेखपाल कॉलोनी की है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे मीनाक्षी की रूममेट ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की वरिष्ठ टीम और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने घटनास्थल से खून




से सना हथौड़ा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, सीधी निवासी पवन कुमार द्विवेदी दो दिन पहले इंदौर से भोपाल आया था और मीनाक्षी के घर पर ही ठहरा हुआ था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रविवार देर रात दोनों के बीच शादी को लेकर विवाद हुआ था। आशंका है कि विवाद के दौरान पवन ने हथौड़े से मीनाक्षी के सिर पर कई वार किए, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद उसने घर से करीब 20 मीटर दूर पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### शादी को लेकर चल रहा था विवाद

प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि पवन पूर्व में इंदौर में कोचिंग क्लास चलाता था और फिलहाल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। पुलिस को उसकी जेब से बैंक पासबुक भी मिली है। बताया जा रहा है कि पवन मीनाक्षी पर शादी के लिए दबाव बना रहा था, जबकि मीनाक्षी इसके लिए तैयार नहीं थीं। पुलिस फिलहाल इसी विवाद को हत्या की वजह मानकर जांच कर रही है।

### पति से अलग रहती थी मीनाक्षी

मीनाक्षी के एक तीन वर्षीय बेटी होने की जानकारी सामने आई है। वह अपने पति से अलग रह रही थीं। हालांकि, दोनों के बीच औपचारिक तलाक हुआ था या नहीं, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद मामले से जुड़े अन्य तथ्य स्पष्ट होंगे।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन व लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की

## संबल 2.0 में बेहतर कार्य करने वाले जनपद सीईओ को दी बधाईअगला जन संवाद शिविर 25 सितम्बर को करेलीकलां में होगा आयोजित

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत




कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा, सीएम मॉनिट, विभिन्न विभागीय योजनाओं, लंबित प्रकरणों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अधिकारियों को शिकायतों का समय-सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को अभियान के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा पोर्टल पर जानकारी एवं प्रगति की प्रविष्टियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। विदित है कि 25 सितम्बर को जनपद पंचायत गोटेगांव के करेलीकलां में जन संवाद शिविर का आयोजन होगा। बैठक में एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में होने वाली गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की गई। जन सेवा संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2× से 26 सितंबर तक विभिन्न स्थानों पर गतिविधियां होंगी। 2× सितंबर को सरसला आगमन से यात्रा शुरू होगी और 24 सितंबर को तेंदूखेड़ा से अगले गंतव्य के लिए प्रस्थान होगा। रूट क्रमांक-7 के तहत 24 सितंबर को गोटेगांव में आगमन के बाद खेल एवं स्वास्थ्य जागरूकता कैंप से गतिविधियों की शुरुआत होगी। 25 सितंबर को नरसिंहपुर से यात्रा आगे बढ़ते हुए करेली, करपगांव, बोहानी, गाडरवारा और पनागर-सालीचौंका पहुंचेगी तथा 26 सितंबर की सुबह अगले गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी।

### पीएम किसान और संबल 2.0 की प्रगति की समीक्षा

बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित शिकायतों एवं उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा इसकी दैनिक समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार संबल 2.0 योजना की प्रगति, पंजीयन एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने तथा पंजीयन एवं प्रकरणों के निराकरण की प्रगति पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस कार्य में सभी जनपद पंचायत सीईओ के द्वारा बेहतर कार्य करने पर बधाई दी। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पीएम जनमन योजना एवं जनजातीय क्षेत्रों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मैदानी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करने तथा भ्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया।



# गैलेक्सी परिसर में गूंजा गणपति बप्पा मोरया, 56 भोग और सत्संग से भक्तिमय हुआ वातावरण

शहडोल (स्वतंत्रमत)

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वास्तिक गैलेक्सी परिवार द्वारा गणेश उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गैलेक्सी कम्पाउंड में सुखदाता-दुखहर्ता भगवान गणेश की विधिवत स्थापना की गई। स्थापना के बाद से ही परिसर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना एवं धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। गणेश जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान गणेश को विधिवत 56 भोग अर्पित किया गया। संध्याकालीन आरती के पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें गैलेक्सी परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भजनों पर नृत्य किया। श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा गैलेक्सी परिसर भक्तिमय हो उठा। रामसखा आश्रम के महंत उमेश शरण जी महाराज के सानिध्य में विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। महंत जी ने भजन, कीर्तन एवं सत्संग के माध्यम से भगवान गणेश की महिमा तथा राम नाम के महत्व का वर्णन किया। उनके प्रवचनों और भजनों से श्रद्धालु भावविभोर हो गए तथा पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। गणेश उत्सव के दौरान स्वास्तिक गैलेक्सी परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर उत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। ये रहे उपस्थित मोहन दुबे, डॉक्टर संदीप ताम्रकार, महेंद्र सराफ, श्रीचंद नारवानी, नंद किशोर मंगलानी, डॉक्टर एके श्रीवास्तव, गोविंद सिंह परिहार, देवेंद्र तिवारी, राजेश मिश्रा, दिलीप तिवारी, एसके भैया, राजेश सिंह बघेल, संजय रूपचंदानी, अमित जगवानी, महेंद्र मोटवानी (गुड्डू), किशकेदू घोष, अतुल द्विवेदी, आनंद श्रीवास्तव, यश सोनी, विभा ताम्रकार, सावित्री दुबे, अनीता सराफ, कंचन नारवानी, दीपा मंगलानी, मंजु जगवानी, जिया, देवलीना घोष, तृप्ति सेठिया, आरोही, कुसुम, रेखा, सोनिका मंगलानी, मयूरी, नीलू, रीमा रूपचंदानी, अंकिता, सुधा, गौरवी, स्वाती, योगिता, नूतनमून सहित गैलेक्सी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# युवाओं को माय भारत की गतिविधियों से जोड़ें और सहभागी बनाएं- कलेक्टर श्रीमती सिंह

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मेरा युवा भारत के तत्वाधान में माय भारत जिला सलाहकार समिति एवं माय भारत जिला समन्वय समिति की संयुक्त बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य जिले के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, एनएसएस एवं एनसीसी के नोडल अधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नोडल अधिकारी तथा सचिव, भारत रेडक्रॉस सोसाइटी सहित समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जिले के युवाओं को 'माय भारत' की विभिन्न गतिविधियों से अधिक से अधिक जोड़ने तथा युवा शक्ति को रचनात्मक एवं राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सहभागी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ युवाओं तक योजनाओं, कार्यक्रमों एवं अवसरों की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार को सकारात्मक दिशा देकर उन्हें विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाया जा सकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं जिला युवा अधिकारी श्री उमंग कुमार जैन ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्देश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया ?कि विकसित भारतञ्च2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# क्रूरता से मवेशियों को भरकर ले जा रहे वाहन चालक की जमानत खारिज, जेल भेजा

## 26 मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर ले जाने का मामला, न्यायालय ने पशुओं के साथ निर्दयता को माना गंभीर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)




थाना शहपुरा क्षेत्र में क्रूरता पूर्वक मवेशियों को वाहन में भरकर परिवहन करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, शहपुरा ने आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर उसे जेल भेज दिया। अभियोजन की ओर से मामले में जमानत का विरोध किया गया था। मीडिया सेल प्रभारी अभियोजन अधिकारी दिलावर धुर्वे के अनुसार थाना शहपुरा में अपराध क्रमांक 516/2026 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में आरोपी मोहम्मद रफीक पिता सब्बीर खान, उम्र 43 वर्ष, निवासी निर्भय नगर, सुभाष वार्ड, आधारताल, जबलपुर पर मवेशियों को क्रूरता पूर्वक वाहन में भरकर ले जाने का आरोप है।

**26 मवेशी किए गए बरामद-** प्रकरण के अनुसार 12 सितंबर 2026 को सुबह करीब 7ः54 बजे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आईसर कंपनी के ट्रक क्रमांक रुड्ढ20ड्डक्क439 से 20 भैंस पड़िया और 6 पड़ा, कुल 26 मवेशी बरामद किए। पुलिस के अनुसार मवेशियों को वाहन में क्रूरता पूर्वक परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान वाहन को भी जब्त किया गया।

पुलिस ने बरामद मवेशियों को स्टाफ एवं गवाहों की मदद से ग्राम पंचायत कहेजरा की गौशाला में जमा कराया तथा पशु चिकित्सा अधिकारी को मवेशियों के मेडिकल परीक्षण के लिए सूचना दी। पुलिस के अनुसार मामले में आरोपी के विरुद्ध पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(घ), मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद रफीक को 12 सितंबर को गिरफ्तार किया था, जबकि अन्य आरोपी राजा बाबू खान एवं रिजवान खान की तलाश की गई। प्रकरण में अभियोजन की ओर से एडीपीओ प्रमोद पटेल, शहपुरा ने जमानत का विरोध करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखा।

पशुओं के साथ निर्दयता को देखते हुए जमानत नहीं जमानत आवेदन पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रकरण में पशुओं के साथ किए गए कथित निर्दयतापूर्ण व्यवहार को दृष्टिगत रखते हुए आरोपी को जमानत का लाभ देना उचित नहीं माना। इसके बाद न्यायालय ने जमानत आवेदन निरस्त करते हुए आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए।

# शिक्षा गुणवत्ता में लापरवाही पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पटासी में शिक्षा व्यवस्था एवं शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं माध्यमिक शिक्षक सौरभ कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत पटासी में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय में शिक्षकों के निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होने तथा शिक्षा की गुणवत्ता न्यून होने संबंधी शिकायतें की गई थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने स्वयं विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति न्यून तथा शैक्षणिक गुणवत्ता अत्यंत न्यून पाई गई। कलेक्टर ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं विद्यालय संचालन की स्थिति देखी। आदेश में उल्लेख किया गया है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ कुमार गुप्ता द्वारा विद्यालय के सुचारू संचालन तथा शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर में सुधार के लिए आवश्यक प्रयास नहीं किए जा रहे थे। इसे कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही मानते हुए कलेक्टर ने निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि के दौरान सौरभ कुमार गुप्ता का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, गोहपारू, जिला शहडोल निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।



# सेवा संकल्प अभियान के तहत जिलेभर में चित्रकला, भाषण एवं प्रदर्शनी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत




सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए चित्रकला, भाषण, पोस्टर प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने शासकीय उ'चतर माध्यमिक विद्यालय चांवरपाठा में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का सोमवार को अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत चित्रों एवं रचनात्मक अभिव्यक्तियों की सराहना की तथा प्रतियोगिता में सहभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। चित्र प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से देश के उज्वल भविष्य की तस्वीर प्रस्तुत की। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों में विकसित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत की परिकल्पना को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारतञ्च2047' के संकल्प को साकार करने में युवा और विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सपनों और विचारों में ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव दिखाई देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य संबंधितजन उपस्थित रहे।

अभियान के तहत विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश और पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल की मौजूदगी में सांदीपनि विद्यालय गोटेगांव में चित्रकला, भाषण और प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि खेल और युवा ही देश की असली ताकत हैं। ब'चों को खेल के साथ-साथ संस्कार और शिक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने ब'चों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नशा मुक्त भारत के आह्वान को पूरा करने के लिए दारू, खैनी, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट जैसी चीजों से दूर रहना होगा। मोबाइल के अधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जताई और ब'चों को मोबाइल का सीमित और सही उपयोग पढ़ाई के लिए करने की सलाह दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी और नागरिक मौजूद थे। अभियान के तहत जिले के सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'मेरे सपनों का भारत' राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ।

# ब्यौहारी में जन सेवा संकल्प यात्रा का पुष्पवर्षा के साथ हुआ स्वागत

## सांसद एवं विधायक ने की गौ पूजा-अर्चना, मरीजों को वितरित किए फल



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर 17 सितम्बर से वाराणसी से वडनगर तक प्रारंभ हुई जन सेवा संकल्प यात्रा के शहडोल जिले के ब्यौहारी आगमन पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक शरद कोल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। जन सेवा संकल्प यात्रा के दौरान सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक शरद कोल ने ब्यौहारी के ग्राम पंचायत बोडिहा में संचालित गौशाला पहुंचकर गौ पूजा-अर्चना की। साथ ही, उन्होंने सिविल अस्पताल ब्यौहारी पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अर्चना मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष आकांक्षी सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कल्पना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से उनके जन्मस्थान वडनगर, गुजरात तक जन सेवा संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

# जन विश्वास अभियान में पशुपालकों को मिला योजनाओं और पशु चिकित्सा सेवाओं का लाभ



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जन विश्वास अभियान के अंतर्गत विकासखंड बजाग के ग्राम बोंदर में 18 सितंबर को पशुपालन विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विभाग ने स्टॉल लगाकर पशुपालकों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के दौरान 6 हितग्राहियों के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) आवेदन तथा 1 हितग्राही का बकरी पालन योजना का आवेदन भरा गया। पशु चिकित्सा शिविर में 62 पशुपालकों को आवश्यक औषधियों का वितरण, 275 पशुओं का टीकाकरण, 7 पशुओं का बधियाकरण तथा 4 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान की कार्यवाही की गई। अधिकारियों द्वारा ग्राम बोंदर स्थित पशु औषधालय का भी निरीक्षण किया गया। वीबी जीराम जी के अंतर्गत पशु औषधालय में बाउंड्रीवाल एवं शौचालय निर्माण के लिए ग्राम पंचायत में प्रस्ताव प्रस्तुत करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही की गई।

# 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर नवनीत विद्यालय में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन







**बुढार (स्वतंत्रमत)।** पुरानी बस्ती बुढार स्थित नवनीत शिक्षण केंद्र हाई स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालयीन छात्रों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत 2047 की संकल्पना के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' योजना को साकार करने नवनीत विद्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी के आतिथ्य में तथा मंडल उपाध्यक्ष विनोद पाठक, विद्यालय के व्यवस्थापक रमेश गुप्ता, प्राचार्य संतोष कुमार लोधी, तथा अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालयीन छात्रों के मध्य चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, और प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता निभाई। चित्रकला प्रतियोगिता में 30 छात्रों तथा भाषण प्रतियोगिता में 10 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और छात्रों ने अपनी रचनात्मकता एवं विचारों के माध्यम से विकसित भारत की संकल्प और अपने सपनों के भारत की कल्पना को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अवसर पर छात्र-छात्राओं में व्यापक उत्साह रहा, वहीं कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश के विकास, राष्ट्र निर्माण एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के प्रति जागरूकता और सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, सगुणा विष्णुदास गेडाम, पुत्री श्री विष्णुदास गेडाम, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम जामुन, पोस्ट समनापुर, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला दमोह (म.प्र.), ने अपना नाम परिवर्तित कर सगुणा गेडाम परस्ते, पति श्री पुन्नू सिंह परस्ते, कर लिया है। उक्त नाम परिवर्तन के संबंध में दिनांक 10/09/2026 को नोटरी पब्लिक, उमरिया (म.प्र.) के समक्ष शपथ पत्र निष्पादित किया गया है।

अतः भविष्य में मुझे सगुणा गेडाम परस्ते के नाम से जाना जाए।

# गणित के सवाल हल करने की सही रणनीति




गणित ऐसा विषय है, जिसमें केवल उत्तर सही होना ही पर्याप्त नहीं है। सवाल को सही ढंग से समझना, उचित सूत्र लगाना और समाधान को क्रम से लिखना भी उतना ही जरूरी है। परीक्षाओं में थोड़ी-सी सावधानी और सही रणनीति अपनाकर विद्यार्थी गणित में बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं।

## पहले सवाल को ध्यान से पढ़ें

सवाल देखते ही गणना शुरू न करें। पहले उसे पूरा पढ़ें और समझें कि इसमें क्या दिया गया है और क्या ज्ञात करना है। महत्वपूर्ण संख्याओं और शब्दों को रेखांकित कर सकते हैं। इससे अनावश्यक गणना से बचेंगे और सही दिशा मिलेगी।

## दिए गए तथ्यों को लिखें

किसी भी सवाल को हल करते समय दिया है, ज्ञात करना है और सूत्र लिखने की आदत डालें। उदाहरण के लिए यदि किसी सवाल में आयत की लंबाई और चौड़ाई दी गई है तथा क्षेत्रफल पूछना है, तो पहले दोनों मान लिखें और फिर संबंधित सूत्र लगाएं।

## सही सूत्र का चुनाव करें

गणित में कई सूत्र एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। इसलिए अध्याय के महत्वपूर्ण सूत्रों को समझकर याद करें। केवल रटने के बजाय यह जानें कि कौन-सा सूत्र किस परिस्थिति में उपयोग होता है। रोज 10 से 15 मिनट सूत्रों का पुनरावर्तन करने से यह अभ्यास मजबूत होता है।

## समाधान चरणबद्ध लिखें

गणित के उत्तर में बीच के चरण छोड़ने से बचें। प्रत्येक गणना को क्रम से लिखें। इससे गलती पकड़ना आसान होता है और परीक्षा में समाधान स्पष्ट दिखाई देता है। अंतिम उत्तर को अलग से लिखकर उसकी इकाई जरूर लगाएं, जैसे सेंटीमीटर, वर्ग मीटर या किलोग्राम।

## रफवर्क भी व्यवस्थित रखें

बोर्ड परीक्षा में रफ वर्क के लिए उत्तर पुस्तिका में निर्धारित अंतिम या दूसरे अंतिम पेज का उपयोग करना बेहतर है। रफ कार्य को एक जगह व्यवस्थित रूप से करें। इससे मुख्य उत्तर साफ रहेगा और गणना दोबारा जांचना आसान होगा।

## उत्तर की जांच जरूर करें

सवाल हल करने के बाद दोबारा देखें कि सभी चरण सही हैं या नहीं। जोड़, घटाव, गुणा और भाग में हुई छोटी गलती भी पूरा उत्तर गलत कर सकती है। समय बचने पर विशेष रूप से कठिन सवालों की दोबारा जांच करें।

## परीक्षा में समय का ध्यान रखें

पहले वे सवाल हल करें जिन्हें आप अच्छी तरह जानते हैं। कठिन प्रश्न पर बहुत अधिक समय न लगाएं। उसे छोड़कर आगे बढ़ें और अंत में वापस आएं। इस तरह पूरे प्रश्नपत्र को समय पर पूरा किया जा सकता है।

गणित में सफलता का मंत्र है, समझ, अभ्यास और सावधानी। रोज थोड़े सवाल हल करने की आदत विद्यार्थियों को कठिन प्रश्नों के प्रति आत्मविश्वासी बनाती है और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करती है।

# गणित का महत्व और हमारे जीवन में इसकी भूमिका

गणित मानव जीवन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। यह केवल संख्याओं, सूत्रों और समीकरणों तक सीमित नहीं है, बल्कि तार्किक सोच, विश्लेषण और समस्या-समाधान की क्षमता भी विकसित करता है। आज विज्ञान, तकनीक, व्यापार, इंजीनियरिंग, चिकित्सा और दैनिक जीवन के लगभग हर क्षेत्र में गणित का उपयोग हो रहा है।

## भारत का गणित में महत्वपूर्ण योगदान

'गणित' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'गणना' शब्द से मानी जाती है, जिसका अर्थ है गिनती करना। प्राचीन भारत में आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कराचार्य जैसे महान गणितज्ञों ने गणित के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शून्य (0) की अवधारणा और उसके गणितीय उपयोग को भारतीय गणित की महत्वपूर्ण देनों में गिना जाता है। इससे गणना की पद्धति को नई दिशा मिली।

## रोजमर्रा के जीवन में गणित

हम दिनभर किसी न किसी रूप में गणित का उपयोग करते हैं। बाजार में सामान खरीदते समय कीमत जोड़ना, छूट की गणना करना



और बचे हुए पैसे का हिसाब रखना गणित ही है। समय देखना, दूरी मापना, बैंक में लेन-देन करना, बिजली का बिल समझना घर का बजट बनाना भी गणित से जुड़ा है।

## पढ़ाई में गणित की भूमिका

गणित विद्यार्थियों में तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। गणित के सवाल हल करने से धैर्य, एकाग्रता और समस्या को अलग-अलग चरणों में समझने की आदत बनती है। यही कारण है कि विद्यालयी शिक्षा में गणित को महत्वपूर्ण विषय के रूप में शामिल किया गया है।

## विज्ञान-तकनीक का आधार

भौतिक विज्ञान, खगोल विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका है। कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विज्ञान जैसी आधुनिक तकनीकों के विकास में भी गणितीय सिद्धांतों का उपयोग होता है।

## व्यापार और अर्थव्यवस्था में उपयोग

व्यापार में लाभ-हानि, लागत, बिक्री, ब्याज और निवेश की गणना के लिए गणित आवश्यक है। बैंकिंग क्षेत्र में ऋण, ब्याज और वित्तीय योजनाओं को समझने के लिए भी गणित का ज्ञान जरूरी है।

## गणित है सोचने का तरीका

गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि सोचने और समस्या का तार्किक समाधान खोजने का तरीका है। इसका नियमित अभ्यास विद्यार्थियों में धैर्य, अनुशासन और एकाग्रता बढ़ाता है। गणित शिक्षा, विज्ञान और तकनीक के साथ हमारे दैनिक जीवन को भी व्यवस्थित और आसान बनाता है। इसलिए गणित से डरने के बजाय इसे समझकर और रोज थोड़ा अभ्यास करके सीखना चाहिए। गणित संख्याओं का ही नहीं, बल्कि तर्क, ज्ञान और समस्या-समाधान का विषय है।



सौरभ गुप्ता

शिक्षक, हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, डुमना रोड, जबलपुर।

# गणित की तैयारी में समय प्रबंधन है सफलता की कुंजी

गणित की परीक्षा में केवल सही उत्तर निकालना ही जरूरी नहीं है, बल्कि निर्धारित समय में अधिक से अधिक प्रश्नों को सही तरीके से हल करना भी महत्वपूर्ण है। इसके लिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ समय प्रबंधन की आदत विकसित करनी चाहिए। सही समय प्रबंधन से तैयारी व्यवस्थित होती है, तनाव कम होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।




## सुनियोजित पढ़ाई करें

परीक्षा की तैयारी के लिए विषय और अध्याय के अनुसार समय-सारिणी बनाएं। कठिन अध्यायों और कमजोर विषयों के लिए अधिक समय निर्धारित करें। रोज थोड़ा-थोड़ा अभ्यास करने से अंतिम समय में पढ़ाई का दबाव कम होता है।

## कठिन टॉपिक को दें प्राथमिकता

जिन अध्यायों या प्रश्नों को हल करने में अधिक समय लगता है, उनका नियमित अभ्यास करें। सूत्रों को याद करने के साथ यह भी समझें कि उनका प्रयोग किस प्रकार किया जाता है। आसान और अधिक अंक वाले प्रश्नों की भी पर्याप्त तैयारी रखें।

## पढ़ाई के बीच लें ब्रेक

लगातार कई घंटे पढ़ने के बजाय पढ़ाई को छोटे सत्रों में बांटें। प्रत्येक सत्र के बाद कुछ मिनट का विराम लेने से थकान कम होती है और एकाग्रता बनी रहती है। मोबाइल या अन्य गतिविधियों में समय बर्बाद करने से बचें।

## परीक्षा में समय का रखें ध्यान

प्रश्नपत्र मिलने के बाद पहले सभी निर्देश ध्यान से पढ़ें। प्रश्नों को देखकर उनकी कठिनाई और अंकों के आधार पर समय बांटें। शुरुआत उन प्रश्नों से करना उपयोगी हो सकता है जिन्हें आप अच्छी तरह जानते हैं। कठिन प्रश्न में अटकने के बजाय उसे बाद के लिए छोड़कर आगे बढ़ें।


## अंत में उत्तर जरूर जांचें

परीक्षा के अंतिम कुछ मिनट उत्तरों की जांच के लिए रखें। विशेष रूप से जोड़-घटाव, गुणा-भाग, दशमलव, इकाई और अंतिम उत्तर को दोबारा देखें।

## परीक्षा के दौरान समय-विभाजन

- पहले 10 मिनट पूरे प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ें और आसान-कठिन प्रश्नों की पहचान करें।
- अगले 70 प्रतिशत समय प्रश्नों को हल करें। पहले आसान और निश्चित प्रश्न करें, फिर मध्यम और कठिन प्रश्नों पर जाएं।
- अंतिम 20 प्रतिशत समय छूटे हुए प्रश्न पूरे करें और उत्तरों की जांच करें।
- अंतिम 5 से 10 मिनट, खास तौर पर गणना, सूत्र, इकाई, प्रश्न क्रमांक और अंतिम उत्तर जांचें।

उदाहरण, यदि परीक्षा 3 घंटे की है, तो लगभग 15 मिनट प्रश्नपत्र समझने, 2 घंटे 15 मिनट प्रश्न हल करने और 30 मिनट जांच व बचे प्रश्नों के लिए रखे जा सकते हैं।




1 शून्य (0) को संख्या के रूप में विकसित करने में भारतीय गणितज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

2 1 से 100 तक की संख्याओं का योग 5050 होता है।

3 किसी संख्या को 0 से गुणा करने पर परिणाम हमेशा 0 होता है।

4 किसी संख्या में 1 से गुणा करने पर वही संख्या प्राप्त होती है।

5 2 एकमात्र सम अभाज्य संख्या है। 2 के अलावा सभी अभाज्य संख्याएं विषम होती हैं।

6 9 से विभाज्यता जांचने के लिए संख्या के अंकों का योग किया जाता है।

7 किसी भी संख्या के अंकों का योग यदि 9 का गुणज हो, तो वह संख्या 9 से विभाज्य होती है।

8 वर्ग संख्या का अंतिम अंक 2, 3, 7 या 8 नहीं हो सकता।

9 पाई का मान लगभग 3.14159 होता है।

10 वृत्त की परिधि निकालने में पाई का उपयोग किया जाता है।

11 किसी संख्या का वर्ग हमेशा शून्य या धनात्मक होता है।

12 1 से 10 तक की संख्याओं का गुणनफ ल 10 फैक्टोरियल कहलाता है।

13 फिबोनाची श्रेणी में प्रत्येक संख्या पिछली दो संख्याओं के योग से बनती है।

# यूक्लिड की ज्यामिति को समझें




ज्यामिति गणित की वह शाखा है जिसमें बिंदु, रेखा, कोण, त्रिभुज, चतुर्भुज, वृत्त और विभिन्न आकृतियों का अध्ययन किया जाता है। स्कूल स्तर पर ज्यामिति को समझने में यूक्लिड का विशेष योगदान माना जाता है। प्राचीन यूनानी गणितज्ञ यूक्लिड ने ज्यामिति के नियमों और सिद्धांतों को व्यवस्थित रूप दिया। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक श्य्सयमउमदजेश् में ज्यामिति से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए गए हैं।

## बिंदु और रेखा की समझ

ज्यामिति की शुरुआत बिंदु से होती है। बिंदु किसी स्थान को दर्शाता है और सामान्यत: इसे एक छोटे चिन्ह से दिखाया जाता है। दो बिंदुओं को जोड़ने पर रेखाखंड मिलता है। दोनों दिशाओं में अनंत तक बढ़ने वाली सीधी आकृति को रेखा कहा जाता है।

## स्वयंसिद्ध और अभिगृहीत

यूक्लिडीय ज्यामिति में कुछ कथनों को बिना प्रमाण के सत्य माना जाता है। इन्हें स्वयंसिद्ध या अभिगृहीत कहा जाता है। आगे के प्रमेय और निष्कर्ष इन्हीं मूल बातों के आधार पर सिद्ध किए जाते हैं। यही तरीका ज्यामिति को तार्किक और व्यवस्थित बनाता है।

## यूक्लिड की पांचवीं अभिधारणा

यूक्लिड की पांचवीं अभिधारणा समानांतर रेखाओं से संबंधित है। सरल रूप में कहा जाए तो यदि एक रेखा दो रेखाओं को इस प्रकार काटती है कि एक ओर के अंत: कोणों का योग दो समकोण से कम है, तो उन दोनों रेखाओं को उस दिशा में बढ़ाने पर वे मिलेंगी। स्कूल स्तर पर समानांतर रेखाओं और कोणों के अध्ययन में इसका महत्व समझा जाता है।

## प्रमेय को समझकर हल करें

ज्यामिति में केवल प्रमेय याद करना पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थी को यह समझना चाहिए कि कौन-सी जानकारी दी गई है, क्या सिद्ध करना है और कौन-सा नियम या प्रमेय लागू होगा। आकृति बनाकर चरणबद्ध समाधान लिखने से सवाल आसानी से समझ में आता है।

## परीक्षा के लिए जरूरी बातें

ज्यामिति के प्रश्नों में आकृति, दिए गए तथ्य, सिद्ध करना है और प्रमाण को व्यवस्थित रूप से लिखना चाहिए। कोणों के संबंध, त्रिभुजों की सर्वांगसमता, समानांतर रेखाएं और वृत्त से जुड़े प्रमेयों का नियमित अभ्यास करें।

## जानिए जरूरी तथ्य

- यूक्लिड को ज्यामिति के प्रमुख व्यवस्थित विद्वानों में गिना जाता है।
- उनकी प्रसिद्ध कृति का नाम एलिमेंट्स है।
- ज्यामिति में स्वयंसिद्ध और अभिगृहीत मूल आधार प्रदान करते हैं।
- प्रमेयों को तार्किक प्रमाण के माध्यम से सिद्ध किया जाता है।

## शब्द पहेली - 8982

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण-4
25. फिजूल, व्यर्थ-3


**ऊपर से नीचे**

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला-4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

**शब्द पहेली -8981 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ■ |
| ■ | च | ■ | ह | ■ | ड़ी | ■ | अ | ■ |
| आ | ना | ■ | मा | ल | वा | ■ | दा | म |
| रा | ■ | म | न | ■ | न | ल | ■ | न |
| म | हीं | न | ■ | ■ | ■ | ल | की | र |
| दे | ■ | न | स | ■ | ह | क | ■ | ख |
| ह | त्या | ■ | र | न | र | ■ | का | ना |
| ■ | ग | ■ | ह | ■ | द | ■ | फि | ■ |
| ■ | ■ | ब | द | ना | म | क | र | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# स्वतंत्रमत समाचार पत्र खबरों का बादशाह, सतना वासियों ने सराहा






**सतना (स्वतंत्र मत)**

दैनिक स्वतंत्र मत के ब्यूरो चीफ हमीद खान जब शहर में निकले तो कई पाठक अखबार पढ़ते हुए मिले। पाठकों ने स्वतंत्र मत को खबरों का बादशाह बताया। रीवा रोड सर्किट हाउस के पास सतना टेंट हाउस के मालिक भारत अग्रवाल अपने चेंबर में स्वतंत्र मत पढ़ते मिले। उन्होंने कहा कि खबरों का बादशाह है दैनिक स्वतंत्रमत क्योंकि इसमें पूरे प्रदेश की खबरें पढ़ने को मिलती हैं और देश.विदेश की भी खबरें रहती हैं। मैं 20 सालों से स्वतंत्रमत पढ़ रहा हूं। बीच में किसी कारण से बंद हो गया था लेकिन अब फिर आने लगा है। मैंने हॉकर से अखबार लाने को कहा तो उसने देना शुरू कर दिया। इसमें भ्रष्टाचार और समाज से जुड़े समाचार भी काफी रहते हैं। मैं स्वतंत्र मत के लेखन संपादक और सभी जिलों के ब्यूरो चीफको बधाई देता हूं।

### स्वतंत्रमत पढ़ें : अजय सिंह

ग्राम नयागांव तहसील कोठी के रहने वाले अजय सिंह ने कहा कि दैनिक स्वतंत्र मत खबरों के लिए सबसे अच्छा समाचार पत्र है। इसमें खबरें निष्पक्ष रहती हैं और पढ़ने में अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर को स्वतंत्र मत में प्रकाशित खबर सतना में दिशा सूचक बोर्ड बने अवैध कमाई का अड्डा किसी अन्य अखबार में नहीं छपी थी। इस खबर के लिए सतना संवाददाता ने बड़ी मेहनत की थी। मैं दैनिक स्वतंत्र मत की पूरी टीम को बधाई देता हूं।

### अखबार पढ़ने से ज्ञान मिलता है : बागरी

पुलिस विभाग के एएसआई श्री बागरी ने कहा कि अखबार पढ़ने से ज्ञान मिलता है अखबार जरूर पढ़ना चाहिए। दैनिक स्वतंत्रमत एक अलग ही पेपर है। मैं 1998 से लगातार स्वतंत्र मत पढ़ रहा हूं। जब मैं रीवा में था तब भी स्वतंत्र मत मंगाकर बारीकी से पढ़ता था। इससे कई जानकारियां और ज्ञान मिलता था। यह अखबार जबलपुर से प्रकाशित होता है और पूरे प्रदेश में पहुंचता है।

### मैंने तो स्वतंत्रमत को हमेशा पढ़ा है : संतलाल

जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारी संतलाल ने कहा कि मैं हमेशा दैनिक स्वतंत्रमत पढ़ता हूं। इसमें कई खबरें ऐसी रहती हैं जो अन्य अखबारों में नहीं रहतीं। भ्रष्टाचार की खबरें दैनिक स्वतंत्रमत में ही निकलती हैं।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मारक ट्रस्ट की बैठक संपन्न

## 31 अक्टूबर को भव्य रूप से मनेगी 151वीं जयंती

**सतना (स्वतंत्र मत)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मारक ट्रस्ट सतना के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक शनिवार को ट्रस्ट भवन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष गेंदलाल भाई पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गेंदलाल भाई पटेल का सदस्यों द्वारा पुष्पमाला से आत्मीय स्वागत किया गया।



बैठक में पिछली कार्यवाही का वाचन एवं अनुमोदन किया गया। ट्रस्ट के कुशल संचालन के लिए विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों व सदस्यों की सक्रियता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। समितियों के सदस्यों से संपर्क कर समन्वय स्थापित करने के लिए समय देने की बात पर सहमति बनी। साथ ही ट्रस्ट द्वारा संचालित लाइब्रेरी ई.लाइब्रेरी व निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में आने वाले मासिक खर्च एवं सहयोग राशि के संबंध में भी चर्चा की गई। सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में जो सम्माननीय सहयोगकर्ता स्वेच्छा से सहयोग राशि दे रहे हैं उसके अतिरिक्त अन्य सहयोगकर्ताओं को भी जोड़ने की आवश्यकता है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा। जयंती समारोह के आयोजन के लिए श्री रमाशंकर पटेल को आयोजन समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। ट्रस्ट की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए महेन्द्र सिंह, रामनिरंजन सिंह, आर.डी. सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, अशोक सिंह रमाशंकर पटेल एड. यशवंत सिंह दिवाकर सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बृजेंद्र सिंह भाई लाल सिंह बृजेश सिंह महेंद्र सिंह सिंघेल बलराम प्रजापति फूल सिंह, डॉ. नरेंद्र पटेल एस.के., कठेल चंद्र प्रताप सिंह एड सत्येन्द्र सिंह तेज प्रताप सिंह बब्लू सहित बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण फसल खरीदी की गारंटी हो भाकियू जिलाध्यक्ष : ठाकुर प्रसाद सिंह

**सतना (स्वतंत्र मत)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत हर्षोल्लास के साथ बड़ी संख्या में किसान गरीब और महिलाएंओं की बैठक उप कृषि उपज मंडी में हुई सम्पन्न मुख्य अतिथि नारेन्द्र कुमार शुक्ला विशिष्ट अतिथि जय सिंह भंडारी विश्वनाथ चौधरी सावित्री पटेल गुलाब बाई चौधरी आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष राम विश्वास सिंह ब्रिजेन्द्र प्रताप सिंह परिहार क्रांति पाल सुनीता सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह व लोहिया ट्रस्ट से शीलू तप्सी एवं सभी किसानों और महिलाओं ने एक दूसरे का स्वागत करते हुए। सरकार के द्वारा किसानों के ऊपर थोपे गए भावान्तर नीति का पुरजोर विरोध किया। किसानों ने कहा हमें भावांतर नहीं चाहिए बल्कि किए गए वादे सम्पूर्ण फसल खरीदी की गारंटी हो। लाडली बहना योजना से



बंचित महिलाओं को भी सम्मानित कर 3000 रुपए दिया जाय। किसान पेंशन और युवाओं को कृषि से जुड़े हुए रोजगार दिया जाय। किसान नेता ठाकुर प्रसाद सिंह किसानों और धरातल में रहने वाले गरीब मजदूर एवं बन भूमि व आवासीय पट्टे के लिए कर रहे इंतजार पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार पत्र की जानकारी देते हुए अनेक ब्यवधानो के विषय पर चर्चा और संबोधित किया। जिलाध्यक्ष ने महिलाओं किसानों और पत्रकार बंधुओं का हृदय से सम्मान किया संगठन के सभी पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती और सफल कार्यक्रम को धन्यवाद दिया। जन जन की आवाज और पत्रकार साथियों से शासन और प्रशासन तक पहुंचाने में साथ देने का आग्रह किया। अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व सैनिक रावेन्द्र सिंह रामजी शुक्ला संत कुमार सिंह व किसान नेताओं ने संगठन को मजबूत करने में जोर दिया। वहीँ बैठक के दौरान किसान बंधुओं ने कहा कि कई गावों में बिजली की जटिल समस्या बनी हुई है। इन दिनों बिजली विभाग के द्वारा बिजली कटौती की जाती है। बिद्युत विभाग के आलाधिकारी इन कर्मचारियो पर अंकुश लगाए जाने की मांग की गई है। इसी तरह नहर विभाग के द्वारा किसानो की भूमि को अधिग्रहित किया गया है । लेकिनइजो शेष भूमि बची हुई है उसमे खेती करने पर नहर विभाग द्वारा रोक लगाया जाता है। किसानों के साथ ऐसी बर्बरता भाकियू टिकैत हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम की अंतिम बेला में भावांतर को लेकर किसानों ने ज्ञापन की मांग रखी। तो वहीँ ठाकुर प्रसाद सिंह ने अनुविभागीय कार्यालय उंचेहरा से सम्पर्क किया और 30 सितम्बर बुधवार को दोपहर 1 बजे तहसील परिसर में एकत्रित होकर ब्लॉक उंचेहरा सुभाष मिश्रा को मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# युवती को किया ब्लैकमेल, मौका लगा तो की आभूषण चोरी

**सतना (स्वतंत्र मत)**

जिले में आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने के धंधे में भले ही शुरू में सफलता मिले पर बाद में हाथ मलने के अलावा कोई चारा नहीं रहता है। ऐसा ही कृत्य कर रहे एक युवक को पुलिस ने अंतत गिरफ्तार जेल भेज दिया। बताया गया है कि आरोपी पीड़िता को बहुत दिनों तक बेवकूफ बनाता रहा है और ब्लैकमेलिंग करता रहा है। लेकिन उसकी यह चालाकी अधिक दिन नहीं चली और उसके काले कारनामे का सफाया हो गया।



**यह है घटना**

पुलिस सूत्रों के अनुसार 18 सितम्बर को पीड़िता ने रिपोर्ट लेख कराई कि आरोपी रवि पांडेय पिछले 5.6 वर्षों से उससे जान.पहचान का फायदा उठाकर और खुद को अनाथ बताकर आर्थिक मदद लेता रहा। इसके बाद 1 मार्च को आरोपी ने पीड़िता की कुछ तस्वीरें और वीडियो चुपके से खींच लिए । इन तस्वीरों और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर आरोपी लगातार पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा।

**मन में पनपी चोरी**– पीड़िता के भय का फायदा उठाकर आरोपी ने होली के त्योहार के आस.पास पीड़िता के घर के बक्से में रखे पुराने इस्तेमाल के सोने.चांदी के आभूषणों की जानकारी ली और उन्हें चोरी कर लिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब 14 सितंबर को तीजा के त्योहार पर परिवार ने आभूषणों की तलाश की। पीड़िता की शिकायत पर थाना कोलगवां में अपराध धारा 308;2 316;2 318;4 351;3 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपी से मिला चोरी का सामान**

विवेचना के बाद थाना कोलगवां पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात एवं दस्तावेज जप्त किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी रवि कुमार पाण्डेय पिता लक्ष्मी नारायण पाण्डेय उम्र 32 वर्ष निवासी खुटेही थाना समान जिला रीवा बताया गया है।

### राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 28 सितंबर तक उमरिया में

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में 25 सितंबर से 28 सितंबर तक 14 वर्ष आयु के बालकों की राज्य स्तरीय हैंड बॉल प्रतियोगिता स्टेडियम में आयोजित होगी जबकि 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों की 70वीं राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर तक संपन्न होगा। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौपे है।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक मे आवास,भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर व्दारा आयोजन समितियों को दिए गए । उन्होने सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही छात्र छात्राओ को आवास स्थल से स्टेडियम तक आने जाने के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए।उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न संभागों के लगभग 200 प्रतिभागी एवं आफीशियल्स भाग लेंगे।

### पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर 25 सितंबर को होगा शांतिपूर्ण धरना

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन, जिला उमरिया द्वारा राज्य फेडरेशन के आह्वान एवं प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे के निर्देशानुसार 25 सितंबर 2026 को जिला मुख्यालय उमरिया में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन किया जाएगा। एसोसिएशन ने बताया कि पेंशनरों की वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर उमरिया के माध्यम से सौंपा जाएगा।

# सीनियर आदिवासी छात्रावास में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण अभियान के अंतर्गत सीनियर आदिवासी छात्रावास में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल , कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी पारंजपे के आह्वान पर महावीर मेडिकल (स्मृति देवेश जैन) के सौजन्य से किया गया।



शिविर में प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. स्वाति कुर्चानिया द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही छात्राओं के आवश्यक रक्त परीक्षण भी कराए गए। जांच के दौरान सामने आई स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर छात्राओं को उचित परामर्श, सावधानियों एवं आगे की देखभाल के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। डॉ. स्वाति कुर्चानिया ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं हाइजीन, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं डिप्रेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में महावीर मेडिकल (स्मृति देवेश जैन) के सौजन्य से रक्त परीक्षण एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था की गई तथा जांच के उपरांत जरूरत के अनुसार छात्राओं को दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। आयोजन में छात्रावास अधीक्षिका लेखा राय कौरव एवं उनके स्टाफ का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए डॉ. स्वाति कुर्चानिया तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था में सहयोग के लिए महावीर मेडिकल, छात्रावास अधीक्षिका एवं समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

# मानपुर के नेउसी खोरी पहुंचे 28 जंगली हाथी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर क्षेत्र में सोमवार को जंगली हाथियों के दो झुंड पहुंच गए। नेउसी और खोरी गांव के पास पहुंचे दोनों झुंडों में करीब 28 हाथी बताए जा रहे हैं। हाथियों के खेतों के पास पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों को जंगल की ओर भेजा। सोमवार को हाथियों के दो झुंड अलग–अलग समय पर नेउसी और खोरी गांव के पास पहुंचे। खेतों के नजदीक हाथियों की मौजूदगी की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। फसल को नुकसान से बचाने के लिए लोग सतर्क रहे। मानपुर और कल्लवाह परिक्षेत्र की वन टीमों ने हाथियों को आबादी और खेतों से दूर रखने के लिए निगरानी शुरू की। वनकर्मियों के साथ ग्रामीण भी हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखते रहे। काफी प्रयास के बाद हाथियों को जंगल की ओर भेजा गया। हाथियों की मौजूदगी के दौरान जंगल से लगे खेतों में करीब एक एकड़ फसल को नुकसान पहुंचा। दोनों झुंड अलग–अलग समय पर क्षेत्र में पहुंचे, इसलिए वन अमले को लगातार निगरानी करनी पड़ी। वन विभाग ने ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और उनके नजदीक नहीं जाने की समझाइश दी। क्षेत्र में दोबारा हाथियों की गतिविधि होने की आशंका को देखते हुए वन अमला निगरानी कर रहा है।



# कालरी स्कूल में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**

'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' कार्यक्रम के तहत शासकीय पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालरी स्कूल में आयोजित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के परिणाम 21 सितंबर को घोषित किए गए। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज चंदानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नीरज चंदानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों, विचारों और कल्पनाओं को सामने लाने का अवसर है आज के बच्चे और युवा ही आने वाले भारत की दिशा तय करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत के विकास की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा शक्ति है। आज का विद्यार्थी केवल भविष्य का नागरिक नहीं है, बल्कि वर्तमान भारत की निर्माण यात्रा का महत्वपूर्ण सहभागी है। 19 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चित्रकला प्रतियोगिता में 23 विद्यार्थियों तथा भाषण प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने विचारों और कल्पनाओं को प्रस्तुत किया।



# बच्चों की शिक्षा समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : मानपुर विधायक मीना सिंह

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**

भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत बड़छड़ में विश्वकर्मा समाज द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोगों के साथ महिलाएं, बच्चे, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। आयोजन में भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना कर समाज की एकता, शिक्षा और संस्कारों को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मानपुर विधायक मीना सिंह ने सहभागिता करते हुए भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा–अर्चना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों को बेहतर भविष्य देने के साथ समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने और उन्हें संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा के जीवन, उनके योगदान तथा निर्माण एवं तकनीकी क्षेत्र में उनके महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि विश्वकर्मा समाज ने परंपरागत हुनर से लेकर आधुनिक तकनीक तक अपनी मेहनत और कौशल की पहचान बनाई है। वर्तमान समय में समाज के युवाओं को शिक्षा के साथ तकनीकी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है।कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की दिशा बदलने का महत्वपूर्ण साधन है। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान किए गए। आयोजन के माध्यम से बच्चों और युवाओं में शिक्षा, संस्कार एवं समाजसेवा के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया। विश्वकर्मा जयंती के इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक मंच पर नजर आए। महिलाओं और बच्चों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज को एकजुट करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली विरासत से जोड़ना है। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता, शिक्षा और समाज के विकास के संकल्प के साथ हुआ।



## मदिरा सेवन पर प्रकरण दर्ज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में आबकारी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने होटल एवं ढाबों की चेकिंग की जांच के दौरान न्यू स्टार ढाबा के पीछे एक शटर के अंदर अवैध रूप से मदिरा का सेवन करते हुए लोग पाए गए मौके से टीम ने 12 नग देसी-विदेशी मदिरा बरामद की।

## 23 तक करें आवेदन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत मण्डला जिले के 196 यात्रियों को अयोध्या और काशी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। जिले के लिए अयोध्या-काशी तीर्थ यात्रा 22 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति महिलाओं के मामले में आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट जो आयकरदाता नहीं हैं, वे इस यात्रा के लिए पात्र हैं। इच्छुक 196 व्यक्तियों को 23 सितंबर तक अपने आवेदन जिले के सभी तहसीलदारों के पास जमा करने होंगे।

## चलाया स्वच्छता अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा नर्मदा नदी के तट पर स्थित धनीराम बाबा आश्रम के समीप घाट महाराजपुर में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया अभियान के दौरान नर्मदा तट के दोनों ओर व्यापक रूप से साफ-सफाई की गई।

## भीमडोंगरी में जागरूकता शिविर

**मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा के मार्गदर्शन में जिले के अंतिम छोर पर स्थित वन ग्राम मनोरी एवं ग्राम भीमडोंगरी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय कुमार खोब्रागड़े एवं पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को विभिन्न विधिक योजनाओं एवं कानूनों की जानकारी दी।

## फुटबॉल में राज्य स्तरीय चयन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कटनी में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अंडर-14 टीम के तीन खिलाड़ियों प्रकाशकुमार राना, अर्जुन बाजपेयी, दिव्यांश उइके का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ी अब 25 सितंबर को छतरपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# धान पर कीट रोग का हमला, किसान परेशान, कहीं भूरा माहू तो कहीं बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट का दिख रहा प्रकोप

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**





जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक खरीफ सीजन की धान की फसल पर कीट और रोगों का प्रकोप बढ़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं। कई गांवों में धान की फसल का रंग बदलने पत्तियां पीली पड़ने और पौधों के सूखने की स्थिति किसानों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। किसान लगातार कृषि विभाग से खेतों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति पता लगाने और समय रहते उपचार बताने की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर किसानों का आरोप है कि फसल संबंधी समस्याओं को लेकर मैदानी स्तर पर पर्याप्त निगरानी नहीं हो रही है और विभागीय गतिविधियां कागजी खानापूर्ति तक सीमित दिखाई दे रही हैं ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि धान की फसल में कहीं माहू का प्रकोप है तो कहीं अलग-अलग प्रकार के रोग दिखाई दे रहे हैं। किसानों के अनुसार खेतों में लगी धान की फसल का रंग लाल पड़ रहा है और पौधों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। किसानों को आशंका है कि यदि समय रहते बीमारी की पहचान कर नियंत्रण नहीं किया गया तो पूरी फसल प्रभावित हो सकती है फसल में कीट और रोग दिखाई देने के बाद किसान बाजार से महंगे कीटनाशक और दवाएं खरीदकर अपने स्तर पर छिड़काव कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेती की लागत पहले ही लगातार बढ़ रही है। बीज खाद मजदूरी सिंचाई डीजल और कीटनाशकों पर खर्च बढ़ने के बाद यदि रोग या कीट के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ तो खेती से होने वाला लाभ और कम हो जाएगा किसानों की परेशानी इस बात को लेकर भी है कि उन्हें हर बीमारी की सही पहचान नहीं हो पा रही है। कई बार किसान दुकानदारों की सलाह पर दवा खरीद लेते हैं लेकिन बीमारी की सही पहचान नहीं होने से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाता। यह कीट पौधे के तने के निचले हिस्से में समूह बनाकर रस चूसता है। इसके कारण पौधों की पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं। यदि प्रकोप अधिक हो जाए तो पौधे सूखकर भूरे रंग के दिखाई देने लगते हैं। इस स्थिति को हॉपर बर्न कहा जाता है कृषि विभाग की सलाह के अनुसार भूरा माहू के नियंत्रण के लिए डिनोटेफ्यूरान 20 प्रतिशत एसजी 150 से 200 ग्राम प्रति हेक्टेयर अथवा पाइमेट्रोजिन 50 प्रतिशत डब्ल्यूजी 120 ग्राम प्रति एकड़ की दर से लेबल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार छिड़काव किया जा सकता है।

किसानों को दवा का उपयोग करने से पहले संबंधित कृषि अधिकारी की सलाह और उत्पाद के लेबल निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है धान की फसल में बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट यानी जीवाणुजनित झुलसा रोग की स्थिति भी सामने आ रही है। इस रोग में पत्तियों के किनारों अथवा सिरों से पानी जैसे धब्बे दिखाई देने लगते हैं। बाद में ये धब्बे पीले भूरे अथवा पुआल रंग के हो जाते हैं और अधिक प्रकोप होने पर पूरी पत्ती सूख सकती है कृषि विभाग के अनुसार इसके नियंत्रण के लिए कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 3 ग्राम प्रति लीटर पानी तथा स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 0.15 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से मिश्रण बनाकर छिड़काव की सलाह दी गई है।

15 लीटर के पंप के लिए 4.5 ग्राम कॉपर ऑक्सीक्लोराइड और 2.25 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन के मिश्रण का उपयोग बताया गया है। किसी भी रसायन का प्रयोग कृषि विशेषज्ञ की सलाह और लेबल निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए किसानों का कहना है कि बीमारी की जानकारी जारी करने मात्र से समस्या का समाधान नहीं होगा। जरूरत इस बात की है कि कृषि विभाग की टीमें गांव-गांव और खेत-खेत पहुंचें फसल का निरीक्षण करें और किसानों को मौके पर ही बीमारी की पहचान तथा उपचार की जानकारी दें। किसानों की मांग है कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर स्थिति की वास्तविक रिपोर्ट तैयार की जाए ताकि समय रहते नियंत्रण के प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

किसानों का कहना है कि यदि शुरुआती स्तर पर कीट और रोग की पहचान हो जाए तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। लेकिन बीमारी फैलने के बाद उपचार करना महंगा और मुश्किल दोनों हो जाता है। इसलिए कृषि विभाग को केवल एडवाइजरी जारी करने के बजाय मैदानी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की जरूरत है कृषि विभाग द्वारा किसानों की सहायता के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष गठित किया गया है। समस्या आने पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.पी. अहिरवार से मोबाइल नंबर 9131728448 तथा प्रोग्राम असिस्टेंट डॉ. के.के. राणा से मोबाइल नंबर 9300383906 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सेवा संकल्प अभियान में पौधारोपण



**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर में स्वच्छता के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में हरदहा मोहल्ला वार्ड क्रमांक 4 के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों अधिकारी-कर्मचारी एवं वरिष्ठजनों ने सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं उनकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए केवल सफाई रखना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी होगी नगर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित कर स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण और जन भागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

अभियान के माध्यम से नागरिकों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने कचरे का उचित प्रबंधन करने तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने की अपील की जा रही है।

# भोपाल में वूशु खिलाड़ियों ने जीते 25 पदक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**



टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में 16, 17 एवं 18 सितंबर को आयोजित 25वीं मध्यप्रदेश राज्य वूशु चैंपियनशिप 2026-27 सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर में जिले के 25 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 25 पदक अपने नाम किए मंडला दल ने टीम कोच सुमित रजक के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग तथा डॉयरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स चंचल शेखर की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ सब जूनियर सीनियर ताउलू एवं सांडा वर्गों में मंडला के खिलाड़ियों शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण रजत एवं कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। विशेष उपलब्धि यह रही कि 6 स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता के लिए हुआ जो अब मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे स्वर्ण पदक समर्थ विश्वकर्मा, हर्ष बनवाला, यशिका डागोर, अनाया क्षत्री, शिवी श्रीवास्तव, इब्तिदा नाज व रजत पदक प्रखर बर्मन,आर्या शुक्ला, लवलीन कुकरेजा, रितिका बनवाला, हेतल तलरेजा, आशुतोष जायसवाल, शिवी श्रीवास्तव, अनाया क्षत्री एवं कांस्य पदक नित्याश्री मार्को, मानिका तिवारी, अनुज रजक, श्रेयांश चौरसिया, समर्थ डहरवाल, आशुतोष जायसवाल ने प्राप्त किया भोपाल से मंडला लौटने पर पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्हें पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# जहरीली शराबकांड के खिलाफ गोंडवाना का विरोध प्रदर्शन



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में जहरीली शराब के सेवन से कई लोगों की मौत की घटना को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने गंभीर चिंता जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सागर पहुंचकर आयोजित विरोध कार्यक्रम में भाग लिया तथा जहरीली शराब के कारण हुई मौतों के मामले में सरकार से कठोर कार्यवाही मांग की विरोध कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि जहरीली शराब के सेवन से लोगों की जान जाना बेहद दुखद और चिंताजनक घटना है।

इस तरह की घटनाएं न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं बल्कि अवैध एवं जहरीली शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता को भी सामने लाती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने सदस्य को इस तरह खो देना बेहद पीड़ादायक है और सरकार को पीड़ित परिवारों की स्थिति को गंभीरता से समझते हुए तत्काल राहत एवं न्याय की दिशा में प्रभावी कदम उठाने चाहिए कार्यक्रम में शामिल प्रतिनिधियों ने जहरीली शराब की घटना से प्रभावित आदिवासी परिवारों से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने परिवारों की पीड़ा सुनी और घटना से उत्पन्न परिस्थितियों की जानकारी ली पीड़ित परिवारों ने अपनी समस्याएं और परेशानियां प्रतिनिधियों के सामने रखीं।

प्रतिनिधियों ने परिवारों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और हरसंभव मदद एवं सहयोग के लिए प्रयास किया जाएगा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने सरकार से मांग की कि जहरीली शराब के मामले की निष्पक्ष और गंभीर जांच कराई जाए घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही अवैध शराब के निर्माण बिक्री और वितरण से जुड़े नेटवर्क पर भी प्रभावी कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता जताई गई पार्टी ने यह भी मांग की कि मृतकों के परिवारों को उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी आम जनता के जीवन और सुरक्षा की रक्षा करना है। ऐसी घटनाओं में केवल कार्रवाई का आश्वासन पर्याप्त नहीं बल्कि दोषियों को सजा दिलाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ठोस एवं समयबद्ध कार्यवाही जरूरी है।

# कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक भोपाल में



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक कर्मचारी भवन गीतांजलि चौराहा भोपाल में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से आए कर्मचारी प्रतिनिधियों ने विभिन्न कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की तथा समस्याओं के निराकरण के लिए शासन स्तर पर मांगें रखने की रणनीति तय की बैठक में जिले से पहुंचे कर्मचारी प्रतिनिधियों ने जिले में शिक्षकों की पदोन्नति सूची अब तक जारी नहीं होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया इसके साथ ही मतांकन से संबंधित समस्या को भी कर्मचारी हित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए उसके शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर चर्चा की गई प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया से संबंधित सूची जारी नहीं होने के कारण संबंधित कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है बैठक में इन समस्याओं को शासन के संबंधित विभाग के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने और शीघ्र निराकरण कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष अतुल मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल से मुलाकात कर जिले की समस्याओं से अवगत कराएगा प्रतिनिधिमंडल द्वारा शिक्षकों की पदोन्नति सूची जारी करने सहित मतांकन की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग रखी जाएगी प्रांतीय बैठक में जिला अध्यक्ष सतीश मिश्रा, जिला सचिव रविशंकर साहू एवं संभागीय उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला उपस्थित रहे।

# रेलवे ओवरब्रिज की मांग पर अब 28 सितंबर को रेल रोको आन्दोलन

## नैनपुर-सिवनी फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी तेज, बैठक में बनी रणनीति



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नैनपुर नगर के सिवनी फाटक पर लंबे समय से उठ रही रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग अब आंदोलन का बड़ा रूप लेने जा रही है। आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर बैठक आयोजित कर आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार की है। पार्टी ने 28 सितंबर को 'रेल रोको' आंदोलन करने का ऐलान किया है। ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर पार्टी द्वारा पूर्व में ज्ञापन, तीन दिवसीय धरना सहित विभिन्न माध्यमों से प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा चुका है। पार्टी पदाधिकारियों का आरोप है कि मांग के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित गति से कार्रवाई नहीं हो रही है।

**20 सितंबर की बैठक में लिया गया बड़ा निर्णय**-पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में आगामी आंदोलन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि 28 सितंबर को प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को लेकर कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों को एकजुट किया जाएगा। इससे पहले पार्टी द्वारा जून में ज्ञापन देने के बाद 19 से 21 जुलाई तक तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया गया था। पार्टी का कहना है कि सिवनी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण हजारों लोगों की जरूरत से जुड़ा मुद्दा है। रेलवे फाटक बंद होने से आवागमन प्रभावित होता है और ग्रामीणों, राहगीरों तथा रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल जाने वाले मरीजों को भी फाटक बंद होने की स्थिति में परेशानी होने की बात बैठक में उठाई गई।

### आंदोलन को लेकर कार्यकर्ताओं में बढ़ी सक्रियता

बैठक में जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश तिवारी, जिला संगठन मंत्री शिव सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष महेंद्र महेश, नगर उपाध्यक्ष राजा सोनी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में 28 सितंबर के आंदोलन को लेकर व्यापक तैयारी और रणनीति पर चर्चा की गई।

पार्टी ने स्पष्ट किया है कि ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। अब सभी की नजरें 28 सितंबर के प्रस्तावित 'रेल रोको' आंदोलन पर टिकी हैं।

# नैनपुर नगरपालिका में वर्षों से जमे उपयंत्री पर उठे सवाल

## स्थानांतरण के बाद हाईकोर्ट से स्टे कामकाज को लेकर ठेकेदारों में नाराजगी

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर पालिका परिषद नैनपुर में वर्षों से पदस्थ उपमंत्री अभिलाष श्रीवास की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश शासन की स्थानांतरण नीति के अन्तर्गत किये गये स्थानांतरण के बावजूद आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदारों का आरोप है कि उपयंत्री नियमित रूप से नगरपालिका नहीं आते हैं और न हीं कामकाज करते है। अपने काम को सरल एंव शुलभ बनाने शाहपुरा से एक अप्रशिक्षित व्यक्ति की नियुक्ति इनके द्वारा नगरपालिका नैनपुर में कराई गई है जो सम्पूर्ण कार्य उपयंत्री अभिलाष श्रीवास का किया करता है। जो अपने आप में प्रश्नचिन्ह लगा रही है। इन सभी गतिविधियों पर नगरपालिका परिषद पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उपयंत्री की लापरवाही एंव गैर उपस्थिति के कारण निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी निगरानी और जिम्मेदारी को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, कुछ ठेकेदारों का कहना है कि उन्हें तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका, भुगतान तथा अंतिम देयक जबलपुर से कराने सहित नगरपालिका संबंधी कार्यों के लिए परेशान होकर सीएम हेल्पलाइन लगानी पड़ी है जिसके करीब एक वर्ष हो गये है शिकायत को वापस लेने दबाब बनाया जा रहा जबकि अंतिम देयक जबलपुर से कराने आनाकानी की जा रही जा रही है। नगरपालिका कार्यालय में आसपास कथित रूप से दलालों का जमावड़ा रहने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. (बी-पैक्स) मंडला पंजी.क्रं. 05**

**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना**

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. (बी-पैक्स) मंडला के सभी अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा की बैठक माननीय प्रशासक महोदय जी की अध्यक्षता में समिति कार्यालय में दिनांक 28.09.2026 दिन सोमवार को समय 12:00 बजे से निम्न विषयो में निर्णय लेने हेतु आमंत्रित की जाती है। कृपया आमसभा में आप सभी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है निर्धारित समय 12:00 बजे गणपूर्ति (कोरम) की पूर्ति न होने की दशा में आम सभा को आधा घंटे के लिये स्थागित की जायेगी स्थगित साधारण आम सभा की बैठक आधा घंटे के पश्चात उसी दिन उसी स्थान पर उपस्थिति सदस्यों द्वारा आमसभा की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी।

प्रबंधक
बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख
सहकारी समिति मर्या.(बी-पैक्स) मंडला

स्वतंत्र मत
जबलपुर
मंगलवार 22 सितंबर 2026



संपादकीय

# एआई का नया खतरा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ सवालों के जवाब देने वाला चैटबॉट नहीं रह गया है। बीते कुछ महीनों में एंथ्रोपिक, चैटजीपीटी जैसी फर्म ने ऐसे मॉडल लॉन्च किए हैं, जिन्होंने एआई के संभावित खतरों को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। ये जो नए एआई मॉडल हैं वे इंटरनेट पर जानकारी खोज सकते हैं, कोड लिख सकते हैं, कंप्यूटर पर काम कर सकते हैं और कई चरणों वाले काम अपने आप पूरा कर सकते हैं। यही क्षमता उन्हें ज्यादा उपयोगी बना रही है। हालांकि, इसके साथ नए तरह के खतरे भी पैदा हो रहे हैं। अगर किसी एआई को कोई लक्ष्य दिया जाए और उसके रास्ते में लगी सुरक्षा सीमा कमजोर पड़ जाए, तो वह ऐसा कदम उठा सकता है जिसकी उम्मीद उसके बनाने वालों ने भी नहीं की होगी। हाल की कुछ साइबर-सिक्योरिटी टेस्टिंग घटनाएं जो हुई हैं वह इसी सवाल को सामने ला रही हैं। कुछ ही दिन पहले गूगल जेमिनी से जुड़ी एक घटना सामने आई। एआई सिक्योरीटी फर्म इर्रेगुलर जेमिनी की साइबर सिक्योरिटी क्षमताओं की जांच कर रही थी। इसके लिए एक बंद टेस्टिंग एन्वायरनमेंट बनाया गया था, जिसमें असली कंपनियों की जगह नकली कंपनियों और सिमुलेटेड सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा था। लेकिन, जिस एन्वायरनमेंट में मॉडल को काम करना था। वहां उसे अनजाने में इंटरनेट का एक्सेस मिल गया। अब जेमिनी केवल टेस्ट में मौजूद नकली दुनिया तक सीमित नहीं था। उसके सामने इंटरनेट की वास्तविक दुनिया भी खुल गई थी। गूगल ने बाद में पुष्टि की कि इस दौरान जेमिनी ने तीन वास्तविक कंपनियों के सिस्टम तक अनधिकृत पहुंच हासिल किया। दो अन्य टेस्ट में रास्ता थोड़ा अलग था। जेमिनी ने इंटरनेट पर मौजूद सार्वजनिक रिपॉजिटरीज को खोजा और वहां ऐसी क्रेडेंशियल्स मिलीं जिनसे दो वास्तविक कंपनियों के सिस्टम तक पहुंच संभव थी। मॉडल ने इन क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल किया और उन सिस्टम्स में प्रवेश कर लिया। यहां फिर वही महत्वपूर्ण बात सामने आती है। एआई को इन कंपनियों को टारगेट करने के लिए नहीं कहा गया था। वह अपने साइबर टेस्ट को पूरा करने के लिए उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल कर रहा था। हालांकि, इंटरनेट ने उसके सामने ऐसी जानकारी खोल दी जो टेस्ट की सीमा से बाहर थी। गूगल के मुताबिक, जैसे ही जेमिनी को समझ आया कि ये वास्तविक कंपनियां हैं, उसने आगे की कार्रवाई रोक दी। इसके बाद संबंधित कंपनियों को भी इस घटना की जानकारी दी गई थी। कुछ दिनों पहले ओपेनएआई के एआई मॉडल्स की साइबर सिक्योरिटी इवेल्यूशन के दौरान भी एक ऐसी घटना सामने आई जिसने इस चिंता को और गंभीर बना दिया। इस दौरान एक खास तरह के साइबर सिक्योरिटी टेस्ट में 1200 एआई एजेंट्स को एक बंद सिस्टम यानी सैंडबॉक्स में काम करने के लिए छोड़ा गया। ये एजेंट्स आपस में बातचीत नहीं कर सकते थे। हैरानी की बात यह है कि इन एजेंट्स ने आपस में बातचीत करने के लिए एक मैसेज बोर्ड बनाया। यहां एक एजेंट ने अपने आप को फेजवन10841 नाम दिया और खुद को ग्रुप लीडर बना लिया। इसके बाद उसने दूसरे एजेंट्स को अलग अलग टीम में बांटकर उन्हें अलग अलग काम देने लगा। इन एजेंट्स ने हगिंग फेस के सिस्टम पर हमला कर दिया। आज के समय एआई सिर्फ जानकारी देने वाला सॉफ्टवेयर नहीं रहा है। वह देख सकता है, खोज सकता है, निर्णय ले सकता है और टूल्स के जरिए एक्शन भी परफॉर्म कर सकता है। यही खासियत उसे शक्तिशाली बनाती है और यही जोखिम भी बढ़ाता है। जेमिनी और हगिंग फेस से जुड़ी घटनाओं की सबसे बड़ी सीख यह है कि एआई की साइबर सिक्योरिटी क्षमताएं अब इतनी आगे बढ़ रही हैं कि टेस्टिंग के दौरान भी उसकी ऑटोनॉमी को बहुत सावधानी से सीमित करने की जरूरत है।

## सरकार के लिए असली कसौटी

# पैसा नहीं, भरोसा है यूपीआई की सबसे बड़ी पूंजी



योगेश कुमार गोयल

(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और 'सागर से अंतरिक्ष तक' भारत की रक्षा क्रांति' सहित कई पुस्तकों के लेखक हैं)

जिस यूपीआई ने भारत में भुगतान की आदत बदल दी, अब उसी यूपीआई की अर्थव्यवस्था बदलने जा रही है। मोबाइल निकाला, क्यूआर कोड स्कैन किया और भुगतान हो गया, न नकदी की जरूरत, न खुले पैसे की चिंता और न किसी अतिरिक्त शुल्क का झंझट। चाय की दुकान से लेकर मॉल तक, रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर बड़े कारोबारी प्रतिष्ठानों तक यूपीआई भारतीय जीवन का हिस्सा बन चुका है। ऐसे में 15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के चुनिंदा पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने का निर्णय केवल भुगतान उद्योग का व्यावसायिक निर्णय नहीं है बल्कि यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के भविष्य से जुड़ा सवाल है। इसलिए पहले सभी प्रकार के भ्रम दूर होने चाहिएं। फिलहाल ग्राहक के बैंक खाते से 0.4 प्रतिशत शुल्क नहीं कटेगा, यह एमडीआर व्यापारी से लिया जाना है। 2,000 रुपये तक के पी2एम लेन-देन इससे बाहर रहेंगे और पर्सन-टू-पर्सन यानी पी2एम भुगतान राशि की परवाह किए बिना मुफ्त रहेंगे। सरकार के अनुसार लगभग 96 प्रतिशत पी2एम लेन-देन भी इस व्यवस्था से प्रभावित नहीं होंगे। 75,000 रुपये या उससे अधिक के पात्र लेन-देन पर एमडीआर की अधिकतम सीमा 300 रुपये होगी। अर्थात आज की स्थिति में यह कहना गलत होगा कि 2,000 रुपये से ज्यादा का यूपीआई भुगतान करने पर ग्राहक को सीधे 0.4 प्रतिशत देना पड़ेगा।

यहीं से एक बड़ा सवाल जन्म लेता है कि क्या किसी शुल्क का ग्राहक से सीधे न लिया जाना यह गारंटी देता है कि उसका अंतिम आर्थिक बोझ ग्राहक तक नहीं पहुंचेगा? इसका उत्तर बाजार के व्यवहार में छिपा है। व्यापारी से शुल्क लिया जाएगा तो वह इसे अपने खर्च में जोड़ेगा। कोई व्यापारी अपना मार्जिन घटाकर लागत वहन कर सकता है, कोई वस्तु या सेवा की कीमत में उसे समायोजित कर सकता है और कोई ग्राहक को नकद भुगतान की ओर आकर्षित कर सकता है। यूपीआई की असली ताकत उसकी तकनीक भर नहीं है बल्कि उसकी असली ताकत उसकी सहजता, गति और कम लागत है। यदि भुगतान से पहले नागरिक को यह सोचना पड़े कि कौनसा माध्यम सस्ता है, किस राशि पर शुल्क लगेगा और व्यापारी उससे कितना अतिरिक्त पैसा मांगेगा तो डिजिटल भुगतान की सरलता पर चोट होगी। यहां सरकार के सामने एक वास्तविक चुनौती भी है। माना कि इतना विशाल भुगतान नेटवर्क मुफ्त में नहीं चलता। लगातार बढ़ते लेन-देन के साथ सर्वर, नेटवर्क, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकथाम, तकनीकी रखरखाव और डिजिटल अवसंरचना पर भारी खर्च होता है। वर्षों तक यूपीआई पर शून्य एमडीआर की व्यवस्था में इस लागत का बड़ा हिस्सा बैंक, भुगतान कंपनियां और सरकार वहन करते रहे हैं। इसलिए यूपीआई को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए कोई मॉडल तलाशना अपने आप में गलत नहीं है। लेकिन टिकाऊपन के नाम पर जनता की जेब को स्थायी राजस्व स्रोत बना देना भी स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।




यहीं बर्नस्टीन का अनुमान महत्वपूर्ण हो जाता है। उसके आकलन के अनुसार, यदि यूपीआई के कुल ट्रांजैक्शन मूल्य के आधे हिस्से पर 40 बेसिस प्वाइंट यानी 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाए तो वित्त वर्ष 2028 तक लगभग 22,000 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व पूल बन सकता है। उसके अनुमान के अनुसार, इसमें बैंकों और भुगतान ऐप्स की हिस्सेदारी भी बड़ी होगी। यह कोई सरकारी राजस्व अनुमान नहीं बल्कि एक बाजार विश्लेषण है लेकिन यह जरूर बताता है कि यूपीआई अब केवल सुविधा नहीं बल्कि बहुत बड़ा आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र बन चुका है। यूपीआई के आंकड़े इसकी ताकत बताते हैं। 2016-17 में जहां यूपीआई लेन-देन लगभग दो करोड़ थे और उनका मूल्य करीब 7,000 करोड़ रुपये था, वहीं 2025-26 में लेन-देन बढ़कर लगभग 24,162 करोड़ और कुल मूल्य करीब 314 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एक दशक में हुई यह छलांग बताती है कि यूपीआई अब भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ जैसी डिजिटल अवसंरचना बन चुका है और जब कोई व्यवस्था इतनी बड़ी हो जाए तो उसके नियमों में छोटा बदलाव भी बड़ा प्रभाव पैदा कर सकता है। संख्या के लिहाज से 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान कुल लेन-देन में छोटा हिस्सा हो सकते हैं लेकिन उनकी कुल वैल्यू बहुत बड़ी है। यानी नीति निर्माताओं ने फिलहाल ऐसी श्रेणी चुनी है, जहां अपेक्षाकृत कम संख्या में लेन-देन से भुगतान नेटवर्क की लागत का बड़ा हिस्सा निकाला जा सकता है और रोजमर्रा के छोटे भुगतान को बचाया जा सकता है। यह संतुलन बनाए रखना ही असली चुनौती है।

छोटे दुकानदार और रेहड़ी-पटरी वाले यूपीआई के सबसे बड़े लाभार्थियों में हैं। उनके लिए डिजिटल भुगतान सुविधा भी है और कारोबार बढ़ाने का माध्यम भी। यदि भुगतान स्वीकार करने की लागत बढ़ती है तो उसका असर उनके छोटे-छोटे मार्जिन पर पड़ सकता है। इसलिए छोटे व्यापारियों के लिए उपलब्ध छूट और सुरक्षा प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। दूसरी चिंता पारदर्शिता की है। यदि एमडीआर लागू हो रहा है तो जनता को यह साफ-साफ बताया जाना चाहिए कि उससे प्राप्त रकम का आर्थिक ढ़ांचा क्या होगा, किस हिस्से से किस पक्ष की लागत पूरी होगी और भुगतान अवसंरचना को मजबूत करने में इसका कितना उपयोग होगा। जनता पर लागत डालने से पहले जनता को हिसाब मिलना चाहिए। तीसरी और सबसे बड़ी चिंता भविष्य की है। आज सीमा 2,000 रुपये है। आज शुल्क व्यापारी देता है। आज पी2एम भुगतान मुफ्त है। इन तीनों तथ्यों को स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाना चाहिए लेकिन इसी के साथ यह भी समझना होगा कि किसी भी आर्थिक व्यवस्था में शुल्क संरचना स्थिर रहने की गारंटी स्वतः नहीं होती। भविष्य में यदि कोई बदलाव प्रस्तावित होता है तो उसे अलग से नीति, सार्वजनिक बहस और स्पष्ट सरकारी निर्णय के रूप में देखा जाना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था से यह निष्कर्ष निकालना कि अब हर यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगना तय है, तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं होगा लेकिन इस आशंका को पूरी तरह नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

डिजिटल भुगतान का भरोसा बहुत मुश्किल से बनता है और बहुत आसानी से कमजोर हो सकता है। नागरिकों को यदि लगे कि जिस सुविधा को अपनाने के लिए उसे वर्षों तक प्रोत्साहित किया गया, अब उसी सुविधा के लिए धीरे-धीरे भुगतान करना पड़ेगा तो सवाल केवल कुछ रुपयों का नहीं रहेगा बल्कि सवाल यह होगा कि डिजिटल भारत की लागत आखिर कौन चुका रहा है? सरकार को इसलिए एक स्पष्ट लक्ष्मण रेखा खींचनी होगी। छोटे भुगतान मुफ्त रहें, पी2एम भुगतान मुफ्त रहे, छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और सबसे महत्वपूर्ण यह कि भविष्य में शुल्क संरचना में कोई बदलाव हो तो वह पारदर्शी तरीके से हो, न कि धीरे-धीरे ऐसी व्यवस्था के रूप में, जिसमें नागरिक को हर डिजिटल भुगतान पर किसी न किसी शुल्क का सामना करना पड़े। यूपीआई को राजस्व का स्रोत बनाने की जल्दबाजी डिजिटल क्रांति के मूल उद्देश्य को कमजोर कर सकती है। भारत ने नकदी से डिजिटल भुगतान की ओर आने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया। छोटे दुकानदारों को क्यूआर कोड दिए गए। बैंकों और भुगतान कंपनियों ने डिजिटल भुगतान को सामान्य जीवन का हिस्सा बनाया। अब इस पूरी यात्रा की सबसे बड़ी पूंजी जनता का भरोसा है। उस भरोसे की कीमत किसी एमडीआर से कहीं ज्यादा है।

सरकार के लिए असली कसौटी यह नहीं होनी चाहिए कि यूपीआई से कितने हजार करोड़ रुपये कमाए जा सकते हैं बल्कि कसौटी यह होनी चाहिए कि यूपीआई को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाते हुए आम आदमी के लिए उसे सस्ता, सरल और भरोसेमंद कैसे रखा जाए। व्यापारी से एमडीआर लेना एक बात है, उस लागत का धीरे-धीरे ग्राहक तक पहुंच जाना दूसरी। पहली व्यवस्था आर्थिक मॉडल हो सकती है, दूसरी व्यवस्था डिजिटल सुविधा पर बोझ बन सकती है। इसलिए अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि यूपीआई पर आम जनता से शुल्क शुरू हो गया लेकिन यह चेतावनी देने का समय जरूर है कि आज व्यापारी के नाम पर दर्ज होने वाला शुल्क कल ग्राहक की जेब तक पहुंचने न पाए। यूपीआई की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं कि उसने अरबों-खरबों रुपये के लेन-देन संभव किए, उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने भुगतान को आम भारतीय के लिए इतना आसान बना दिया कि नकदी की जरूरत कम होती गई। यूपीआई की कीमत तय करते समय इस उपलब्धि की कीमत नहीं लगनी चाहिए। डिजिटल भारत को कमाई का मॉडल चाहिए लेकिन ऐसा मॉडल नहीं, जो उसकी डिजिटल रीढ़ को ही महंगा कर दे।

# जब हिमालयी आपदाएं ब्रह्मपुत्र नदी पर परियोजनाओं से टकराएंगी, तो क्या होगा?

केएस तोमर

नेपाल में 26 अगस्त को आई त्रासदी याद दिलाती है कि हिमालय अब महज एक भौगोलिक दीवार नहीं, बल्कि बेहद नाजुक पारिस्थितिक क्षेत्र है। अब सवाल यह है कि जब हिमालयी आपदाएं तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की प्रस्तावित पनबिजली परियोजना से टकराएंगी, तो क्या होगा? नेपाल त्रासदी के कुछ ही दिन बाद बीजिंग ने उसे आगे बढ़ाने का इरादा दोहराया है। निचले यारलुंग जांग्बो (ब्रह्मपुत्र) नदी पर बनने वाली इस पांच बांधों वाली परियोजना की अनुमानित लागत 14 लाख करोड़ रुपये और इसकी क्षमता 60 गीगावाट तक हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश की ओर नदी के मुड़ने से पहले 'ग्रेट बेंड' के पास इसकी प्रस्तावित जगह इसे भारत के लिए एक रणनीतिक चिंता का विषय बनाती है। जलवायु वैज्ञानिकों और हिमालयी समुदायों ने चेतावनी दी है कि बढ़ता तापमान, पिघलते ग्लेशियर, अनियमित बारिश, अस्थिर ढलान और बिना सोचे-समझे मानवीय हस्तक्षेप पहाड़ों को और ज्यादा खतरनाक बना रहे हैं। यारलुंग त्सांगपो नदी (जो भारत में ब्रह्मपुत्र बन जाती है) पर चीन की विशाल बांध परियोजना एक नया रणनीतिक पहलू जोड़ती है। नदी के बहाव की दिशा में पड़ने वाले देशों के लिए सीधा सवाल है कि उस नदी के पानी पर किसका नियंत्रण होगा, जो लाखों लोगों के जीवन का आधार है? दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप-संवेदनशील और पर्यावरण की दृष्टि से नाजुक इलाकों में से एक में इतना विशाल बांध बनाने में ऐसे जोखिम हैं, जिन्हें मापा नहीं जा सकता।



भूकंप, भूस्खलन या अचानक पानी छोड़े जाने से बनी प्राकृतिक आपात स्थिति सीमा-पार की आपदा में बदल सकती है। एशिया की कई बड़ी नदियों के उद्गम स्थलों पर चीन के नियंत्रण ने नदी के निचले इलाकों के देशों में चिंता पैदा कर दी है। तिब्बत के जल संसाधनों पर चीन का एकाधिकार निचले इलाकों के देशों के लिए त्रासदी और नुकसान का कारण बन सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी भारत व बांग्लादेश में खेती, मत्स्यपालन, पारिस्थितिकी तंत्र और लाखों लोगों की आजीविका का आधार है। इसका पारिस्थितिक संतुलन नाजुक है। इसके ऊपरी हिस्से में बड़े पैमाने पर दखल को क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दे के तौर पर देखा जाना चाहिए। यह मामला तब और भी अहम हो जाता है, जब हिमालय के आसपास भूगोल, भू-विज्ञान और भू-राजनीति पहले से ही खतरनाक ढंग से आपस में जुड़े हुए हों।

असली समस्या पारदर्शिता और गारंटी की कमी है। हाइड्रोलॉजिकल डाटा (पानी से जुड़े आंकड़े) के मामले में चीन के रवैये पर सवाल उठे हैं। 2017 में डोकलाम में हुए सैन्य गतिरोध के दौरान, चीन ने बांग्लादेश से तो डाटा साझा किया, लेकिन भारत से नहीं। इस वजह से भारत ब्रह्मपुत्र में आने वाली बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हो पाता, जबकि चीन समझौते के तहत भारत के साथ यह जानकारी साझा करने के लिए बाध्य है। जिस देश का नदियों के उद्गम स्थल पर नियंत्रण होता है, वह खेती, आपदा की तैयारी, ऊर्जा सुरक्षा और अंततः राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। यही वजह है कि चीन की बांध बनाने की महत्वाकांक्षाओं को भारत सिर्फ तिब्बत से जुड़ा मामला नहीं मान सकता।

नेपाल की त्रासदी को एक गंभीर चेतावनी के तौर पर देखा जाना चाहिए। जब पहले से अस्थिर पहाड़ी इलाकों पर खराब मौसम, भूकंप, भूस्खलन और बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का दबाव एक साथ बढ़ता है, तो छोटी-सी चूक भी बड़े संकट में बदल सकती है। अब इस क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षा को पूरे क्षेत्र की साझा सुरक्षा की जिम्मेदारी माना जाना चाहिए और नदी के बहाव की दिशा में पड़ने वाले देशों को मिलकर चीन से पारदर्शिता की मांग करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी इसका समर्थन करना चाहिए। पानी और भूकंप से जुड़ी जानकारी, समय पर चेतावनी और आपात स्थिति में आपसी तालमेल के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी व्यवस्था बनाने पर जोर देना चाहिए। चीन का यह तर्क कि विकास उसका संप्रभु अधिकार है। लेकिन किसी इलाके पर संप्रभुता का मतलब यह नहीं है कि नदी के बहाव की दिशा में रहने वाले लोगों के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है। सीमा-पार बहने वाली नदी को केवल उस देश की निजी संपत्ति नहीं माना जा सकता, जहां से वह निकलती है। जरूरी है कि पानी छोड़े जाने की असामान्य घटनाओं की पहले से सूचना दी जाए और आपदा से निपटने के लिए एक तय व्यवस्था हो। बांधों के कुल असर की जांच स्वतंत्र वैज्ञानिक आकलन के जरिये होनी चाहिए, न कि हर परियोजना का अलग-अलग मूल्यांकन किया जाए। नेपाल में हुई तबाही हिमालय का साफ संकेत है। इसका समाधान यह नहीं हो सकता कि हम अगली आपदा का इंतजार करें और मरने वालों की गिनती करें। नदी के बहाव की दिशा में बसे देशों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को मिलकर चीन पर दबाव बनाना चाहिए कि वह पानी और भूकंप संबंधी जानकारी साझा करने के लिए बाध्यकारी समझौतों पर हस्ताक्षर करें।

# अपना ही जीवन जिएं, भीड़ का नहीं

ज्योति भास्कर

मनुष्य अपने जीवन का सबसे बड़ा धोखा खुद से करता है। वह जीवन भर किसी और जैसा बनने की कोशिश करता रहता है। परिवार जैसा चाहता है, समाज जैसा स्वीकार करता है और जैसा भीड़ जीती है। धीरे-धीरे वह अपनी ही आवाज से दूर होता जाता है। फिर एक दिन बहुत कुछ हासिल कर लेने के बाद भी उसे भीतर ही भीतर एक प्रश्न कचोटता रहता है कि क्या मैं वास्तव में वही बना, जो मैं हो सकता था?

मनुष्य कोई पूर्ण वस्तु नहीं, जीवन-सृजन की सतत प्रक्रिया है। इसलिए अपने आप से केवल यह मत पूछो- मैं क्या हूं, बल्कि पूछो- मैं क्या बन सकता हूं। यही प्रश्न तुम्हें अपने भीतर ले जाएगा। समाज हमेशा तुम्हारे लिए एक तैयार जीवन रखता है। वह बताता है कि सफलता क्या है और तुम्हें किस दिशा में जाना चाहिए।

परिवार भी अपनी आकांक्षाएं तुम्हारे भीतर देखता है और भीड़ तुम्हें आश्वस्त करती रहती है कि जो सब कर रहे हैं, वही सही है। लेकिन जो व्यक्ति दूसरों की स्वीकृति पर अपना जीवन बनाता है, वह धीरे-धीरे अपने जीवन का स्वामी नहीं रह जाता। इसलिए कभी-कभी अकेले खड़े होने का साहस करो।

मनुष्य को अपने जीवन की दिशा तय करने के लिए भीड़ की इजाजत नहीं चाहिए। लेकिन अपनी आवाज पहचानना आसान नहीं होता। भीतर केवल तुम्हारी आवाज ही नहीं होती। वहां भय, आदतें, स्मृतियां और दूसरों की अपेक्षाएं हैं और वह व्यक्तित्व भी है, जिसे तुमने स्वीकृति पाने के लिए गढ़ लिया है। इन सबके बीच तुम्हारी अपनी आवाज दब जाती है। उसे सुनने के लिए मौन और स्वयं से ईमानदारी चाहिए।

स्वयं को जानने के साथ ही परखना भी जरूरी है। और फिर खुद को बदलना भी। यहीं से आत्म-अतिक्रमण शुरू होता है। मनुष्य की शक्ति उसकी संभावनाओं में छिपी होती है। तुम गिरोगे, असफल होगे अपने फैसलों पर अफसोस करोगे। यह जीवन का हिस्सा है। परिस्थिति तुम्हारे सामने खड़ी है, उसका अर्थ तुम्हारा उत्तर तय करता है।

यहीं भाग्यवाद व स्वतंत्रता अलग होते हैं। भाग्य कहता है- जो होना था, हो गया। स्वतंत्र मनुष्य पूछता है- अब मैं क्या करूं? अपने अतीत से युद्ध मत करो। उसे सफलताओं, असफलताओं, भूलों और पीड़ाओं सहित स्वीकार करो। अतीत को बदला नहीं जा सकता, लेकिन उसके साथ अपने भीतर वह स्वर खोजो, जिसे केवल तुम सुन सकते हो और फिर उसे जीने का साहस करो।

दुनिया ने तुम्हें क्या बनाया- यह आधी कहानी है और बाकी आधी यह कि तुमने अपने साथ क्या किया। इसलिए अपने अतीत का कैदी और भीड़ की नकल मत बनो और भाग्य को अपने फैसलों का बहाना मत बनाओ। अपने भीतर उतर कर देखो और संभावनाओं को पहचानो। फिर उन्हें कर्म में बदलो। जो तुम हो, वही बनो। तब तुम अपने भीतर से यह कह सकोगे- मैंने वह जीवन जिया, जो मेरा था।

जीवन केवल यह स्वीकार करने का नाम नहीं कि दुनिया ने आपको क्या बनाया, बल्कि यह तय करने का साहस भी है कि आप क्या बन सकते हैं। अतीत को बदलना संभव नहीं, लेकिन उससे सीखकर आज का रास्ता जरूर बदला जा सकता है। असफलताओं से डरिए नहीं, क्योंकि वे आपको संभावनाओं को पहचानने का अवसर देती हैं।

# बेचारे जेबकतरों की तो रोजी-रोटी ही संकट में आ गई थी.....

सरकार ने जब ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा लोगों को दी थी और लोगों ने उसे हाथों-हाथ लिया था ,उसके बाद से लोगों ने न केवल पर्स रखना बंद कर दिया था बल्कि जेब में दस बीस के नोट भी नहीं रखते थे, चाहे चाय का टपरा हो, चाहे पान की दुकान, बड़ा मॉल हो, किराने की दुकान,हो होटल हो, सिनेमा घर हो सिर्फ मोबाइल निकालने की जरूरत थी इधर आपने क्यू आर कोड स्कैन किया और उधर पैसा सामने वाले के अकाउंट में जमा हो गया यहां तक कि कुछ भिखारियों ने भी अपने सामने क्यूआरकोड अपने सामने रख लिए कि अगर भीख देना है तो नगद की जरूरत नहीं है पांच दस जितना देना चाहो क्यूआर कोड से दे दो, इससे लोगों का तो बड़ा फायदा हुआ लेकिन बेचारे जेबकतरों की रोजी रोटी संकट में आ गई थी जिसकी जेब में हाथ डालो वही खाली मिलता था किसी का पर्स मिल भी गया तो उसमें पंजी नहीं रहती थी दो चार क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड रहते थे जिनसे बिना पासवर्ड के पैसे




निकालना मुमकिन नहीं था, बेचारे जेबकतरे करते तो क्या करते थक हार कर किसी ने दूसरा धंधा अपना लिया कोई मजदूरी करने लगा, लेकिन जब से सरकार ने दो हजार से ऊपर के यूपीआई पेमेंट पर टैक्स लगाने की बात कही है जेबकतरे फूले नहीं समा रहे हैं कि एक बार फिर उनका धंधा चमक जाएगा ।इधर व्यापारियों ने भी साफ-साफ कह दिया कि अब हम नगद पैसा ही स्वीकार करेंगे क्यू आर कोड और ऑनलाइन पेमेंट से हमारा कोई लेना देना नहीं है सीधे नगद पैसा दो और आगे बढ़ो, पेट्रोल पंप वालों ने तो साफ कर दिया कि अगर तीन हजार का पेट्रोल डलवाना है तो सीधे-सीधे पांच पांच सौ के छह नोट दो । यूपीआई से पेमेंट स्वीकार किया जाता है जैसे बोर्ड उन्होंने पेट्रोल पंप से उतार लिए। जो बैंक वाले बेहतरीन आराम से बैठे रहते थे अब उनके काउंटरों पर पैसे लेने वालों की भीड़ लगने लगेगी सुना है कि जेबकतरे सरकार को धन्यवाद दे रहे हैं कि सरकार जी आप सच में समाज के हर आदमी की चिंता करते हैं अभी हम यूपीआई के चक्कर में बेरोजगार हो गए थे अब आपने हमें फिर से रोजगार में लगा दिया। लेकिन आम आदमी भारी हलाकान है कि अब नगद पैसे रखने पड़ेंगे जेब में और अगर किसी ने जेबकतर दिया तो क्या होगा? अब ये सोचना आपका काम है सरकार का जो काम था उसने कर दिया।

## नमक की कमी

एक खबर आई है कि अपना देश भारत जो नमक के उत्पादन में पूरे विश्व में तीसरे नंबर पर आता है खिसककर पीछे जाने वाला है क्योंकि क्लाइमेट के कारण नमक का उत्पादन कम होने वाला है अपने यहां नमक का बड़ा महत्व है हम लोगों को बचपन में बताया जाता था कि नमक फेंका नहीं जाता यदि तुमने नमक जमीन पर फेंक दिया तो अगले जन्म में तुम्हें नमक अपनी आंखों से उठाना पड़ेगा, उसे पानी में बहाना पड़ता था। लोग बात कहते हैं कि जिसका नमक खा लो उसके साथ बेईमानी नहीं की जा सकती।, खाने में भी नमक का बड़ा महत्व है अगर नमक ना हो तो सब्जी कितनी अच्छी हो दाल कितनी ही स्वादिष्ट हो कितना ही अच्छा व्यंजन बना हो लेकिन अगर उसमें नमक ना हो तो समझ लो वो बेकार हो जाती है डॉक्टर भी नमक के इंपॉर्टेंस को समझते हैं इसलिए जैसे ही किसी का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ मिलता है तो स्पष्ट तौर से कह देते हैं कि अब नमक कम खाया कीजिए क्योंकि नमक ब्लड प्रेशर को बढ़ा देता है, वहीं दूसरी तरफ यदि डिहाइड्रेशन हो गया हो तो नींबू नमक और शक्कर का घोल पिलाते हैं। नमक का दरोगा तो मुंशी प्रेमचंद की बड़ी पुरानी कहानी है । पहले बाजार में खड़ा नमक आता था जिसको घरों में पीसा जाता था अब तो ढेर सारी कंपनियां नमक बनाने लगी हैं यह भी कहा जाता है कि खड़े नमक का व्यापार करने वाले व्यापारी अपनी दुकान के सामने नमक के बोरे खुले रख कर घर चले जाते हैं क्योंकि कोई कितना ही बड़ा चोर क्यों ना हो वो नमक की चोरी नहीं करता, यानी नमक का महत्व हर जगह दिखाई देता है अब ऐसे में अगर नमक की कमी हो जाएगी तो क्या होगा यह भी एक सवाल खड़ा हो रहा है हो सकता है जिस नमक का हम निर्यात करते थे उस नमक का अब आयात करना पड़ जाए ।

## भारी पड़ा मंगलवार

एक बड़ी मजेदार खबर अखबारों में पढ़ी कि चंडीगढ़ की बड़ी-बड़ी कोठियां में एक चोर गैंग चोरियाँ करती थी वो केवल मंगलवार को ही चोरी को अंजाम देती थी। पूरे छह दिन वे आराम करते थे और जैसे ही मंगलवार आता था वे हाथ साफ कर देते थे अपनी इस मंगलवार की चोरी को उन्होंने ऑपरेशन ट्यूसडे नाम दिया था खबर में ही बताया गया है कि वे कुंडली देखकर चोरी करते थे और फिर चोरी का जो माल होता था उसमें से दस फ़ीसदी माल दान के लिए निकाल कर रख लेते थे । कई दिनों से उनकी ये नौटंकी जारी थी लोगबाग भी भारी परेशान हो गए थे मंगलवार को भी उनके घरों में चोरी हो जाती है जब पुलिस उनके पीछे लगी तो बदकिस्मती देखिए मंगलवार को ही पूरी गेंग पुलिस की हत्थे चढ़ गई ,यानी कल तक जो मंगलवार उनकी जेब गर्म करता था इस मंगलवार ने उन्हें ऐसी अड़ी पटकी दी कि पूरी गेंग जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गई। वैसे भी ज्योतिष के हिसाब से मंगल को बड़ा दमदार माना जाता है और जिनकी कुंडली में मंगल पावरफुल होता है वो पुलिस में, मिलिट्री में, फौज में बड़े पद पर पहुंचते हैं लेकिन इन सारे चोरों ने मंगलवार के महत्व को न समझ कर उसे चोरी का दिन बना लिया था बस फिर क्या था मंगल का दिमाग खराब हुआ और एक ही झटके में मंगल ग्रह ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया,यह भी कहा जाता है कि मंगलवार का दिन बजरंगबली का होता है बजरंगबली के दिन में चोरी का पाप यदि वह गैंग कर रही थी तो निश्चित था कि बजरंगबली अपनी गदा से उनका तिया पांचा कर देते और वही हो भी गया अब जेल की सलाखों के पीछे बैठकर वे सोच रहे हैं कि यदि मंगलवार को ऑपरेशन ट्यूसडे ना करते तो शायद उनका यह धंधा आगे भी चलता रहता ।

## सुपरहिट ऑफ़ द वीक

श्रीमान जी ने श्रीमती जी से अपने दिल की बात कही और कहा

तुमसे शादी करके मुझे एक बहुत बड़ा फायदा हो गया

कौन सा फायदा श्रीमती जी ने पूछा

मुझे मेरे गुनाहों की सजा इसी जन्म में मिल गई श्रीमान जी का उत्तर था

# सऊदी प्रिंस की मदद की अपील के बाद हूतियों पर हमले को तैयार था अमेरिका, फिर ट्रंप ने क्यों लिया यू-टर्न?



वाशिंगटन

यमन में हूती विद्रोहियों के बढ़ते प्रभाव और लाल सागर के रणनीतिक क्षेत्रों पर उनके कब्जे को लेकर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने हूती ठिकानों पर हवाई हमले की पूरी तैयारी कर ली थी और युद्धक विमान उड़ान भरने के लिए लगभग तैयार थे। लेकिन ऐन मौके पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने इस सैन्य अभियान को रद कर दिया। ट्रंप ने यह फैसला ऐसे समय में लिया, जब अमेरिका के अहम सहयोगी सऊदी अरब ने उनसे तत्काल मदद की गुहार लगाई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने हूती ठिकानों पर हमले के लिए टारगेट लिस्ट को अंतिम रूप दे दिया था। स्थिति इतनी आगे बढ़ चुकी थी कि युद्धक विमानों में बम तक लोड किए जा रहे थे। हालांकि, यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिकी सैनिकों के हमले से ठीक पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मिशन से पीछे हटने का फैसला कर लिया। लाल सागर के पास रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर यमन के हूतियों का नियंत्रण तेजी से बढ़ रहा था। इस खतरे को रोकने के लिए सऊदी अरब लगातार अमेरिकी सैन्य सहायता की मांग कर रहा था, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति इस लड़ाई में सीधे तौर पर उलझने से हिचकिचा रहे थे। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि यह मामला पिछले हफ्ते तब और गरमा गया, जब सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप को फोन किया। ईरान के साथ तनाव के बीच अमेरिका के प्रमुख सहयोगी माने जाने वाले क्राउन प्रिंस ने तेजी से आगे बढ़ रहे हूती गुट को रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति से एक बार फिर सीधे सैन्य हस्तक्षेप की अपील की थी। इसके बावजूद, अंतिम क्षणों में ट्रंप ने हमले की योजना को टाल दिया। इससे ठीक एक दिन पहले ट्रंप ने कथित तौर पर अपने सलाहकारों से कहा था कि वह हूती और सऊदियों के बीच चल रही लड़ाई में शामिल होने के पक्ष में नहीं हैं। हालांकि, गुरुवार को क्राउन प्रिंस के साथ फोन पर बात करने के बाद ट्रंप अपने शब्दों से पीछे हट गए और उन्होंने पेंटागन के अधिकारियों को यमन के मिलिशिया के खिलाफ हवाई हमलों की तैयारी करने को कहा। रविवार तक ट्रंप ने अपना फैसला फिर से बदल लिया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल हूतियों के खिलाफ कोई अमेरिकी हवाई हमला नहीं होगा। ट्रंप ने आखिरी समय में अपनी योजना तब बदल दी, जब कमांडरों ने लक्ष्य सूचियों को मंजूरी दे दी थी, मिशन के लिए चुने गए अमेरिकी युद्धक विमानों पर सैनिक बम लोड कर रहे थे और हमलों की लहर बस शुरू ही होने वाली थी। अभी तक, व्हाइट हाउस ने ट्रंप के रुख बदलने पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका का सऊदी अरब के साथ एक रक्षा समझौता है, और हम हमेशा अपने सहयोगियों की रक्षा करेंगे।

एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने प्रकाशन को बताया कि राष्ट्रपति के करीबी लोगों में से अधिकांश हूतियों के खिलाफ सऊदी अरब की लड़ाई में शामिल होने को लेकर या तो गहराई से संशय में हैं या इसके पूरी तरह से खिलाफ हैं, खासकर तब जब अमेरिकी सेना पहले से ही ईरान के साथ युद्ध के तनाव का सामना कर रही है। फॉक्स न्यूज के अनुसार, ट्रंप ने बताया कि हूतियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका पर हमला न करने की सहमति दी है।

# 1000 रुपये प्रति लीटर बिकेगा पेट्रोल, आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान के मंत्री की चेतावनी



इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने रविवार को कड़ी चेतावनी दी कि अगर देश में ईंधन की कमी हुई तो पेट्रोल की कीमतें 1,000 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती हैं। मिडिल ईस्ट में फिर से तनाव बढ़ने के कारण दुनिया भर में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो न्यूज के मुताबिक, लाहौर में पत्रकारों से बात करते हुए मलिक ने कहा कि पाकिस्तान में पेट्रोलियम की कीमतें पहले ही 50 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं और यूरोप तथा अमेरिका में भी कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को हूकी विद्रोहियों के हमले मंजूर नहीं। सरकार ईंधन की बढ़ती कीमतों के असर को कम करने के लिए समाज के कमजोर वर्गों को राहत दे रही है। ऊर्जा के मामले में मंत्री ने कहा कि तेल के कुओं पर काम शुरू हो गया है और सरकार को उम्मीद है कि अक्टूबर तक देश में ही कच्चा तेल मिल जाएगा, जिससे महंगे आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है।

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब मिडिल-ईस्ट में फिर से तनाव बढ़ने और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने की वजह से ग्लोबल ऑयल मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव के बीच ईंधन की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कीमतों में हालिया बदलाव के बाद पेट्रोल अब 389.14 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल 424.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। बढ़ती कीमतों को देखते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले रविवार को एक खास राहत योजना शुरू की जिसके तहत मोटरसाइकिल, रिक्शा और चिंगची मालिकों और 800 सीसी तक की गाड़ियों के ड्राइवरों को पेट्रोल पर 100 रुपये प्रति लीटर की छूट दी जा रही है।

## केरल में भारी बारिश से भूस्खलन और अचानक बाढ़ पर्यटकों समेत छह लोगों की मौत, चार लापता

**तिरुवनंतपुरम, (वार्ता)।** केरल में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ जैसी घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। राज्य के कई हिस्सों, खासकर इडुक्की, कोट्टायम और मलप्पुरम जिलों के पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश हुई। इडुक्की जिले के वट्टावडा में भूस्खलन से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि मलप्पुरम में टीके कॉलोनी के पास कोट्टाप्पुझा में अचानक आई बाढ़ की चपेट में आने से दो अन्य लोगों की जान चली गई। कल रात कोट्टायम जिले में बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में दो और लोगों की मौत हो गई। कोट्टाप्पुझा में अचानक आई बाढ़ के कारण तीन पर्यटकों और एक स्थानीय महिला समेत चार लोग लापता हो गए हैं; बचाव दल उन्हें खोजने की कोशिशें तेज कर रहे हैं। यह घटना तब हुई जब घने जंगलों वाले इलाकों में भारी बारिश के कारण पानी का स्तर अचानक बढ़ गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले कुछ घंटों में पथानामथिट्टा, इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़ और कोझिकोड ज़िलों में मध्यम बारिश और 40 किमी प्रति घंटे तक की तेज़ हवाओं का अनुमान लगाया है। बारिश तेज़ होने के बाद, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर घंटे स्थिति का जायज़ा लेने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन आयुक्त की अध्यक्षता में इडुक्की और कोट्टायम ज़िला कलेक्टरों के साथ हुई एक आपातकालीन बैठक में स्थिति और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के उपायों की समीक्षा की गई।

जोखिम वाले इलाकों में एसएमएस के ज़रिए अलर्ट और निर्देश भी जारी किए गए हैं। मलप्पुरम के अमरमबलम में टीके कॉलोनी इलाके में कुछ लोगों के लापता होने की ख़बरों के बाद वहाँ एक विशेष आपदा-प्रतिक्रिया टीम तैनात की गई है।

# युवा उद्यमियों के लिए वैश्विक बाजार से जुड़ने का अवसर है यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शोः योगी

लखनऊ, (वार्ता)



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश के युवाओं, कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने युवाओं से इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लेने और नए बाजारों तथा कारोबारी संभावनाओं को समझने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का चौथा संस्करण 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराना और प्रदेश के कारीगरों, उद्यमियों तथा किसानों की मेहनत और प्रतिभा को दुनिया के सामने लाना है। इसी सोच के साथ वर्ष 2023 में इस आयोजन की शुरुआत की गई थी। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान केवल बड़े बाजार और जनशक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां के युवाओं के कौशल, कारीगरों और शिल्पकारों की दक्षता तथा उद्यमियों की प्रतिभा भी प्रदेश की महत्वपूर्ण ताकत है। सरकार की कोशिश है कि प्रदेश का युवा केवल रोजगार पाने वाला न बने, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी भी बने। इसी सोच के साथ युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों, नवोन्मेषकों और भावी उद्यमियों से ट्रेड शो का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे नए संपर्क स्थापित करें, बाजार की जरूरतों को समझें और अपनी प्रतिभा एवं क्षमता के अनुरूप कारोबारी अवसर तलाशें। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों और प्रतिभाओं को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे। इन प्रयासों के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के साथ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी।

## कनाडा में ट्रेनिंग के दौरान विमान क्रैश, दो भारतीय छात्रों की मौत



**ओटावा।** कनाडा में फ्लाइट ट्रेनिंग के दौरान एक दुखद हवाई दुर्घटना में 2 भारतीय छात्रों की मौत हो गई। घटना की पुष्टि कनाडा स्थित भारतीय दूतावास कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया वैंकूवर ने की है।इस घटना में जान गवांने वाले भारतीय छात्रों की पहचान तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरन तिरुज्ञानसंबंधम के तौर पर हुई है। विमान हादसे पर वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने रविवार को शोक व्यक्त किया। दूतावास ने सोशल साइट पर पोस्ट कर लिखा, वैंकूवर स्थित भारत का महावाणिज्य दूतावास तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरण तिरुग्नानसंबंथम की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है। दोनों भारतीय छात्रों की कनाडा में उड़ान प्रशिक्षण के दौरान हुए एक दुखद विमान हादसे में मौत हो गई। दूतावास ने आगे कहा, इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं शोकसंतप्त परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ है। हम शवों को भारत ले जाने के लिए उनके परिवारों को वाणिज्य दूतावास संबंधी हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार हैं। भारतीय दूतावास से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों छात्र कनाडा में अपनी कमर्शियल पायलट और एविएशन ट्रेनिंग के तहत उड़ान का अभ्यास कर रहे थे, तभी यह हादसा घटित हुआ जिसमें दोनों छात्रों की अकाल मौत हो गई।

## नाइजीरिया में अलग-अलग हमलों में नौ की मौत

**अबूजा, (वार्ता)।** नाइजीरिया के मध्य पठारी राज्य के कई स्थानीय समुदायों में अज्ञात हमलावरों के अलग-अलग हमलों में कम से कम नौ लोग मारे गये। स्थानीय मीडिया की रविवार की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात और रविवार सुबह के बीच बंदूकधारियों के हमलों के बाद बार्किन लादी, रियॉम और पड़ोसी समुदायों में तनाव बढ़ गया है। बार्किन लादी क्षेत्र में एक सामुदायिक विकास संघ म्वाघावुल डेवलपमेंट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलुस डाबिट ने बताया कि शनिवार रात बार्किन लादी में एक चलती बस पर हमला किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि रविवार तड़के चर्च जा रहे चार अन्य लोग भी मारे गये। पीड़ितों के शवों को निकालने में मदद करने वाले क्षेत्र के एक युवा नेता उकाशा गाराबा ने मृतकों की पहचान राज्य के दूसरे शहर में काम पर जा रहे मजदूरों के रूप में की। इन हत्याओं ने प्रभावित इलाकों में तनाव और बढ़ा दिया है। कुछ निवासी अपने इलाकों से पलायन कर रहे हैं, जबकि अन्य आगे के हमलों का मुकाबला करने के लिए वहीं डटे हुए हैं। नाइजीरिया के मियेती अल्लाह कैटल ब्रीडर्स एसोसिएशन की बार्किन लादी शाखा के सचिव गाम्बो अबूबकर ने स्थानीय मीडिया को बताया कि स्थानीय निवासियों ने कुछ मवेशी चुरा लिए थे। उन्होंने संकेत दिया कि ये हमले लापता मवेशियों से जुड़े हो सकते हैं। फिलहाल किसी भी समूह ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# वोट के लालच में गिरगिट की तरह रंग बदल रही है सपा :मायावती

लखनऊ, (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को तंज कसते हुये कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) ने प्रचारित पीडीए रथ में अपने लाल रंग का कम और आरएसएस/भाजपा के भगवा रंग का ज्यादा इस्तेमाल किया है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा, यूपी के आगामी विधानसभा आमचुनाव की तैयारी के लिये सपा प्रमुख का प्रचारित पीडीए रथ में लाल रंग का कम तथा आरएसएस/भाजपा के भगवा रंग का (भगवाकरण) ज्यादा है, तो ऐसे में लोगों में चर्चा यही है कि यह सब उनका वोटों के स्वार्थ की खातिर गिरगिट की तरह लगातार रंग बदलना है या फिर मुसलमानों पर से सपा प्रमुख का वोट पाने का भरोसा उठ जाना है। उन्होने कहा, वैसे भी यूपी के खासकर मुस्लिम समाज को इस कड़वी हकीकत का पूरी तरह से एहसास है कि पिछले चुनावों में सपा को उनके द्वारा अधिकांश एकतरफा वोट देने के बावजूद भी यह पार्टी यूपी व केन्द्र की सत्ता में भाजपा को सरकार बनाने से नहीं रोक पाती है तो इस पार्टी को बार-बार वोट देकर अपना वोट खराब क्यों



किया जाये और इस मामले में अब वे अपरकास्ट में से खासकर ब्राह्मण समाज की तरह ही अपना रवैया काफी तेजी से बसपा के पक्ष में बदल रहे हैं।

सुश्री मायावती ने कहा, क्योंकि बसपा यूपी में खासकर अपराध नियंत्रण व शान्ति-व्यवस्था के मामलों में कानून द्वारा कानून के राज के साथ ही व्यापक जनहित, जनकल्याण एवं विकास के मामलों में भी बेहतरीन आयरनलेडी राज यहाँ कई बार स्थापित करके दिखा चुकी है और जिसकी सर्वसमाज के हित व कल्याण में प्रदेश को सख्त जरूरत भी है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा, इसके साथ ही सपा को यह भी जनता को जरूर बता देना चाहिये कि अब इनके पीडीए की असली वास्तविकता क्या है क्योंकि चुनावी स्वार्थ में अब तक इन्होंने कभी पीडी को पिछड़ा, दलित बताया तो कभी पीडी को पण्डित बताया है।

उन्होंने कहा, कभी अपने आपको अम्बेडकरवादी दर्शाने के चक्कर में बसपा का नीला रंग वाला वस्त्र धारण कर तस्वीरें खिंचवाई है, किन्तु इसको लोगों ने फौरन ही फेक अम्बेडकरवादी कहकर रिजेक्ट भी कर दिया। बसपा सर्वसमाज हेतु सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीति व सिद्धान्त वाली अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा सभी को रोटी-रोजगार-युक्त आत्म-सम्मान व स्वाभिमान आदि का जीवन जीने की पक्षधर है। इसीलिये सर्वसमाज में बीएसपी का अपना सम्मान है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# आवाज दे कहाँ है, दुनिया मेरी जवां है



सिने जगत में मल्लिका-ए-तरन्नुम के नाम से मशहूर पार्श्वगायिका अल्लाहवासी उर्फ नूरजहाँ ने अपनी आवाज में जिन गीतों को पिरोया वे आज भी अपना जादू बिखरते हैं। 21 सितंबर 1926 को पंजाब के एक छोटे से कस्बे कसुर में एक मध्यमवर्गीय परिवार में जब नूरजहाँ का जन्म हुआ तो नवजात शिशु के रोने की आवाज को सुन बुआ ने कहा- इस बची के रोने में भी संगीत की लय है। नूरजहाँ के माता-पिता थिएटर में काम किया करते थे। घर में फिल्मी माहौल होने के कारण नूरजहाँ का रुझान बचपन से ही संगीत की ओर हो गया था।नूरजहाँ ने यह निश्चय किया कि बतौर पार्श्वगायिका अपनी पहचान बनाएगी। उनकी माता ने नूरजहाँ के मन में संगीत के प्रति बढ़ते रुझान को पहचान लिया। उन्हें इस राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके लिए संगीत सीखने की व्यवस्था घर पर ही करा दी। नूरजहाँ ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा कजानबाई से और शास्त्रीय संगीत की शिक्षा उस्ताद गुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े गुलाम अली खान से ली थी। वर्ष 1930 में नूरजहाँ को इंडियन पिक्चर के बैनर तले बनी एक मूक फिल्म हिन्द के तारेमें काम करने का मौका मिला। इसके कुछ समय के बाद उनका परिवार पंजाब से कोलकाता चला आया। इस दौरान उन्हें करीब 11 मूक फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिला।वर्ष 1931 तक नूरजहाँ ने बतौर बाल कलाकार अपनी पहचान बना ली थी। वर्ष 1932 में प्रदर्शित फिल्म शशि पुन्नु नूरजहाँ के सिने करियर की पहली टॉकी फिल्म थी। इस दौरान नूरजहाँ ने कोहिनूर यूनाइटेड आर्टिस्ट के बैनर तले बनी कुछ फिल्मों में काम किया। कोलकाता में उनकी मुलाकात फिल्म निर्माता पंचोली से हुई। फिल्म खानदान में नूरजहां पर फिल्माया गाना कौन सी बदली में मेरा चाँद है आजा श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय भी हुआ। फिल्म खानदान की सफलता के बाद नूरजहाँ ने फिल्म के निर्देशक शौकत हुसैन से निकाह कर लिया। इसके बाद वे मुंबई आ गईं। इस बीच नूरजहाँ ने शौकत हुसैन की निर्देशित नौकर, जुगनू (1943) जैसी फिल्मों में अभिनय कियावर्ष 1947 में भारत विभाजन के बाद नूरजहाँ ने पाकिस्तान जाने का निश्चय कर लिया। फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार ने जब नूरजहाँ से भारत में ही रहने की पेशकश की तो नूरजहाँ ने कहा- मैं जहाँ पैदा हुई हूँ वहीं जाऊँगी। पाकिस्तान जाने के बाद भी नूरजहाँ ने फिल्मों में काम करना जारी रखा। लगभग तीन वर्ष तक पाकिस्तान फिल्म इंडस्ट्री में खुद को स्थापित करने के बाद नूरजहाँ ने फिल्म चैनवे का निर्माण और निर्देशन किया। उसने बॉक्स ऑफिस पर खासी कमाई की। इसके बाद वर्ष 1952 में प्रदर्शित फिल्म दुपट्टा ने फिल्म चैनवे के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।फिल्म दुपट्टा में नूरजहां की आवाज में सजे गीत श्रोताओं के बीच इस कदर लोकप्रिय हुए कि न सिर्फ इसने पाकिस्तान में बल्कि पूरे भारत वर्ष में भी धूम मचा दी। ऑल इंडिया रेडियो से लेकर रेडियो सिलोन पर नूरजहाँ की आवाज का जादू श्रोताओं पर छाया रहा। नूरजहां ने इस बीच ने गुलनार (1953), फतेखान (1955), लख्ते जिगर (1956),इंतेजार (1956), अनारकली (1958), परदेसियाँ (1959), कोयल (1959) और मिर्जा गालिब (1961) जैसी फिल्मों में अभिनय से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वर्ष 1963 में नूरजहां ने अभिनय की दुनिया से विदाई ले ली।वर्ष 1966 में नूरजहाँ पाकिस्तान सरकार द्वारा तमगा-ए-इम्तियाज सम्मान से नवाजी गईं। वर्ष 1982 में इंडिया टॉकी के गोल्डन जुबली समारोह में नूरजहाँ को भारत आने को न्योता मिला, तब श्रोताओं की माँग पर नूरजहाँ ने आवाज दे कहाँ है दुनिया मेरी जवाँ है गीत पेश किया और उसके दर्द को हर दिल ने महसूस किया।वर्ष 1996 में नूरजहां आवाज की दुनिया से भी जुदा हो गईं।

# 46 वर्ष की हुयी करीना



बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री करीना कपूर आज 46 वर्ष की हो गयी।21 सितंबर 1980 को मुंबई में जन्मीं करीना कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता रणधीर कपूर अभिनेता जबकि मां बबीता और बहन करिशमा कपूर जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण करीना अक्सर अपनी बहन के साथ शूटिंग देखने जाया करती थीं। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। करीना कपूर ने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म रिफ्यूजी से की। इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका अभिषेक बच्चन ने निभायी थी जो उनकी भी पहली फिल्म थी। हालांकि फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी।

वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म मुझे कुछ कहना है करीना के करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। वर्ष 2001 में करीना को सुभाष घई की फिल्म यादें में काम करने का अवसर मिला लेकिन कमजोर पटकथा के कारण यह फिल्म टिकट खिड़की पर औंधे मुंह गिर गई। हालांकि उस वर्ष उनकी कभी खुशी कभी गम और अजनबी. जैसी सुपरहिट फिल्में भी प्रदर्शित हुयी लेकिन कामयाबी का श्रेय इन फिल्मों के अभिनेताओं को अधिक दिया गया।वर्ष 2002 में करीना कपूर के करियर के लिये महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी जीना सिर्फ मेरे लिये और मुझसे दोस्ती करोगे जैसी हिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। वर्ष 2003 में करीना को सूरज बड़ज़ात्या की फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में ऋतिक रौशन और अभिषेक बच्चन जैसे सितारे थे बावजूद यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी। वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट करीना कपूर के करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में करीना के अपोजिट शाहिद कपूर थे। दोनो की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। इस फिल्म के लिये करीना कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।वर्ष 2008 में करीना कपूर की सुपरहिट फिल्म गोलमाल रिटर्नस प्रदर्शित हुयी।वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म थ्री इडियटस करीना कपूर के करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में करीना कपूर के अपोजिट आमिर खान थे। थ्री इडियट बॉलीवुड के इतिहास में 200 करोड़ रूपये की कमाई करने वाली पहली फिल्म थी। वर्ष 2010 में प्रदर्शित और रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म गोलमाल 3 के लिये करीना कपूर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित की गयी।

करीना कपूर ने वर्ष 2012 में सैफ अली खान से शादी कर ली। वर्ष 2013 में करीना कपूर की गोरी तेरे प्यार में और सत्याग्रह जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल नही दिखा सकी। वर्ष 2014 में करीना की सिंघम रिटनर्स. प्रदर्शित हुयी है और इसने टिकट खिड़की पर 140 करोड़ रूपये की कमाई की।वर्ष 2015 में करीना की फिल्म बजरंगी भाइजान प्रदर्शित हुयी। फिल्म ने टिकट खिड़की पर 320 करोड़ से अधिक की कमाई की है। इसके बाद करीना ने की एंड का ,उड़ता पंजाब,वीरे दी वेडिंग,गुड न्यूज और अंग्रेजी मीडियम जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया। वर्ष 2022 में करीना कपूर फिल्म लाल सिंह चड्ढा प्रदर्शित हुयी, जो टिकट खिड़की पर सफल नहीं हुयी। वर्ष 2024 में करीना कपूर ने सुपरहिट फिल्म द क्रू में काम किया। वर्ष 2025 में करीना की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स और सिंघम अगेन प्रदर्शित हुयी है। करीना की हाल ही में फिल्म दायरा रिलीज हुई है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
मंगलवार 22 सितम्बर 2026



# हर्ष राइस इंडस्ट्रीज संचालक राजकुमार कावरे भोपाल से गिरफ्तार

## 19 गिरफ्तारियों के बाद कावरे तक पहुंचा एसइआईटी का शिकंजा

## 16 हजार टन से अधिक सरकारी चावल की हेराफेरी की चल रही जांच







**बालाघाट, उमरिया।** जिले के बहुचर्चित फोर्टिफाइड चावल हेराफेरी मामले में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अब भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्वमंत्री रामकिशोर कावरे के बड़े भाई और हर्ष राइस इंडस्ट्रीज के संचालक राजकुमार कावरे को भोपाल के गोंविदपुरा ईलाके से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एसआईटी ने रविवार को भोपाल के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित रचना टॉवर के आसपास से उन्हें पकड़ा और उन्हे बालाघाट के वारासिवनी लाकर न्यायालय में पेश किया गया। राजकुमार कावरे की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले की चर्चा तेज हो गई और गिरफ्तार आरोपियों की संख्या भी बढकर 20 तक पहुंच गई है। इससे पहले हर्ष राइस इंडस्ट्रीज से जुड़े बिजनेस पार्टनर विनोद शर्मा, अविनाश कावरे और गोपाल ठाकुर समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अविनाश कावरे और गोपाल ठाकुर की गिरफ्तारी के बाद से लोगो की नजर अगली कार्यवाही पर टिकी हुई थी। वही पुलिसिया जांच का फोकस हर्ष राइस इंडस्ट्रीज के संचालक और उसके मुख्य साझेदारों की ओर बढ गया था। दरअसल, मामला 3 जून 2026 को वारासिवनी क्षेत्र में सरकारी फोर्टिफाइड चावल से भरे ट्रक पकड़े जाने के बाद सामने आया था। जांच में खुलासा हुआ था कि एवीजे एथेनॉल प्लांट के लिए एफसीआई और अन्य सरकारी गोदामों से जारी चावल निर्धारित गंतव्य तक पहुंचने के बजाय कथित तौर पर निजी राइस मिलों में पहुंचाया गया। पुलिस जांच के अनुसार, इस नेटवर्क में बिचौलियों, ट्रांसपोर्टरों, प्लांट प्रतिनिधियों और राइस मिल संचालकों की भूमिका सामने आई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया था कि पिछले करीब एक वर्ष में 16 हजार मीट्रिक टन से अधिक फोर्टिफाइड चावल एथेनॉल प्लांट के नाम पर जारी हुआ, जबकि करीब 5,459 मीट्रिक टन चावल की हेराफेरी के साक्ष्य जांच में सामने आए थे। जांच एजेंसी के अनुसार सरकारी चावल को राइस मिलों में खपाने के बाद उसकी मिलिंग-पॉलिशिंग कर दोबारा सरकारी गोदामो में जमा किया गया। एसआईटी पहले ही टेकाड़ी स्थित हर्ष राइस इंडस्ट्रीज से दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त कर चुकी है। उक्त कार्रवाई के दौरान चार ट्रक और 100 से अधिक खाली बोरे भी बरामद किए गए थे। इसके बाद मिल से जुड़े साझेदारों की भूमिका को लेकर पूछताछ और गिरफ्तारी का सिलसिला आगे बढ़ा। अब राजकुमार कावरे की गिरफ्तारी के बाद एसआईटी के सामने सबसे अहम सवाल कथित चावल की आवाजाही, स्टॉक रिकॉर्ड, परिवहन दस्तावेज और वित्तीय लेन-देन की पूरी कड़ी को जोड़ने का है। जांच का दायरा बालाघाट के अलावा सिवनी, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ तक पहुंच चुका है। कई राइस मिलों को जांच के दायरे में लिया गया है। वहीं, इस मामले में 19 सितंबर को वारासिवनी न्यायालय में करीब 2000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। अब राजकुमार कावरे की गिरफ्तारी के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि एसआईटी की पूछताछ और दस्तावेजी साक्ष्यों से इस कथित नेटवर्क में और आगे किन-किन लोगों की भूमिका सामने आती है। हालांकि किसी भी आरोपी की भूमिका और दोष का अंतिम निर्धारण न्यायालयीन प्रक्रिया से ही होगा। फिलहाल हर्ष राइस इंडस्ट्रीज के संचालक राजकुमार कावरे की गिरफ्तारी से इस मामले में नई हवा मिल गई है। पुलिस ने उन्हे भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय में उन्हे जेल भेज दिया है।

## सुगंध दशमी पर्व पर हुआ भगवान बाहुबली स्वामी का महामस्तकाभिषेक

### शतादिक भक्तों ने किया भगवान का भाव पूर्वक सुंदर अभिषेक



**सिवनी।** सुगंध दशमी पर्व पर प्रति वर्ष की परंपरानुसार इस वर्ष भी बड़े एवं छोटे मंदिर जी में विराजित भगवान बाहुबली स्वामी की भव्य प्रतिमाओं का अनेक उत्कृष्ट तरल द्रव्यों से शतादिक श्रावकों के समूह ने भव्य महा मस्तकाभिषेक कर अपनी श्रद्धा एवं समर्पण की भावना प्रगट की। उल्लेखनीय है वर्ष 1965 में भगवान बाहुबली स्वामी की प्रतिमा एक वृहत पंचकल्याणक समारोह पूर्वक शिखरचंद कॉलेज परिसर बारापत्थर में प्रतिष्ठित की गई थी। आज भी उस समारोह की स्मृति स्वरूप उस स्थल के चौक को बाहुवली चौक के नाम से जाना जाता है। दशलक्षण पर्व राज के 10 दिवसीय पर्व के आज छठवें उत्तम संयम धर्म के दिन यह विशेष पूजा अर्चना आयोजित की गई। पर्व राज के इन दिनों श्री जैन मंदिर जी की विशेष साजसज्जा जन मानस के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंदिर जी की वेदियो में पारंपरिक भी विशेष साज सज्जा की गई है। प्रभात कालीन बेला में सभी वेदिकाओं में श्री जी का भव्य महाभिषेक पर्व एवं नित्य विशेष पूजन तत्पश्चात टीकमगढ़ से पधारे आगंतुक विद्वान बालब्रह्मचारी श्री संजय जी सुखदा द्वारा तत्वार्थ सूत्र का विशेष वाचन एवं मीमांसा की जा रही है। रात 8 बजे से बड़े बाबा जी के चौक में श्रद्धालुओं के अपार जनसमुदाय के मध्य भक्ति भाव पूर्वक श्री जी की महाआरती एवं आगंतुक विद्वान सुखदा जी के दस धर्मों पर विशेष उद्बोधन तत्पश्चात महिला समाज,पाठशाला परिवार द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

## आंगनवाड़ी केंद्र चक्की खमरिया में मनाया गया पोषण माह



**सिवनी।** आंगनवाड़ी केंद्र चक्की खमरिया में पोषण माह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणों को पौष्टिक आहार, संतुलित भोजन, स्वच्छता और योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग से डॉ. सरला वासनिक, दवासाज रमाकांत मारवी, नीलेश सतनामी, योगा टीचर सुखराम यादव एवं श्रीमती शालू गोस्वामी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोषी यादव एवं संगीता चौरसिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित लोगों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और बच्चों को पौष्टिक आहार देने का संकल्प लिया।

# कान्हा में सात दिवसीय हाथी रिजुविनेशन कैंप का समापन

**बालाघाट, उमरिया।।**



कान्हा टाइगर रिजर्व के सुपखार परिक्षेत्र में विभागीय हाथियों के स्वास्थ्य, देखभाल एवं समग्र कल्याण के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय हाथी रिजुविनेशन कैंप का रविवार को गरिमामय समारोह के साथ समापन हुआ। कैंप का आयोजन 14 सितंबर से 20 सितंबर तक किया गया। इस दौरान विभागीय हाथियों को नियमित कार्यों से विश्राम देते हुए उनके स्वास्थ्य परीक्षण, देखभाल एवं पुनर्यौवन पर विशेष ध्यान दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बैहर विधायक संजय सिंह उईके एवं बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम की शुरूआत विभागीय हाथियों की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद हाथियों को मौसमी फल, गन्ना, मक्का एवं नारियल खिलाया गया। वन विभाग के अधिकारियों एवं अतिथियों ने हाथियों के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त करते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं संरक्षण की कामना की। कार्यक्रम में हाथियों की देखभाल, स्वास्थ्य एवं प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महावतों एवं सहायक महावतों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा उन्हें बैग, पानी की बोतल, ट्रैक सूट एवं खेल सामग्री प्रदान की गई।

इस अवसर पर अधिकारियों ने हाथियों की देखभाल एवं वन विभाग के विभिन्न कार्यों में महावतों और सहायक महावतों के योगदान की सराहना की। कान्हा टाइगर रिजर्व में विभागीय हाथी वन्यजीव संरक्षण, वन सुरक्षा, गश्ती एवं निगरानी सहित विभिन्न प्रबंधन कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य और शारीरिक क्षमता को बनाए रखना विभागीय प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष रिजुविनेशन कैंप आयोजित किया जाता है, जिसमें हाथियों को नियमित कार्यों से विश्राम देने के साथ स्वास्थ्य परीक्षण, पौष्टिक आहार, आवश्यक देखभाल और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से उनके समग्र कल्याण पर ध्यान दिया जाता है।

समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने विभागीय हाथियों की बेहतर देखभाल एवं संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## 24 सितंबर को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन

**बालाघाट।** जिला रोजगार कार्यालय, बालाघाट, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से 24 सितंबर 2026 को युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी प्रीति मर्सकोले ने बताया कि रोजगार मेले का आयोजन शासकीय आईटीआई बूढ़ी, बालाघाट में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। मेले में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के इच्छुक आवेदक शामिल हो सकते हैं। मेले में शामिल होने वाले आवेदकों को अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं समग्र आईडी सहित आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे।

## चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता



**सिवनी।** आज दिनांक 21.9.26 को सेवा संकल्प अभियान मेरे सपनों का भारत राष्टीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेडा जिला सिवनी में आयोजित की गई जिसमें छात्र -छात्राओं के द्वारा मेरे सपनों के भारत विषय पर आयोजित चित्रकला ,भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभा ,रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं प्रेरक प्रस्तुति का परिचय देते हुए प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त किया उन छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अभिलाषा बघेल, सदस्य एवं छात्रों के पलकों की उपस्थिति के साथ संस्था प्रमुख विपनेश जैन एवं समस्त शिक्षण स्टाफ में वेदप्रकाश राय, हेमराज शरणागत, मुरलीधर राहंगडाले,वीणा तिवारी, शोभा दुबे ,पारुल दुबे ,श्रद्धा साहू उपस्थित रहे और प्रमाण पत्र वितरण किया गया ।

## हत्या का खुलासा दो गिरफ्तार

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा संगमघाट निवासी नाव चालक रज्जू नंदा की हत्या के मामले का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। विवेचना में प्राप्त जानकारी अनुसार 18 सितंबर की रात्रि दोनों ने संगमघाट के पास निर्माणाधीन नए पुल के नीचे पड़ी लोहे की रॉड उठाई और रज्जू नंदा की झोपड़ी में जाकर सो रहे रज्जू नंदा के सिर मुंह एवं कान पर लोहे की रॉड से प्रहार किया जिससे उसे गंभीर चोटें आईं थी।

# सावरी खुर्द में गांव की प्रतिभाओं का सम्मान, गणेश उत्सव में बदली आयोजन की परंपरा

**लांजी, स्वतंत्र मत।** गणेश उत्सव में बड़े बजट के बाहरी सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने की परंपरा के बीच लांजी क्षेत्र के ग्राम सावरी खुर्द में श्री गणेश उत्सव मित्र मंडल समिति ने एक नई और अनुकरणीय पहल की है। समिति ने बाहरी आयोजनों पर बड़ी राशि खर्च करने के बजाय गांव की प्रतिभाओं को मंच देने का निर्णय लिया। इसी सोच को साकार करते हुए स्कूल चौक में ग्राम गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के मेधावी विद्यार्थियों, स्थानीय कलाकारों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, सेना परिवारों और नवागत कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों और कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। खास बात यह रही कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बाहर से कलाकार बुलाने के बजाय सावरी खुर्द और बिरनपुर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं। विशिष्ट अतिथि एवं अभिनंदन लाइफ फाउंडेशन लांजी के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए उन्हें नशे से दूर रहने और योग, ध्यान तथा



प्राणायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता लाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। युवा पीढ़ी को सही दिशा देना जरूरी है, ताकि वे स्वस्थ जीवन जीते हुए समाज और देश के विकास में सकारात्मक योगदान दे सकें। उन्होंने ह्यग्राम गौरव सम्मान समारोहह्व की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों को बधाई दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सावरी खुर्द के ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं।

कक्षा 10वीं में सारांश मेश्राम, सुमित लिल्हारे, जानवी डाहरे, प्रतिज्ञा फुल्हारे, मनीष भलावी, साहिल मस्करे, काजू नेवारे, मीनाक्षी नेताम, मनीषा लिल्हारे, प्रतिक्षा महिश्वरे, दिशा नेवारे, शीतल लिल्हारे, अंकित लिल्हारे, सनम दशरिया, नंदनी मस्करे, अमन उके सहित अन्य विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

## श्रीकर कंपनी की मक्का फसल में सूखा रोग, किसानों ने मुआवजे की लगाई गुहार



**सिवनी। भाटा,** तहसील एवं जिला सिवनी। ग्राम भाटा क्षेत्र में श्रीकर कंपनी की 9098 वैरायटी के मक्का बीज की बुवाई करने वाले किसान इन दिनों फसल में सूखा रोग लगने से परेशान हैं। किसानों के अनुसार खेतों में खड़ी मक्का की फसल सूखने लगी है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कंपनी के बीज पर भरोसा कर मक्का की फसल बोई थी, लेकिन फसल में बीमारी आने के बाद पौधे सूखते जा रहे हैं। समय रहते समस्या का समाधान नहीं होने पर किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने संबंधित कृषि विभाग के अधिकारियों एवं श्रीकर मक्का कंपनी से मामले की जांच कराने की मांग की है।



## पुलिस भर्ती और भारतीय सेना की तैयारी के लिए युवाओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षण में लिया भाग

**बालाघाट, स्वतंत्र मत।।** पुलिस भर्ती एवं भारतीय सेना में करियर बनाने की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालाघाट एवं बीपीएस फिजिकल एकेडमी लालबर्रा के संयुक्त तत्वावधान में 20 सितंबर 2026 को उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान लालबर्रा में शारीरिक माप एवं दक्षता परीक्षण आयोजित किया गया। जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के निर्देश एवं सतत मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य डुलेंद्र ठाकरे (मुन्ना भैया), लालबर्रा थाना प्रभारी राजमल दायमा, पनबिहरी सरपंच वीरू बनवाने, उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा के प्राचार्य सनत दुबे, कोच ब्रजेश पंचेश्वर एवं प्रशांति इंस्टीट्यूट के अंकित सर ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस भर्ती एवं भारतीय सेना की चयन प्रक्रिया के अनुरूप युवाओं को अपनी शारीरिक क्षमता परखने और आवश्यक दक्षता विकसित करने का निःशुल्क अवसर प्रदान किया गया। परीक्षण में जिले के युवाओं एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शारीरिक दक्षता परीक्षण के दौरान 1600 मीटर एवं 800 मीटर दौड़, बीम, ऊंचाई, सीना, वजन, गोला फेंक, लंबी कूद सहित विभिन्न शारीरिक माप एवं फिटनेस गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों की क्षमता और दक्षता का आकलन किया गया। इस दौरान महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला।


# सच्ची गुरु दक्षिणा अपने जीवन को पवित्र बनाना : निर्वेग सागर

**सिवनी, स्वतंत्र मत।।** मुनि श्री 108 निर्वेगसागर जी महाराज निर्वेगसागर जी महाराज ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए उत्तम संयम धर्म का अत्यंत प्रेरणादायी एवं गहन विवेचन किया

मुनिश्री ने उत्तम संयम धर्म के बारे में समझाया कि इन दस दिनों में आपने जो कठिन साधनाएँ की हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि मनुष्य में अद्भुत संकल्प शक्ति है

इसलिए प्रश्न यह नहीं कि च्मैं कर सकता हूँ या नहीं?

प्रश्न यह है कि मैंने दृढ़ संकल्प किया है या नहीं? दशलक्षण के ये दस दिन समाप्त होने के बाद भी संयम की इस साधना को जीवन में आगे बढ़ाना ही इस पर्व की वास्तविक उपलब्धि होगी संसार की असारता से संयम की ओर संसार में जिसे हम सुख का कारण मानते हैं, वही अनेक बार दुःख और बंधन का कारण बन जाता है। भोग, परिग्रह और आसक्ति मनुष्य को संसार में बाँधे रखते हैं। जब जीव को संसार की वास्तविकता का बोध होता है,



तब उसके भीतर वैराग्य और संयम की भावना जागती है इन दस दिनों की साधना में अनेक श्रावक-श्राविकाएँ उपवास, एक समय भोजन, रात्रि भोजन का त्याग, रात्रि में पानी का त्याग, मौन, पदयात्रा तथा विभिन्न नियमों का पालन कर रहे हैं संयम में जो आनंद है, वह असंयम में नहीं संयम केवल बाहरी नियम नहीं संयम का अर्थ केवल भोजन का त्याग करना नहीं है। हमें जीवन मेंवाणी का संयम, इन्द्रिय संयम मन का संयम विचारों का संयम, राग-द्वेष का संयम, परिग्रह का संयम धारण करना, मुनिश्री ने समझाया कि मन सबसे अधिक चंचल है। इसलिए शरीर को संयमित करने के साथ मन को भी शुद्ध दिशा में लगाना आवश्यक है।

**मोबाइल और मन का संयम**

आज मोबाइल हमारे जीवन का हिस्सा बन गया है। उसी मोबाइल पर गुरु की वाणी और जैनवाणी सुनी जा सकती है, लेकिन उसी पर ऐसी सामग्री भी उपलब्ध है जो मन में राग, द्वेष और विकार बढ़ा सकती है।

**इसलिए स्वयं से पूछें—**

*हम अपने मोबाइल का उपयोग आत्मकल्याण के लिए कर रहे हैं या मन को और अधिक चंचल बनाने के लिए गुरु को हमारा धन, संपत्ति या वैभव नहीं चाहिए ।गुरु चाहते हैं कि हम अपने जीवन की बुराइयाँ, अवगुण और असंयम उनके चरणों में छोड़ दें।

यदि कोई व्यक्ति लाखों रुपये दान कर दे, लेकिन अपने जीवन में संयम के लिए तैयार न हो, तो गुरु की अपेक्षा पूरी नहीं होती। सच्ची गुरु-दक्षिणा है- अपने जीवन को संयमित और पवित्र बनाना मुनिश्री ने युवा दंपत्ति द्वारा संयम एवं ब्रह्मचर्य के संकल्प का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि ऐसे संकल्प ही गुरु के हृदय को वास्तविक प्रसन्नता देते हैं।

**मनुष्य जीवन — संयम का दुर्लभ अवसर**-मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है। इस जीवन में हमें संयम, साधना और आत्मकल्याण का अवसर मिला है। इसलिए इस अमूल्य जीवन को केवल भोगों और विषयों में व्यर्थ नहीं करना चाहिए ।उसी प्रकार संयम की मर्यादा में चलने वाला जीवन अपने वास्तविक लक्ष्य की ओर बढ़ता है। यदि जीवन से संयम के तट हट जाएँ तो मनुष्य दिशाहीन हो सकता है दशलक्षण महापर्व केवल दस दिनों का पर्व नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलने का अवसर है जो संयम इन दिनों में अपनाया है उसे पर्व समाप्त होने के साथ समाप्त न करेंथोड़ा कम बोलें। वाणी को मधुर बनाएँ। इन्द्रियों पर नियंत्रण रखें। रात्रि भोजन जैसे त्यागों को यथाशक्ति जीवन में आगे बढ़ाएँ ।मोबाइल और समय का सदुपयोग करें। मन को जैनवाणी और गुरु-वाणी में लगाएँ। अपने अवगुण गुरु के चरणों में छोड़ने का संकल्प लें।

## हजारों करोड़ रुपया खर्च करके भी आदिवासियों को साफ पानी नहीं करा सकी सरकार : रामजी गौतम

**सिवनी।** बहुजन समाज पार्टी लोकसभा क्षेत्र बालाघाट सिवनी के द्वारा 19 सितंबर को बालाघाट में अमर बलिदानी राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ के बलिदान दिवस पखवाड़ा पर श्रद्धांजलि सभा एवम विचार संगोष्ठी संपन्न हुआ जिसमे हजारों कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामजी गौतम सांसद राज्यसभा केंद्रीय कोआर्डिनेटर बसपा एवम प्रदेश प्रभारी ने कहा सरकार द्वारा ग्रामीण नल जल योजना में हजारों करोड़ खर्च करके भी भ्रटाचार के चलते आदिवासियों को साफ पानी एवम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं करा सकी जिसके चलते बालघाट जिले के उकवा बैहर में 30 बैगा आदिवासी बच्चों की मौत हो गई यह सरकार और सिस्टम की नाकामयाबी है आगे उन्होंने कहा लोक कल्याणकारी संविधान की मंशा के विरुद्ध सरकार निजी सेक्टर को बढ़ावा देने एवम आउट शोर्ष से सरकारी विभागों में भर्ती के कारण जेनजी अर्थात युवाओं को रोजगार नहीं मिलने के कारण पिछले 12 वर्षों में बेरोजगारी बड़े पैमाने पर बढ़ी है उन्होंने उत्तर प्रदेश में रही बसपा की सरकार का उदाहरण देते हुए कहा बहन जी ने छः लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी इतना ही नहीं प्रायवेट सेक्टर में 15 प्रतिशत आरक्षण दिया रामजी गौतम ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया बालाघाट जिले से बसपा के विधायक बनाकर भोपाल भेजे जिससे मध्यप्रदेश में अपनी सरकार बनने पर जेन जी अर्थात युवाओं को सरकारी नौकरी देने के साथ साथ बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी इतना ही नहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ साथ साफ पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

# जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को प्रदान की गई सिलाई मशीनें

## सतगुरु बाबा माधवशाह सेवा मंडल निरंतर कर रहा जनकल्याण के कार्य



कटनी (स्वतंत्रमत)।

सतगुरु बाबा माधवशाह सेवा मंडल द्वारा मानव सेवा ही सच्चा धर्म के संकल्प के साथ निराश्रित एवं जरूरतमंद परिवारों की निरंतर सेवा की जा रही है। सेवा मंडल की इसी निस्वार्थ सेवा श्रृंखला के अंतर्गत बाबा माधवशाह भवन में जरूरतमंद माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सैकड़ों सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। सिलाई मशीनों का वितरण जीवन मुक्त सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब के पावन कर-कमलों से किया गया। सेवा मंडल की सेवा परंपरा की शुरुआत सतगुरु बाबा नारायणशाह साहिब जी द्वारा वर्ष 1960 में रोपे गए सेवा के बीज से हुई, जो आज जीवन मुक्त सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी की प्रेरणा से विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है। संस्था द्वारा जरूरतमंद एवं निराश्रित परिवारों की सहायता के साथ समाजसेवा के विभिन्न कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

### 200 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को प्रतिमाह सहायता

सेवा मंडल द्वारा प्रतिमाह 200 से अधिक निराश्रित एवं जरूरतमंद परिवारों को राशन सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा शिक्षा, चिकित्सा, दिव्यांग सेवा तथा अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से भी जरूरतमंदों की सहायता की जा रही है। सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं-बहनों को हुनर के माध्यम से स्वावलंबी बनाना और उन्हें परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का अवसर प्रदान करना है। मशीन मिलने से महिलाएं घर बैठे सिलाई का कार्य कर अपनी आय का साधन विकसित कर सकेंगी।

### जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां बांटना ही सच्ची सेवा

इस अवसर पर जीवन मुक्त सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी ने मानव सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दूसरों के दुखों पर मरहम लगाने से जीवन में सच्ची शांति और सुख की अनुभूति होती है। जरूरतमंदों की सेवा से मिलने वाली दुआएं अनमोल होती हैं। सतगुरु साहिबानों की कृपा और सेवा की परंपरा से समाज के उत्थान का यह कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद महिलाओं के चेहरों पर आत्मनिर्भरता और खुशी की झलक दिखाई दी। सेवा मंडल के इस प्रयास को समाज के जरूरतमंद वर्ग को स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# जायंट्स सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस रोपे गए पौधे

## जहाँ हरियाली, वहाँ खुशहाली- हर घर एक पेड़

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की ओर से जायंट्स सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता का संदेश देते हुए एक विशेष वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। आहना की समाज सेविकाओं ने तिलक कॉलेज के पास प्रेम नगर स्थित एक गार्डन में उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया और 51 पौधे लगाए। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा शहर को अधिक हरा-भरा, स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाने में अपना योगदान देना रहा। इसलिए प्रकृति की रक्षा करना और उसे हरा-भरा बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आहना की समाज सेविकाओं का कहना है कि वृक्षों की सेवा और पर्यावरण की रक्षा मानवता की सच्ची सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। इस नेक एवं पुनीत कार्य में जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की संस्थापिका एवं अध्यक्ष वाणी गट्टानी, कविता लालवानी, वंदना गट्टानी, उपासना बजाज, सुनीता गट्टानी, स्वाति नायक, सिमरन महेश्वरी, पूजा गुप्ता, स्वाति जैन, पूजा बहरे एवं मोनल पोपटानी की गरिमामयी सहभागिता रही।

# जिले को मिली 600 मीट्रिक टन यूरिया और 440 मीट्रिक टन डीएपी

## किसानों को जरूरत के मुताबिक मिलेगी पर्याप्त खाद

## कलेक्टर तिवारी ने ई-टोकन द्वारा ही खाद का वितरण कराने के दिये निर्देश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से जिले को 600 मीट्रिक टन यूरिया और और 440 मीट्रिक टन डीएपी मिली है। जिला विपणन अधिकारी श्री आनंद नारायण पाण्डेय ने बताया कि बहोरीबंद और बरही डबल लॉक केन्द्र को 90.90 मीट्रिक टन यूरिया और स्लीमनाबाद डबल लॉक केन्द्र को 30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गयी है। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 150 मीट्रिक टन तथा एमपी एग्रो कटनी को 30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। वहीं सीएमएस कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30.30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। इसी तरह कटनी डबल लॉक केन्द्र और मझगवां-बड़वारा डबल लॉक केन्द्र को 90.90 मीट्रिक टन और बरही डबल लॉक केन्द्र को 30 मीट्रिक टन डीएपी आवंटित की गई है। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 150 मीट्रिक टन तथा एमपी एग्रो कटनी को 30 मीट्रिक टन डीएपी आवंटित की गई है।

इससे जिले के किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का उपयोग करें। आवश्यकता से अधिक खाद का प्रयोग करने से कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ भूमि की उर्वरक क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### वाट्सएप बॉट से टोकन जनरेट करने की सुविधा

ई-विकास 2.0 के तहत किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल पर वाट्सएप बॉट के माध्यम से टोकन जनरेट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। किसान वाट्सएप पर हेल्प या मदद् लिखकर टोकन, रिटेलर, उर्वरक, उठाव की तिथि और टोकन की वैधता सहित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके माध्यम से किसान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उर्वरक का क्रय कर सकेंगे।

# युवा बनें अवसरों के निर्माता, स्वावलंबन की राह पर बढ़ें कदम

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में उद्यमिता सम्मेलन, विद्यार्थियों ने सीखे सफलता और स्वावलंबन के सूत्र



कटनी (स्वतंत्रमत)।

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के उद्यमिता प्रोत्साहन प्रकल्प के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल, कटनी में उद्यमिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत सह महिला कार्य प्रमुख वंदना गेलानी ने स्वावलंबी भारत अभियान एवं उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने कौशल और प्रतिभा को पहचानकर स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रोल मॉडल एथलीट नेहा मोटवानी, रोल मॉडल एवं इन्फ्लुएंसर दीपक कुशवाहा तथा सफल उद्यमी संदेश जैन ने विद्यार्थियों से अपने जीवन के संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियां साझा करते हुए निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बालमुकुंद मिश्र ने युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को स्वरोजगार से जोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा अपनी क्षमता को पहचानकर स्वयं के लिए अवसर निर्मित कर सकते हैं और दूसरों के लिए भी रोजगार के द्वार खोल सकते हैं। आनंद विभाग, मध्य प्रदेश शासन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले ने विद्यार्थियों के बीच नशामुक्ति का संदेश रखते हुए नशे के दुष्प्रभावों को सरल एवं सहज तरीके से समझाया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूरी, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक विकास जैन ने स्वदेशी, स्थानीय उत्पादों एवं स्थानीय स्तर पर उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन एवं विद्यार्थियों को संकल्प अंकित शुक्ला ने दिलाया। कार्यक्रम सहसंयोजिका नीति वर्मा जी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सीमा दुबे एवं वाइस प्रिंसिपल शबनम अख्तर के प्रति स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

# नशीली नाइट्राजेपाम गोलियां जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

## अवैध नशे के खिलाफ माधवनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में नशे के अवैध कारोबार एवं नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत माधवनगर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 हजार नशीली नाइट्राजेपाम गोलियां जब्त कर एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जप्त की है। माधवनगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान सुरम्य पार्क के आगे अमकुही पहाड़ी इंडस्ट्रियल एरिया रोड पर पल्सर मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति जाते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने वाहन को रोककर मोटरसाइकिल चालक सचिन बर्मन निवासी हिरवारा तथा पीछे बैठे व्यक्ति रितिक केवट निवासी खिरहनी फाटक से पूछताछ की गई। थैले से मिली 3000 नशीली गोलियां बाइक पर रखे थैले से नाइट्राजेपाम 10 लिखे हुए 10 पैकेट मिले। प्रत्येक पैकेट में 6 पत्ते प्रत्येक पत्ते में 05 स्ट्रिप तथा प्रत्येक स्ट्रिप में 10 गोलियां पाई गईं। पूछताछ में आरोपी सचिन बर्मन ने उक्त नशीली गोलियां रोहित रावलानी निवासी बंगला लाइन द्वारा उपलध कराया जाना बताया। पूछताछ एवं मौके पर दस्तावेज मांगने पर आरोपियों द्वारा नशीली दवाओं के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रकरण में रोहित नानकानी को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि रोहित रावलानी निवासी माधवनगर फरार है, जिसकी पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एट एवं धारा 5/13 मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# जिले में अब तक 820 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में 1 जून से 20 सितंबर तक कुल 820 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 1060.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 1424.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 1066.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 761.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# बरगवां की खदान में मिला युवक का शव

## इलाके में फैली सनसनी चार दिन से था लापता

## घरेलू विवाद के बाद घर से निकला था अरुण तिवारी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बरगवां क्षेत्र स्थित एक खदान में सोमवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव करीब तीन से चार दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक की पहचान इंद्रा ज्योति कॉलोनी निवासी अरुण तिवारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अरुण पिछले चार दिनों से लापता था और घरेलू विवाद के बाद घर से निकला था। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर रंगनाथ नगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि बरगवां स्थित खदान में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान अरुण तिवारी के रूप में की है। पुलिस के अनुसार, मृतक के पिछले चार दिनों से लापता होने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि अरुण की मौत किन परिस्थितियों में हुई। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# गणेश चतुर्थी के अवसर पर सनशाइन एकेडमी में गूंजा गणपति बप्पा मोरया

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सनशाइन एकेडमी रायबाड़ा में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान गणेश एवं भगवान कार्तिकेय के बाल स्वरूप पर आधारित एक सुंदर एवं भावपूर्ण स्पेशल असेंबली प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने अभिनय, संवाद एवं भाव-भंगिमाओं के माध्यम से भगवान गणेश और कार्तिकेय के बाल रूप की गाथा के माध्यम से यह संदेश दिया कि जिस तरह भगवान श्री गणेश अपने माता पिता को अपना संसार मानते है उसी तरह हमें भी अपनी माता पिता को अपना संसार तथा उनका सम्मान करना चाहिए।



नन्हे कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से भर उठा। सभी बच्चे भगवान गणेश की स्वरूप को देख कर अत्यंत प्रफुल्लित हुए। भगवान गणेश को ज्ञान, बुद्धि एवं शुभारंभ का प्रतीक माना जाता है। इस असेंबली का उद्देश्य बच्चों में माता पिता के प्रति आदर, प्रेम और सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। विद्यालय की इंचार्ज नाजनीन तौफीक़ एवं उप-प्रधानाचार्या शबनम अख्तर भी उपस्थित रहीं और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को कुछ नया सीखने के अवसर प्रदान करना और उन्हें रचनात्मक एवं उपयोगी गतिविधियों में व्यस्त रखना है।

# रेवती कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

मण्डला(स्वतंत्रमत)। मां रेवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ब्रेन पावर एकेडमी के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें करियर निर्माण के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करना रहा प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साक्षात्कार दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न रोजगार अवसरों को लेकर अपनी योग्यता एवं कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कनिका खरे ने साक्षात्कार में शामिल सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य कामना की उन्होंने कहा कि इस तरह के प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय संचालक डॉ. अभिषेक चौबे के निर्देशन में किया गया प्लेसमेंट ड्राइव की प्रभारी अपूर्वा मिश्रा रहीं जिन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर वन मंडल में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, हरित क्षेत्र का विस्तार करना तथा छात्राओं को प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने नगर वन मंडल परिसर में विभिन्न पौधों का रोपण किया तथा पौधों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित वातावरण तथा वृक्षों के महत्व को समझते हुए



अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान भावनात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण है। माँ हमारे जीवन में प्रेम, ममता और संरक्षण का आधार होती हैं। इसी भावना को प्रकृति से जोड़ते हुए प्रत्येक पौधे को माँ के नाम समर्पित करने का संदेश दिया गया। छात्राओं ने पौधों को अपनी माँ के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी के प्रतीक के रूप में अपनाया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ हमें शुद्ध वायु, छाया, फल, औषधियाँ तथा पर्यावरण का संतुलन प्रदान करते हैं। केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं और अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साह और जिम्मेदारी के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम ने छात्राओं में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को मजबूत किया। एक पेड़ माँ के नाम का यह संदेश पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान की भावना को भी समाज तक पहुँचाने में सार्थक सिद्ध हुआ।




# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 103 रन से हराया

## दूसरे यूथ वनडे में आर्यवीर सहवाग हाफ सेंचुरी से चूके, यशबर्धन का शतक

नई दिल्ली

भारत अंडर-19 टीम ने राजकोट में खेले गए दूसरे यूथ वनडे में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 103 रन से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 341 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 41-1 ओवर में 238 रन पर ऑलआउट हो गई। वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग 47 रन बनाकर रन आउट हुए और अर्धशतक से चूक गए। वहीं यशवर्धन चौहान ने 122 रन की पारी खेली। वीके विनीत ने 87 रन बनाए। यशवर्धन चौहान ने 100 गेंदों पर 15 चौके और 2 छक्कों की मदद से 122 रन की पारी खेली। वीके विनीत ने 92 गेंदों पर 87 रन बनाए, जबकि आर्यवीर सहवाग 48 गेंदों पर 47 रन बनाकर रन आउट हुए। कुशाग्र ओझा ने 20 गेंदों पर 34 रन और कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने 29 गेंदों पर 11 रन बनाए। राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 9 और मनाल चौहान ने 1 रन का योगदान दिया।





यशवीर गौड़ 2 और चिगुरुपति वेंकटा 1 रन बनाकर नाबाद रहे।

### आर्यवीर ने पहले वनडे में 28 रन बनाए थे

भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया अंडर.19 को पहले यूथ वनडे में 7 रन से हराया था। बारिश के कारण मुकाबला 20-20 ओवर का कर दिया गया था। इस मैच में आर्यवीर ने अंडर-19 डेब्यू किया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 28 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच चौके जड़े। राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 18 गेंद में 38 रन की पारी खेली। 342 रन के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। जैक कॉजनेक ने 63 गेंदों पर 81 रन बनाए, जबकि मैथ्यू लॉफ ने 42 रन और ब्लेक कैटल ने 44 रन की पारी खेली। इनके अलावा कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और पूरी टीम 238 रन पर सिमट गई।

### चिगुरुपति ने 3 विकेट झटके

भारत की गेंदबाजी में चिगुरुपति वेंकटा सबसे सफल रहे। उन्होंने 8 ओवर में 64 रन देकर 3 विकेट लिए। यशवीर गौड़ और मनाल चौहान को एक-एक विकेट मिला, जबकि यशवर्धन चौहान और काव्या पटेल ने 2-2 विकेट हासिल किए। मोहम्मद उलवा ने 7 ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया।

## डोपिंग टेस्ट में फेल होने के बाद थाई बैडमिंटन स्टार पिचामोन ओपात्नीपुथ निलंबित

नई दिल्ली। एशियाई खेलों में डोपिंग से जुड़ा एक मामला सामने आया है। थाईलैंड की बैडमिंटन खिलाड़ी पिचामोन ओपात्नीपुथ को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने सोमवार को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। उनके नमूने में फ्यूरोसेमाइड नाम का प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। हालांकि, यह अभी अंतिम फैसला नहीं है और मामले की प्रक्रिया जारी है। थाईलैंड की बैडमिंटन खिलाड़ी पिचामोन ओपात्नीपुथ को 2026 एशियाई खेलों के दौरान अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने सोमवार को बताया कि खिलाड़ी के एक नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ फ्यूरोसेमाइड पाया गया है। यह नमूना प्रतियोगिता से बाहर की जांच के तहत 17 सितंबर को जापान के नागोया में लिया गया था। मौजूद जानकारी के अनुसार नमूने की जांच में फ्यूरोसेमाइड के सबूत मिले है। यह उन पदार्थों में शामिल है जिनका इस्तेमाल खेल प्रतियोगिता के दौरान ही नहीं, बल्कि हर समय बैन है।

# एशियन गेम्स में भारत को अब तक 6 मेडल

## 4 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज, भारत ने पाकिस्तान को टेबल टेनिस में किया क्लीन स्वीप



नई दिल्ली। भारत ने जापान के नगोया में चल रहे एशियन गेम्स के दूसरे दिन 4 मेडल जीते। इनमें से 3 मेडल शूटर्स ने दिलाए। जबकि एक मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में आया। सोमवार को मेंस 10 मीटर राइफल के इंडिविजुअल्स इवेंट में हिमांशु ढिल्लों 252.4 अंक को सिल्वर और रुद्रांश पाटिल 230.9 अंक को ब्रॉन्ज मिला। चीन के शेंग लिहाओ 254.2 अंक ने गोल्ड जीता। टीम इवेंट में भारत ने सिल्वर जीता। पार्थ माने, रुद्रांश पाटिल और हिमांशु ढिल्लों वाली टीम 1890.1 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। चीन 1899.9 अंक पहले और कोरिया 1884.2 अंक तीसरे स्थान पर रहे। इस बीच सुचिका तारियाल ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स के विवादित मुकाबले में ब्रॉन्ज हासिल किया। यह इस खेल में एशियाड का पहला मेडल भी है इंडिया को महिला हॉकी और कबड्डी में भी जीत मिली। लेकिनए टेबल टेनिस में भारत की दोनों टीमों ने पाकिस्तान को हराया। खास बात यह रही कि पाकिस्तानी खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत सके।


### भारत 12वें स्थान पर पहुंचा, चीन नंबर-1

भारत एशियन गेम्स की मेडल टैली में 12वें स्थान पर है। उसके खाते में अब 4 सिल्वर समेत 6 मेडल हैं। चीन 23 गोल्ड समेत 38 मेडल लेकर पहले स्थान पर है। जापान 8 गोल्ड समेत 32 मेडल के साथ दूसरे और साउथ कोरिया 5 गोल्ड समेत 23 मेडल के सहारे तीसरे स्थान पर है।

### महिला कबड्डी में बांग्लादेश को 42.21 से हराया

डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने महिला कबड्डी के ग्रुप-ए मुकाबले में बांग्लादेश को 42-21 से हराकर अभियान शुरू किया। हाफ टाइम तक भारत 21.10 से आगे था। दूसरे हाफमें भी टीम ने बढ़त बनाए रखी और 21 अंकों से मुकाबला जीता। भारत की पुरुष कबड्डी टीम ने ग्रुप-ए में मेजबान जापान को 49.23 से हराया। भारत हाफ टाइम तक 24-6 से आगे था। जापान ने दूसरे हाफ में वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय रेडर्स और डिफेंडर्स ने बढ़त कायम रखी। भारत ने 26 अंकों से मुकाबला अपने नाम किया।

## सीएसके ने आईपीएल 2027 के लिए ज़हीर खान को बनाया हेड कोच



चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ ज़हीर खान को आईपीएल 2027 के लिए अपना हेड कोच घोषित किया है। ज़हीर, स्टीफन फ्लेमिंग की जगह लेंगे। फ्लेमिंग ने इंग्लैंड क्रिकेट के साथ जुड़ने से पहले इस फ्रेंचाइज़ी के साथ अपना 18 साल का सफ़र खत्म किया, जिसमें वे मुख्य रूप से कोचिंग स्टाफ़ के प्रमुख थे। जुलाई में उन्हें इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम का हेड कोच बनाया गया था। 2017 में आईपीएल से रिटायर होने के बाद से ज़हीर ने अलग-अलग भूमिकाओं में काम किया है। तीन टीमों आरसीबी, एमआई और डीसी, के लिए खेलने के बादए उन्हें आईपीएल 2019 से पहले एमआई का डायरेक्टर ऑफ़ क्रिकेट ऑपरेशन्स नियुक्त किया गया था और बाद में वे उनके ग्लोबल डेवलपमेंट के प्रमुख बने। हाल ही में उन्हें आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स का मेंटर बनाया गया था, लेकिन अगले सीज़न से पहले ही वे उस फ्रेंचाइज़ी से अलग हो गए। एक खिलाड़ी के तौर पर ज़हीर ने 100 आईपीएल मैच खेले और 27.27 की औसत से 102 विकेट लिए। यह उनके शानदार भारतीय करियर के अलावा था, जिसमें उन्होंने सभी फॉर्मेट में कुल 610 विकेट लिए थे। अपनी नियुक्ति पर ज़हीर ने सीएसके के हवाले से कहा आईपीएल के इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। एक क्रिकेटर के तौर पर मैंने मैदान पर सीएसके का सामना किया है और उन मुक़ाबलों का भरपूर आनंद लिया है।

# तूफान की वजह से प्रैक्टिस नहीं कर सकी टीम इंडिया

## आज जापान से टी-20 मुकाबला, श्रेयस बोले यहां के लोग मिलनसार

नई दिल्ली

भारत और जापान के रिश्तों के 75 साल पूरे होने के मौके पर आज मंगलवार को जापान के सानो शहर में टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा। मैच से एक दिन पहले बारिश और तूफानी मौसम के कारण भारतीय टीम प्रैक्टिस नहीं कर सकी। इस ऐतिहासिक मुकाबले में टीम इंडिया की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। यह मुकाबला तोचिगी प्रीफेक्चर के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम मैच से पहले जापान पहुंच चुकी है। अय्यर ने कहा कि टीम को जापान की परिस्थितियों और विकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन





वह मुकाबले के लिए तैयार है। बीसीसीआई की ओर से पोस्ट किए गए वीडियो में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अय्यर ने जापान में अब तक के अनुभव को खूबसूरत बताया। अय्यर ने कहा यह खूबसूरत है। जब हम यहां पहुंचे तो लोग बहुत मिलनसारए उदार और मददगार दिखे। यह व्यवहार हमें अपने घर पर भी देखने को मिलता है। उन्होंने कहा यहां का आतिथ्य शानदार है। अभी इस बारे में ज्यादा कहना जल्दबाजी होगीए लेकिन मैंने जापान देश और टोक्यो शहर के बारे में लोगों से बहुत अच्छी बातें सुनी हैं। इसलिए यहां और घूमने का इंतजार है।

### पहली बार जापान से खेलेगा भारत

अय्यर ने कहा कि जापान के खिलाफ खेलना उनके लिए रोमांचक होगा। उन्होंने कहा यह हमारे लिए रोमांचक और उत्साह से भरा मैच होने वाला है। हम पहली बार जापान के खिलाफ खेलेंगे। हमें परिस्थितियों और विकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। फिर भी हम शानदार मैच खेलने का इंतजार कर रहे हैं।






## चेस ओलंपियाडः प्रज्ञानानंद ने अनीश गिरी को हराया

उज्बेकिस्तान। उज्बेकिस्तान के समरकंद में चल रहे 46वें चेस ओलंपियाड के 5वें राउंड में भारतीय मेंस टीम ने नीदरलैंड्स को 3-1 से हरा दिया। आर प्रज्ञानानंद ने नीदरलैंड्स के नंबर-1 खिलाड़ी अनीश गिरी को हराया, जबकि वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने भी जीत दर्ज की। अर्जुन एरिगैसी और निहाल सरीन के मुकाबले ड्रॉ रहे। इस जीत के साथ भारत 10 मैच पॉइंट के साथ उज्बेकिस्तान और जर्मनी के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर है। प्रज्ञानानंद और अनीश गिरी का मुकाबला करीब 5 घंटे चला। गिरी इससे पहले अपने चारों मुकाबले जीत चुके थे। प्रज्ञानानंद को गिरी ने ड्रॉ का ऑफर भी दिया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया और मुकाबला जारी रखा। आखिरकार प्रज्ञानानंद ने जीत दर्ज कर गिरी की विजयी लय रोक दी। बोर्ड-4 पर डी गुकेश ने नीदरलैंड्स के एरविन लामी को हराया। गुकेश की यह टूर्नामेंट में पांच मैचों में चौथी जीत है और उनके 4-5 अंक हो गए हैं। विमेंस में डिफेंडिंग चैंपियन भारत को पोलैंड से 1-5–2.5 से हार मिली।

# कच्चे तेल में नरमी से बढ़त में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई

अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में लिवाली देखी गई और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 564.03 अंक चढ़कर 74,858.99 अंक पर पहुंच गया। बाजार में शुरू से ही तेजी रही। दिन के कारोबार में यह ऊपर 74,987.40 अंक और नीचे 74,454.18 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक सुबह मामूली गिरावट में खुला था, लेकिन कुछ ही देर में हरे निशान में पहुंच गया। कारोबार की समाप्ति पर यह 67.90 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की तेजी में 23,414.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के मुकाबले इसकी तेजी कम रही। अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल आज करीब तीन प्रतिशत टूट गया। यह फिलहाल 101 डॉलर प्रति बैरल से नीचे है। इससे



दुनिया के दूसरे बाजारों के साथ.साथ घरेलू बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजार में ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.02 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.07 प्रतिशत टूट गया। सेक्टर आधारित सूचकांकों में एफएमसीजी, फार्मा, रियल्टी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के शेयरों में लिवाली ज्यादा देखी गई। धातु और आईटी समूहों के सूचकांक फिसल गए। एनएसई में जिन 3,705 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,858 के शेयर लाल निशान में और 1,735 के हरे निशान में रहे। अन्य 112 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर मजबूत बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 4.11 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 3.42 फीसदी, इटरनल में 2.59 फीसदी और टाइटन में 2.49 प्रतिशत की तेजी रही। आईटीसी का शेयर 1.93 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.78, सन फार्मा का 1.77 और एशियन पेंट्स का 1.70 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचडीएफसी बैंक का शेयर 1.49 प्रतिशत, टीसीएस का 1.39, ट्रेंट का 1.33, एलएंडटी का 1.20, बीईएल का 1.19 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.11 प्रतिशत ऊपर रहा। इंडिगो, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। भारती एयरटेल का शेयर 1.93 प्रतिशत लुढ़क गया। पावरग्रिड में 1.15 फीसदी और इंफोसिस में 0.97 फीसदी की गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स और टाटा स्टील में भी नीचे बंद हुए। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 1.38 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 1.18 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.97 फीसदी की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.13 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.96 प्रतिशत ऊपर था।

## चीनी के दामों में नरमी का माहौल, दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नयी दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चीनी का औसत भाव गिर गया। गेहूं में तेजी रही जबकि दालों तथा खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 19 रुपये घटकर 5,324 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गुड़ की कीमत 5,969 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत 13 पैसे घटकर 58.14 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 4,152 रुपये प्रति क्विंटल के गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। गेहूं छह रुपये मजबूत हुआ और 2,883 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत में भी टिकाव देखा गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 53 रुपये और तुअर दाल की 14 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 23 रुपये और मूंग दाल 20 रुपये टूट गई।

# भारत ईयू मुक्त व्यापार समझौते के छह-सात माह में लागू हो जाने की संभावनाः पीयूष गोयल

नयी दिल्ली। भारत को उम्मीद है कि यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को अगले कुछ महीने में यूरोपीय परिषद की मंजूरी मिल जाएगी और यह समझौता छह-सात माह में लागू हो जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा भारत.ईयू एफटीए, छह-सात महीने में लागू हो जाएगा। इसे वहां मंजूरी के लिए ईयू की कौंसिल को भेज दिया गया है। वहां से तीन महीने के अंदर मंजूरी मिल जाने की उम्मीद है। श्री गोयल ने कहा कि वहां से मंजूरी मिलने के बाद पूरी तैयारी के साथ समझौते को 3.4 महीने में लागू किया जा सकता है। लंबी बातचीत के बाद भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के बीच लम्बे समय तक चलीं एफटीए वार्ताएं इसी वर्ष 27 जनवरी सम्पन्न हुई और इसे अब तक के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते की संज्ञा दी गयी है जिसमें



करीब 190 करोड़ की आबादी का मुक्त व्यापार बाजार बनेगा। इसके तहत भाव को दुनिया के एक विशाल बाजार में अपने वस्त्र, चमड़ा और इंजीनियरिंग सामानों को शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा। भारत को यूरोपीय संघ में आयात होने वाली 97 तरह की चीजों पर शून्य या रियायती दर पर माल बेचने की छूट मिलेगी। इसके तहत भारत ने यूरोप में बनी बड़ी और प्रीमियम कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटकर संभावित 30 प्रतिशत के दायरे में लगाएगा। इसमें यूरोपीय संघ से भारत में अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। श्री गोयल ने आज ही भारत.न्यूजीलैंड एफ्टीए के 20 अक्टूबर से लागू करने के निर्णयों की घोषणा की। इस समझौते पर 27 अप्रैल 2026 को हस्ताक्षर किए गए थे और उसे न्यूजीलैंड की संसद ने पिछले सप्ताह भारी बहुमत से अनुमोदित किया। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि कनाडा और चिली के साथ भी व्यापार एवं आर्थिक सहयोग के समझौतों की बातचीत में प्रगति हो रही है। कनाडा के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी की बातचीत में तीव्र प्रगति का संकेत देते हुए श्री गोयल ने कहा कि उन्होंने अभी हाल में कनाडा के वर्तमान अंतराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ चौथे दौर की बात पूरी की और पांचवें दौर की बातचीत अगले महीने के पहले सप्ताह में रखी गयी है।

# अगस्त में सीमेंट और बिजली उत्पादन बढ़ा

नयी दिल्ली



देश के नौ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन सूचकांक में एक साल पहले की तुलना में अगस्त में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें सीमेंट और बिजली समेत चार क्षेत्रों में तेजी रही जबकि उर्वरक और कच्चे तेल में गिरावट रही। यह इस साल मई के बाद नौ प्रमुख उद्योगों का सबसे कमजोर प्रदर्शन है। जुलाई में इसमें सालाना पांच प्रतिशत और जून में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसारए अगस्त में सीमेंट उत्पादन 12.5 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ गया। लौह अयस्क उत्पादन में पांच प्रतिशत, इस्पात में 3.4 प्रतिशत और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। अन्य उद्योगों में इस साल गिरावट रही। उर्वरक उत्पादन एक साल पहले के मुकाबले 12.4 प्रतिशत घट गया। इसमें जुलाई में भी आठ फीसदी की गिरावट रही थी। कच्चे तेल के उत्पादन में 3.6 फीसदी की गिरावट रही। प्राकृतिक गैस का उत्पादन 4.9 प्रतिशत और कोयले का 3.8 प्रतिशत कम रहा। जुलाई में कच्चे तेल का उत्पादन 5.3 प्रतिशत कम रहा था। जुलाई में प्राकृतिक गैस के उत्पादन में तीन फीसदी की गिरावट रही थी जबकि कोयला उत्पादन 7.6 फीसदी अधिक रहा था। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में अप्रैल से अगस्त के दौरान प्रमुख उद्योग क्षेत्रों की वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत दर्ज की गई है। यह पिछले साल इसी तिमाही के 2.4 प्रतिशत से ऊपर है। वहीं उर्वरक में अप्रैल.अगस्त के दौरान 6.7 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस में 4.4 प्रतिशत, कच्चा तेल में 4.1 प्रतिशत, कोयला में 3.2 प्रतिशत और रिफाइनरी उत्पादन में 1.4 प्रतिशत की गिरावट रही।

## प्याज 3 महीने में 82 प्रतिशत महंगी

नई दिल्ली। जून-सितंबर के दौरान देश में प्याज की कीमतें तेजी से उछलीं। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक 1 जून को प्याज का औसत खुदरा भाव 29.50 रुपए प्रति किलो था। 17 सितंबर को यह बढ़कर 53.78 रुपए प्रति किलो हो गया। यानी करीब साढ़े तीन महीने में ही प्याज की कीमतों में 82.3 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज हुई। थोक बाजारों में तेजी और भी ज्यादा रही। 1 जून को थोक बाजार में प्याज का औसत भाव 22.60 रुपए किलो था। 10 सितंबर को यह 46.20 रु हो गया, फिर 17 सितंबर को 45.68 रु दर्ज किया गया। जून के मुकाबले प्याज के थोक भाव करीब दोगुने हो गए हैं।

# माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में अपनी क्लाउड अवसंरचना में एआई-रेडी क्षमताओं का किया विस्तार

नयी दिल्ली। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने सोमवार को घोषणा की कि उसने भारत में अपने डेटा सेंटर को एआई.रेडी क्षमताओं से लैस किया है। माइक्रोसॉफ्ट एआई इंफ्रास्ट्रक्चर समिट में कंपनी ने बताया कि हैदराबाद में उसका नया डेटा सेंटर एशिया और ग्लोबल साउथ के लिए रणनीतिक हब के रूप में चिह्नित किया गया है। यह क्षेत्र में क्षमता विस्तारए सुदृढ़ता और एआई नवाचार के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत और दक्षिण एशिया के लिए माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने सम्मेलन में घोषणा की कि भारत में माइक्रोसॉफ्ट के डेटा सेंटर रीजन अब एआई से लैस हैं। इनमें एआई.सक्षम हार्डवेयर, उच्च दक्षता वाले कूलिंग सिस्टम और उन्नत एआई वर्कलोड को होस्ट और रन करने के लिए आवश्यक प्लेटफॉर्म के आधार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में अब लाइव हो चुके इंडिया साउथ सेंट्रल डेटा सेंटर रीजन में सुदृढ़ तीन जोन वाला आर्किटेक्चर है। इसमें आगे विस्तार की संभावना भी छोड़ी गई है। इस क्षेत्र में





एडिशनल एज्योर और एआई सेवाओं की कंपनी की योजना है। जैसे-जैसे समर्थित सेवाएं उपलब्ध होंगी, संगठन देश में पात्र संवेदनशील वर्कलोड को नियंत्रण के साथ शुरू कर सकेंगे। ये नियंत्रण ऐसे होंगे, जिन्हें उनकी सुरक्षा, कंप्लायंस और सरकारी नियमों का पालन करने के लिए तैयार किया गया है। माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 20.5 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। कंपनी का यह नवीनतम डेटा सेंटर रीजन उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह इन्वेस्टमेंट भारत के क्लाउड और एआई फ्यूचर के लिए ऑपरेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर में बदल रहा है। अडानी समूहए बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और पीबी पे जैसी प्रमुख कंपनियां और अवसंरचना क्षेत्र के कुछ अन्य संगठन इस नये रीजन के लिए पहले ही समझौता कर चुके हैं।

स्वतंत्र मत
जबलपुर



# जन-मन सभागार का निर्माण कार्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले करायें पूर्ण: मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

## भवन विकास निगम की अधीन बनाई जायेगी रेवेन्यू जनरेटिंग बाडी मुख्यमंत्री ने दी सहमति



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम लिमिटेड के संचालक मंडल की पांचवी बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निगम की आय सृजन के लिए रेवेन्यू जनरेटिंग बॉडी बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि काम करने का तुरंत स्कोप और रेवेन्यू मिल सके, इसके लिए नवीन एवं वैकल्पिक राजस्व स्त्रोतों का विकास जरूरी है। इसके लिये निगम ने जल्द से जल्द श्रेवेन्यू जनरेटिंग बॉडी का गठन कर लिया जाए। संचालक मंडल ने इस अहम प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दे दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में जिन बड़े भवन परियोजनाओं का निर्माण कार्य भवन विकास निगम द्वारा कराया जा रहा है, प्रयास करें कि वे तय समय-सीमा से पहले ही पूरी हो जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज से रुबरु संवाद के लिए मुख्यमंत्री निवास में तैयार किये जा रहे जन-मन सभागार का निर्माण कार्य जनवरी 2027 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जितने भी नए मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग एवं अन्य अधोसंरचनाएं भवन विकास निगम द्वारा तैयार किए जाएं, वह केंद्र सरकार के वायबिलिटी गैप फंडिंग के आधार पर ही तैयार किये जाएं।

### दो बड़े प्रस्तावों को मंजूरी

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निगम के दो बड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने निगम को प्राप्त होने वाली 25 करोड़ रुपए तक की प्राक्कलित अनुबंध राशि वाली सभी निविदाओं की स्वीकृति निरस्तीकरण के लिए निगम के प्रबंध संचालक एवं इसी आशय से गठित अधिकार समिति को अधिकृत किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। प्रस्ताव के अनुसार अब प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम इस संबंध में आगामी सभी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत होंगे। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने संचालक मंडल द्वारा निगम की संगठनात्मक संरचना के अंतर्गत महाप्रबंधक संवर्ग में महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक के दो नए पद सृजित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। इसके अनुसार अब प्रबंध संचालकए भवन विकास निगम में इस संबंध में आगामी सभी कार्रवाई के लिए अधिकृत किए गए।

बैठक में निगम के प्रबंध संचालक ने भवन विकास निगम द्वारा पूरी की जा रही भवन परियोजनाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन विकास निगम को कुल 763 परियोजनाएं आवंटित की गई हैं और इन सभी सक्रिय परियोजनाओं की कुल निर्माण लागत राशि 10 हजार 994 करोड़ रुपए है। बताया गया कि निगम द्वारा आईआईएम इंदौर के माध्यम से भर्ती की जा रही है। इसके अलावा मानक निविदा दस्तावेज भी तैयार किया जा रहे हैं। इससे पारदर्शिता एवं मानकीकरण में वृद्धि हुई है। समय सीमा में पूरा करें कार्य

प्रबंध संचालक ने बताया कि निगम में काम करने वाले ठेकेदार को काम पूरा होने के बाद भुगतान की अवधि औसतन 33 दिन से घटाकर 11 दिन कर दी गई है। इससे समय की बचत हो रही है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा प्रदेश में उज्जैन मेडिसिटी, सिंगरौली, मंडला, रीवा एवं बुदनी जिला सीहोर कुल 5 मेडिकल कॉलेजेस और उज्जैन का संयुक्त प्रशासनिक भवन तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह सभी कार्य समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास परिसर में 26.57 करोड़ रुपए लागत से तैयार किया जा रहा जन-मन सभागार आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले पूरा कर लिया जाए। इससे बड़ी सुविधा होगी। प्रबंध संचालक ने बताया कि निगम द्वारा भोपाल में 130 करोड़ रुपए की लागत से 150 कक्षों का नया राज्य अतिथि गृह और जबलपुर में 65 करो? रुपए की लागत से 75 कक्षों वाले सर्किट हाउस का निर्माण भी किया जा रहा है।

## बांधवगढ़ में बढ़ रहा गौर का कुनबा

# कान्हा में वन भैंसा पुनर्स्थापना से मजबूत होगा पारिस्थितिकी तंत्र



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ एवं कान्हा टाइगर रिजर्व में बड़े शाकाहारी वन्यजीवों के संरक्षण और पुनर्स्थापना के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। बांधवगढ़ में गौर की संख्या बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं कान्हा टाइगर रिजर्व में वन भैंसा को पुनः बसाने की प्रक्रिया जारी है। गौर और वन भैंसा देखने में कुछ समान प्रतीत हो सकते हैं, लेकिन दोनों अलग-अलग प्रजातियों से संबंधित हैं और इनके आवास तथा खान-पान में भी अंतर है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार गौर, जिसे भारतीय बायसन भी कहा जाता हैए एशिया का सबसे बड़ा जंगली गौवंश है। बांधवगढ़ में गौर वर्ष 1998 में विलुप्त हो गया था। इसके बाद वर्ष 2011-12 में कान्हा से 50 गौर लाकर बांधवगढ़ में पुनः स्थापित किए गए। इनकी संख्या बढ़कर लगभग 170 तक पहुंची। आनुवंशिक विविधता बनाए रखने के उद्देश्य से सतपुड़ा से भी गौर लाने की योजना बनाई गई। फरवरी 2025 में 23 गौर, जिनमें 18 मादा और 5 नर शामिल थे, बांधवगढ़ लाए गए। इसके बाद जनवरी 2026 में दूसरे चरण में 27 गौर, जिनमें 22 मादा और 5 नर शामिल थे, लाए गए। इस प्रकार 50 नए गौर लाने का लक्ष्य पूरा किया गया। इन वन्यजीवों की निगरानी के लिए वीएचएफ कॉलरए हॉर्न स्लीव और ईयर टैग लगाए गए हैं। वर्तमान में बांधवगढ़ लैंडस्केप में गौर की संख्या लगभग 220 से 240 के बीच बताई गई है।

**कान्हा में वन भैंसा पुनर्स्थापना की दिशा में प्रयास**- कान्हा टाइगर रिजर्व में वन भैंसा यानी वाइल्ड बफेलो को पुनः बसाने का कार्य किया जा रहा है। कान्हा टाइगर रिजर्व के उप संचालक पीके वर्मा के अनुसार तीन वर्ष में 50 वन भैंसे लाने की योजना है। प्रथम चरण में 28 अप्रैल 2026 को वन भैंसों की पहली खेप लाई गई। अब तक दो खेप में चार-चार की संख्या में कुल 8 वन भैंसे कान्हा पहुंच चुके हैं। वन भैंसों को प्रारंभिक अवधि में बाड़े में रखा जाएगा। इनकी संख्या बढ़ने के बाद आवश्यकता के अनुसार धीरे-धीरे इन्हें प्राकृतिक रहवास क्षेत्रों में छोड़ा जाएगा। कुछ वन भैंसों को बाहर और कुछ को निर्धारित क्षेत्र में रखा जाएगाए ताकि इनकी संख्या और आबादी को व्यवस्थित रूप से बढ़ाया जा सके।

**गौर और वन भैंसा में अंतर**- गौर गौवंश से संबंधित है, जबकि वन भैंसा भैंस वंश से संबंधित है। गौर की पहचान उसके विशाल शरीरए कंधे पर उभरे कूबड़, पीले-सफेद निचले पैरों और घुमावदार सींगों से की जा सकती है। वहीं वन भैंसा अपेक्षाकृत छोटा होता है और उसके कंधे पर गौर की तरह स्पष्ट कूबड़ नहीं होता। वन भैंसा सामान्यतः गीले घास के मैदानों, दलदली क्षेत्रों और जल स्त्रोतों के आसपास पाया जाता है।

# चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्षों की अनवरत यात्रा के अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मंडल के सभी विद्यालयों में एक साथ आयोजित समारोह में प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इसी क्रम में जिला कार्यालय सह मंत्री दिलीप चौरसिया, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रामलाल उपाध्याय, मंडल महामंत्री महेंद्र अहिरवार, मंत्री राहुल पाठक, मोनू राजपूत शासकीय शिवाजी माध्यमिक विद्यालय एवं लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, पार्षद मनीष शर्मा, मंडल महामंत्री अरूण सोनी, मंडल मंत्री श्रीमती रेनू रजक शाकाहारी केशवराम पांडेय विद्यालय एवं जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह घोषी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साजिद रिज़्वी, शिक्षाविद् नियाज़ कुरैशी, पार्षद श्रीमती हिमानी पारोचे, सद्दाम खान, उजमा नाज़ शासकीय उर्दू विद्यालय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, विधान पाराशर रामकुमार विद्यालय में अतिथि रूप में सम्मिलित हो प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सेवाए समर्पण और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मंडल के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता भी विभिन्न विद्यालयों में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## सरपंच पति की शिकायत पर केस दर्ज

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा-पटेरा मुख्य मार्ग पर कुआखेड़ा बाजी गांव के पास जाम लगाने के मामले में पुलिस ने सरपंच पति की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। कुआखेड़ाबाजी निवासी तुलसीराम प्रजापति ने थाना हटा में शिकायत देकर सुनील अहिरवार, अचेन्द्र अहिरवार, पुष्पेन्द्र पटेल, महेन्द्र अहिरवार, हर्ष पटेल सहित अन्य लोगों पर बिना अनुमति मुख्य मार्ग को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया था। शिकायत के अनुसार 20 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे तुलसीराम अपने गांव से पटेरा जा रहे थे। बाबूलाल अहिरवार मासाब के घर के सामने उक्त लोगों ने ग्रामीणों को एकत्रित कर हटा-पटेरा मुख्य मार्ग पर बैठा दिया जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और करीब एक घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने वहां से निकलने का प्रयास किया लेकिन रास्ता नहीं खोला गया। इस दौरान जीआरएस पारस गुप्ता, कोटवार मुरारी, संतोष पटेल, नंदराम अहिरवार उपस्थित थे।

# गजानन टेकरी संतोषी माता पहाड़ी पर हुआ पौधारोपण

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिवस



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले भर में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान का शुभारंभ भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा सीनियर सिटीजन डॉ. केदारनाथ शर्मा के मार्गदर्शन में गजानन टेकरी संतोषी माता पहाड़ी पर 76 पौधों का रोपण किया गया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और बेहतर भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष हमें स्वच्छ वायु देने के साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित बृज गर्ग ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि वे सेवा संकल्प अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। भाजपा के पूर्व पार्षद सीनियर सिटीजन डॉ केदारनाथ शर्मा ने कहा है कि पौधारोपण के बाद संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष के रूप में विकसित करना भी हमारा दायित्व है। भाजपा दीनदयाल नगर मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने संबोधित करते हुए कहा है कि सामूहिक प्रयासों एवं जनसहभागिता से दमोह जिले को अधिक हरा-भरा एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में सार्थक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र पटेल ने गजानन टेकरी क्षेत्र का अवलोकन करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सतत गतिविधियां संचालित करने का आव्हान किया है। भाजपा के पूर्व नगर उपाध्यक्ष रीतेश सोनी ने कहा कि पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगाए ताकि अभियान के सकारात्मक एवं दीर्घकालिक परिणाम सुनिश्चित हो सकें। इसी श्रृंखला में वृद्ध निशक्त जन कल्याण परिषद के सचिव डॉक्टर केदार नाथ शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही दमोह में वृद्ध लोगों के लिए वृद्ध जन आयुष अस्पताल का आरंभ किया जाएगा।

संचालन भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रायए पार्षद प्रतिनिधि धीरज घारू एवं आभार भाजपा युवा नेता मोंटी रायकवारए भाजपा जिला सह.कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया के द्वारा व्यक्त किया।

## गणेश पंडालों की साज-सज्जा और अनुशासन का मूल्यांकन करेगा निर्णायक मंडल

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** हिंदू गर्जना मंच एवं गणेश विसर्जन समिति एवं सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा गणेश पंडालों और विसर्जन दलों के सम्मान की 29 वर्ष पुरानी परंपरा इस वर्ष भी जारी रहेगी। सोमवार को निर्णायक मंडल नगर भ्रमण कर गणेश पंडालों का निरीक्षण किया। पंडालों की साज सज्जा, प्रस्तुति, अनुशासनए व्यवस्थाओं और धार्मिक वातावरण के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। समितियों को सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित भी किया जाएगा। निर्णायक मंडल घंटाघर स्थित बूंदाबहू मंदिर से नगर भ्रमण शुरू करेगा। मार्ग इस प्रकार रहेगा। घंटाघर बूंदाबहू मंदिर, उमा मिस्त्री की तलैया, वाल्मीकि समाज, बड़ा पुल, सिटी नल, पुराना थाना, ज्वालामाई चौराहा, संस्कार भवन, महाराष्ट्र मंडल, शिवाजी स्कूल, सराफा संघ, चरयाई, टाउनशिप, अंबेडकर चौक, कोऑपरेटिव बैंक, जिला न्यायालय परिसर, जबलपुर नाका, सिंधी कैंप, डिग्री कॉलेज, सागर नाका, दमोह अस्पताल के पास, नगरपालिका, रेलवे स्टेशन,पंजाब नेशनल बैंक, स्टेशन चौराहा, मोरगंज, बस स्टैंड। इस मार्ग पर स्थित गणेश पंडालों का निरीक्षण और मूल्यांकन किया जाएगा।

# श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया सुगंध दशमी पर्व

**जबेरा (स्वतंत्र मत)।** सोमवार को जैन समाज की महिलाओं द्वारा सुगंध दशमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने उपवास रखा और विधिविधान से भगवान जिनेंद्र का पूजन अर्चन किया। सुगंध दशमी जैन धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है जिसे दसलक्षण महापर्व के अंतर्गत मनाया जाता है। इस दिन आत्मसंयम, आत्मशुद्धि और धार्मिक साधना का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं द्वारा



भगवान जिनेंद्र के समक्ष धूप अर्पित करने की परंपरा निभाई जाती है। महिलाओं द्वारा श्रद्धापूर्वक धूप क्षेपण किया गया। धूप की सुगंध से पूरा मंदिर प्रांगण महक उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार धूप अर्पित करना आत्मशुद्धि तथा कर्मों के क्षय की भावना का प्रतीक माना जाता है।

इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। पर्व के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। महिलाओं ने पूजन अर्चन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की और सुगंध दशमी की धार्मिक परंपराओं का पालन किया।

## चरहाई बाजार में महाआरती, 56 भोग और विशाल भंडारे का आयोजन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।**

चरहाई बाजार गणेश उत्सव समिति द्वारा रविवार को भगवान गणेश के पंडाल में महाआरती, 56 भोग एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष पार्षद विजय जैन ने बताया कि चरहाई बाजार में समिति द्वारा पिछले करीब 20 वर्षों से भगवान श्री गणेश की स्थापना कर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को महाआरती के साथ भगवान गणेश को 56 भोग अर्पित किए गए। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, वार्डवासी एवं आमजन शामिल हुए। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी वार्डवासियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# प्रतिभागियों के भाषण सुनकर दंग रह गए अतिथि

**दमोह (स्वतंत्र मत)।**

शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 19 सितम्बर को चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं को भव्य समारोह में पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, विशिष्ट अतिथि मंडल महामंत्री अरुण सोनी, मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश ठाकुर, साजिद रिजवी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, श्रीमती हिमानी पारोचे पार्षद, शिक्षाविद् नियाज़ कुरैशी, सद्दाम खान



उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संजय सेन ने समस्त अतिथि एवं संस्था स्टाफ के साथ चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने अपने उदबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहित में चलाई गई योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि अखिलेश ठाकुर ने छात्र छात्राओं को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराते हुए अपने विचार व्यक्त किये। पार्षद हिमानी पारोचे ने समस्त प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम में उपस्थित न्याज कुरैशी एवं उज्मा नाज ने भी अपने संबोधन में प्रधानमंत्री जी द्वारा जनहित में चलाई गई योजनाओं की सराहना की। संस्था प्राचार्य डॉण् नाजिर खान ने समस्त अतिथियों को आकर्षक मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं के निर्धारित विषय पर भाषण सुनकर समस्त अतिथि दंग रह गए और खूब सराहना की। संचालन श्रीमती अरुणा तिवारी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिये 23 दस्तावेज निर्धारित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 पूर्वार्द्ध में मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिये 23 दस्तावेज निर्धारित किये गये है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन त्रिपाठी ने बताया निर्धारित दस्तावेजों में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर लिस्ट, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, भारत सरकार द्वारा तैयार फोटोयुक्त आधार कार्ड, भू अधिकार एवं ऋण पुस्तिका, राशन कार्ड सभी सफेद, नीला, पीला एवं गुलाबी, बैक/किसान/डाकघर पासबुक, शस्त्र लाइसेंस, सम्पत्ति दस्तावेज जैसे पट्टा, रजिस्ट्रीकृत विलेख आदि दिव्यांगता प्रमाण पत्र, निराश्रित प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक विधवा/आश्रित प्रमाण पत्र, रेलवे पहचान पत्र, स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र तथा रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जारी फोटोयुक्त जॉबकार्ड शामिल किये गये हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
### लोककर्म विभाग निविदा आमंत्रण सूचना

N.I.T. No/PWD/2026-27/04 E-tendering/PRO/588 — Date 21/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_533108_1 22/09/2026 | संभाग क्रमांक-04 पं. बनारसी दास भानोत वार्ड अंतर्गत द्वारका परिसर के पास ब्रम्हाकुमरी केन्द्र के बाजू वाली गली में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । (पार्षद अनुशंसा) (आठवीं निविदा) | 03 माह<br>रु. 4.21 लाख | रु. 2000/-<br>रु. 4215/- | 06/10/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री संभाग क्रमांक-04
नगर निगम, जबलपुर



**▶▶ सिहोरा क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस**

## लकड़ी निकालते समय युवती को सांप ने डसा, मौत

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा के बिजैया गांव में रविवार दोपहर घर के पीछे रखी लकड़ी निकालते समय सर्पदंश से 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान तुलसा बाई गोंड पति लक्ष्मण गोंड निवासी ग्राम बिजैया के रूप में हुई है। घटना रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार तुलसा बाई घर के पीछे रखी लकड़ी निकाल रही थीं। इसी दौरान लकड़ियों के बीच मौजूद सांप ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। सोमवार को आवश्यक कार्यवाही के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**▶▶ सीसीटीवी में कैद हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस**

## नाले में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** खितौला तिराहे के पास नाले में मिले युवक के शव की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। मृतक की पहचान कमलेश लारिया (30), निवासी बजरंग नगर, करमेता के रूप में हुई है। पुलिस को मृतक की पेट की जेब में कागज मिला था, जिसके आधार पर उसकी पहचान की गई। परिजनों के सिहोरा पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया और शव उन्हें सौंप दिया गया। शव मिलने के बाद सामने आए सीसीटीवी फुटेज में कमलेश नाले के किनारे बनी पट्टी पर बैठने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। इसके बाद वह पट्टी पर लेटने का प्रयास करता है और लेट भी जाता है। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ता है और वह अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरता है।



# ऑडिट में आपत्ति नहीं लगाने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया अधिकारी

### जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने नरसिंहपुर सहकारिता विभाग में की कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने नरसिंहपुर के सहकारिता विभाग में बड़ी कार्यवाही करते हुए ऑडिट ऑफिसर को 8 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ऑडिट ऑफिसर द्वारा समिति प्रबंधक से ऑडिट करने एवं ऑडिट में आपत्ति नहीं लगाने के एवज में 20 हजार रूपयों की रिश्वत की मांग की जा रही थी। जिसके बाद शिकायकर्ता द्वारा लोकायुक्त को इस पूरे मामले से अवगत कराया गया। इस मामले में आवेदक अशोक कुमार पटेल पिता तेजबल सिंह पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम मेघ तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने लोकायुक्त में शिकायत कर बताया कि सेवा सहकारी समिति बरहटा का वर्ष 2025-26 का ऑडिट, ऑडिट ऑफिसर राजेंद्र सिंह



कार्यालय उपआयुक्त सहकारीता जिला नरसिहपुर के द्वारा किया जा रहा है। समिति बरहटा का ऑडिट करने एवं ऑडिट में आपत्ति नहीं लगाने के एवज में ऑडिट ऑफिसर राजेंद्र सिंह द्वारा 20000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी।

### कंप्यूटर ऑपरेटर को भी पकड़ा

शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी ऑडिट ऑफिसर राजेंद्र सिंह 8000 रिश्वत लेने के लिए तैयार हो गए थे। इसी बीच आवेदक इस पूरे मामले से लोकायुक्त को अवगत कराया। जिन्होंने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए जाल बिछाया। सोमवार को जब आरोपी ने आवेदक को रिश्वत की रकम लेने के लिए कार्यालय बुलाया तभी वहां पहले से मौजूद लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर अमित श्रीवास्तव को भी पकड़ा गया है। कार्यवाही के बाद लोकायुक्त टीम अधिकारियों और जरूरी कागजात को सर्किट हाउस ले गई। जहां आरोपियों से पूछताछ की गई। लोकायुक्त ने आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# स्वस्थ्य जीवन शैली, प्रारंभिक लक्षणों से की सकती है कैंसर की रोकथाम

### राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिनसार में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा एनएससीबी स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के सहयोग से राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 21 सितंबर को दोपहर 12 बजे से कक्षा क्रमांक-1 में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बी.एससी. नर्सिंग के विद्यार्थियों को कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान, स्क्रीनिंग, स्वस्थ जीवनशैली, कैंसर देखभाल एवं उचित रेफरल सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी, प्राचार्य प्रभारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. योगेश तिवारी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सर्जरी एवं ऑन्कोलॉजी विभाग उपस्थित रहे।



### स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने किया प्रेरित

कार्यक्रम में विशेषज्ञ टीम के रूप में दीपशिखा खडसे तथा ममता विश्वकर्मा, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कैंसर के जोखिम कारकों एवं बचाव के उपायों की जानकारी देना, नियमित स्क्रीनिंग एवं समय पर जांच के महत्व को समझाना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। मुख्य जागरूकता सत्र में डॉ. योगेश तिवारी ने कैंसर के विभिन्न जोखिम कारकों, रोकथाम के उपायों, प्रारंभिक लक्षणों, शीघ्र पहचान, नियमित स्क्रीनिंग तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञ टीम की दीपशिखा खडसे एवं ममता विश्वकर्मा ने भी अपने व्यावसायिक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को कैंसर रोगियों की देखभाल, नर्सिंग की भूमिका तथा रोगियों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। इस कार्यक्रम से बी.एससी. नर्सिंग के विद्यार्थियों के ज्ञान एवं जागरूकता में वृद्धि हुई तथा उन्होंने कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान, स्क्रीनिंग एवं समग्र कैंसर देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## सेवा दिवस के रूप में मनाया गया सांसद विवेक तंखा का जन्मदिवस



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तंखा का जन्मदिवस कांग्रेस विधि एवं मानव अधिकार विभाग द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं द्वारा शासकीय विक्टोरिया अस्पताल में मरीजों को फल एवं खाद्य सामग्री वितरित की साथ ही मरीजों से उनके इलाज की जानकारी ली तथा अस्पताल प्रशासन से व्यवस्थित इलाज हेतु चर्चा की। इस अवसर पर कांग्रेस विधि विभाग के अधिवक्ता अशोक गुप्ता एवं ब्रजेश दुबे ने कहा कि श्री तंखा हमारे प्रदेश का गौरव है एवं उन्होंने अपना जीवन मानवता की सेवा हेतु समर्पित किया है उनसे सभी को मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है।। इस अवसर पर अधिवक्ता अशोक गुप्ता, ब्रजेश दुबे, प्रशांत मिश्रा, गोविंद अहिरवार, रंजीत सिंह, निज़ामुद्दीन, रॉबिन तिवारी, प्रशांत चौरसिया, शंकर गुप्ता, नीलेश अवस्थी सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# बंद टेलीकॉम फैक्ट्री में सेमीकंडक्टर चिप निर्माण की संभावनाएं तलाशे केंद्र सरकार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

फेडरेशन ऑफ मप्र चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से भेंट की। फेडरेशन अध्यक्ष हिमांशु खरे ने मंत्री को जबलपुर में लंबे समय से बंद पड़ी बीएसएनएल की टेलीकॉम फैक्ट्री की भूमि एवं उपलब्ध औद्योगिक अधोसंरचना का उपयोग करते हुए सेमीकंडक्टर चिप निर्माण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग उद्योग स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर में उपलब्ध दोनों टेलीकॉम फैक्ट्री परिसरों की भूमि एवं अधोसंरचना



का तकनीकी एवं आर्थिक मूल्यांकन कर एक परिसर को सेमीकंडक्टर चिप निर्माण यूनिट तथा दूसरे को एमएसएमई आधारित टेलीकॉम एवं इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग एवं मप्र शासन के समन्वय से परिसरों का संयुक्त निरीक्षण, व्यवहार्यता अध्ययन एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने का आग्रह किया। प्रस्तावित क्लस्टर में टेलीकॉम उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स, शोध एवं अनुसंधान, स्टार्टअप एवं कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी जोड़ा जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष हिमांशु खरे, उपाध्यक्ष जयदेव ताम्रकर एवं सचिव प्रवीण आचार्य सम्मिलित रहे।

## अब रेलवे में गंदगी फैलाने पर दोगुना जुर्माना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेलवे स्टेशनों और रेल परिसरों में गंदगी फैलाने वालों पर अब सख्ती होगी। रेलवे बोर्ड ने सफाई नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर 1000 रुपए तक कर दी है। यदि संबंधित व्यक्ति जुर्माना नहीं भरता है तो उसे कोर्ट में पेश किया जा सकता है, जहां 2000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। रेलवे बोर्ड ने राजपत्र अधिसूचना के बाद नए नियम लागू किए हैं। पहले सफाई नियमों के उल्लंघन पर 500 रुपए तक जुर्माना था, जिसे अब बढ़ाकर 1000 रुपए तक कर दिया गया है। नए नियमों की जानकारी यात्रियों तक पहुंचाने के लिए रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में पोस्टर, नोटिस और उद्घोषणाओं के जरिए प्रचार किया जाएगा। रेलवे समाचार-पत्रों और स्थानीय भाषाओं के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करेगा। इसके अलावा रेडियो और टीवी के जरिए भी नए नियमों की जानकारी दी जाएगी। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को नए नियमों के तहत अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जुर्माने के रूप में वसूली गई राशि का मासिक विवरण रेलवे बोर्ड को भेजना होगा।






# मरीज को मेडिकल कॉलेज ले जा रही एंबुलेंस डिवाइडर से टकराकर पलटी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रविवार देर रात बरेला से मेडिकल कॉलेज जा रही तेज रफ्तार 108 एंबुलेंस कैंट थाना क्षेत्र में डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे के समय एंबुलेंस में चालक के अलावा एक मरीज सवार था। मरीज को धनपुरी में हुए एक्सीडेंट के बाद इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। हादसे में चालक और मरीज घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना रात लगभग 11 से 12 बजे के बीच सीईओ बंगले के पास हुई। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस मरीज को लेकर मेडिकल कॉलेज जा रही थी। इसी दौरान



तेज रफ्तार के कारण चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और एंबुलेंस डिवाइडर से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई।

### पीछे से आ रहे परिजन ने दी पुलिस को सूचना

इधर मरीज के परिजन पीछे से बाइक और कार से आ रहे थे। हादसा होते ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने एंबुलेंस में फंसे चालक और मरीज को बाहर निकालने में मदद की। मरीज के सिर से लगातार खून बह रहा था और वह स्ट्रेचर पर था। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मरीज के पीछे कार से आ रहे संदीप जैन ने बताया कि एंबुलेंस की रफ्तार काफी तेज थी। सीईओ बंगले के पास पहुंचते ही वह डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कैंट थाने के एसआई ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एंबुलेंस को क्रेन की मदद से सड़क किनारे कराया गया। बताया जा रहा है कि मरीज बरेला थाना क्षेत्र के धनपुरी का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस ने एंबुलेंस को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल के बाहर युवक पर चाकू से हमला कर भागे बदमाश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना घमापुर क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। फरियादी अमन प्रजापति उम्र 20 वर्ष निवासी गोपाल होटल घमापुर की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारए फरियादी अमन प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 सितंबर को स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह अपनी गाड़ी लेने के लिए होटल के सामने स्थित पार्किंग में गया था। पार्किंग के पास ऐश्वर्य नाहर और अभिषेक मोटरसाइकिल लेकर खड़े थे। जैसे ही अमन वहां पहुंचा, दोनों ने उसका हाथ पकड़कर जबरन अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाने का प्रयास किया। जब अमन ने उनके साथ बैठने से मना कर दियाए तो ऐश्वर्य नाहर ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में अमन के चेहरे के बाएं गाल और होंठ पर गंभीर चोट आई है। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**